ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 19 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 166 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



बहुत अच्छे अभिनेता व निर्देशक हैं मेरे ...

पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### विष्णु अग्रवाल को ईडी ने 26 जुलाई का समन भेजा

**रांची।** न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल को ईडी ने नए सिरे से समन कर दिया है। मंगलवार की दोपहर ईडी ने अग्रवाल को समन करते हुए 26 जुलाई की सुबह 11 बजे उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले 17 जुलाई को विष्णु अग्रवाल को ईडी के रांची जोनल आफिस में जमीन घोटाले से जुड़े केस में उपस्थित होना था, लेकिन उपस्थिति के ठीक पहले उन्होंने ईडी को पत्र भेजकर बताया था कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। ऐसे में उन्होंने तीन सप्ताह का वक्त ईडी से मांगा था। लेकिन ईडी ने विष्णु अग्रवाल के टाइम पीटिशन को खारिज कर दिया है। विष्णु अग्रवाल से ईडी चेशायर होम रोड में एक एकड़ व पुगडू में 9.30 एकड़ जमीन की डील को लेकर पूछताछ करेगी।

### दस किलो का बूबी ट्रैप आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना अंतर्गत हाथीबुरु के जंगली पहाड़ी इलाके में मंगलवार को पुलिस ने 10 किलो का एक बूबी ट्रैप आईईडी बम को बरामद किया। इसके बाद बम निरोधक दस्ता ने बम को उसी जगह नष्ट कर दिया गया।

### दनुआ घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना, तीन लोगों की मौत

**हजारीबाग।** जिले के चौपारण स्थित दनुआ घाटी में मंगलवार को भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान युगेश प्रताप (45), नरेश सिंह (75) और राजीव कुमार (50) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नीरज, चालक मो. फुरकान, ऋषभ, संतोष शुक्ला और शमानंद पांडेय के नाम शामिल हैं।

### लातेहार में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**लातेहार।** बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत दाढ़ा गांव में प्रेम प्रसंग के मामले में मंगलवार को एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृत युवक की पहचान मनिका थाना क्षेत्र के अलबेलवा गांव निवासी छोटू यादव (20) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि छोटू यादव का प्रेम प्रसंग दाढ़ा गांव निवासी एक युवती से पिछले कई दिनों से चल रहा था। सोमवार को युवती ने फोन कर छोटू यादव को अपने गांव बुलाया। सोमवार की शाम ही छोटू यादव युवती से मिलने के लिए अपने घर से निकला था। इसी बीच मंगलवार को घरवालों को सूचना मिली कि छोटू यादव को दाढ़ा गांव में कुछ लोग पकड़ कर रखे हैं और पंचायत के लिए घरवालों को बुला रहे हैं।

# सुखाड़ से निपटने के लिए सरकार तैयार : कृषि मंत्री

**झारखंड** के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि मानसून के हालात पर सरकार की नजर है, कुछ जिलों में तो बारिश हुई लेकिन कुछ ऐसे भी जिले हैं जहां सुखाड़ की स्थिति है। 15 जुलाई से 15 अगस्त के बारिश की स्थिति को देख कर सरकार किसानों के हित में निर्णय लेगी। **'राष्ट्रीय नवीन मेल' के संवाददाता उदय कुमार चौहान** के साथ विशेष साक्षात्कार में उन्होंने सरकार की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया।



कृषि मंत्री बादल पत्रलेख



### पेश है उनसे बातचीत का खास अंश

**प्रश्न : राज्य में एक बार फिर सुखाड़ की आशंका जतायी जा रही है, सरकार ऐसे हालात से निपटने के लिए क्या रही है ?**

**उत्तर :** हमलोग 15 जुलाई से 15 अगस्त तक यह देखते हैं कि वर्षापात कितना हुआ, धान की रोपनी कितनी हुई, इसके बाद कोई निर्णय लेते हैं लेकिन जिस तरह से मौसम की बेरूखी देखी जा रही है, कुछ जिलों में अधिक वर्षा तो कहीं नाम मात्र की भी बारिश नहीं हुई है, इसका इंपैक्ट तो पड़ेगा, इसको लेकर पिछले साल हमने व्यापक तैयारियां की थी, उसका लाभ हमें इस बार की तैयारी में मिलेगा। अगर सूखा जैसी स्थिति बनती है तब। आज ही विभागीय स्तर पर इसकी समीक्षा की गई है, मेरे निर्देश पर विभागीय सचिव और डायरेक्टर इन सभी हालात पर अच्छी तरह से नजर रखे हुए हैं। इसका विकल्प में कौन से बीज का इस्तेमाल किया जाय, अगर वर्षा लेट आया, फसल जल्दी चाहिए तो वैज्ञानिक तरीके से कौन से बीज का इस्तेमाल करें, जिससे से कम समय में उत्पाद ज्यादा हो, पैदावार ज्यादा हो, इन सब पर भी किसानों को जानकारी लगातार दी जा रही है। किसानों का काउंसलिंग भी किया जा रहा है। मोटे अनाजों (मिलेट) पर भी जोर दिया जा रहा है, इसकी वैकल्पिक व्यवस्था के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। अगर खरीफ का समय चला गया, तो रबि फसल से कैसे मैनेज करें, कम बैक कैसे करें, उसके लिए कितने बीज की आवश्यकता पड़ेगी, कितना अनुदान हमें देना पड़ेगा, कितना सहयोग देने की हमें जरूरत है, इन सब विषयों पर हम हमेशा केंद्र से भी समन्वय बना कर काम कर रहे हैं।

**प्रश्न : सूखे की स्थिति को देखते हुए क्या सरकार ने मोटे अनाज की खेती के कोई योजना है ?**

**उत्तर :** हां, इसका काम कुछ जिलों में चल रहा है हम लोगों ने दुमका में जाकर मोटे अनाज के बीज के पैकेट भी किसानों के बीच बांटी है, लगभग 5000 किसानों को चिन्हित किया गया है, हमारा डिपार्टमेंट ऑफ कोऑपरेटिव जो है साथ सभी डीएसओ इस पर मेहनत कर रहे हैं पैक्स और लैम्पस भी लगे हुए हैं, किसानों की भी रुचि अब देखी जा रही है तो उनको भी हम अनुदानित दर पर मोटे अनाज के बीज प्रोत्साहन के लिए दे रहे हैं। उन्हें बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की भी व्यवस्था की जा रही है। ताकि उन्हें फसल पैदा करने से लेकर उसे कहां बेचना है, इसकी भी व्यवस्था हो, किसानों को मार्केट का भी भरोसा दिलाया जा रहा है, इस पर काम किया जा रहा है।

**प्रश्न : किसानों के आय को बढ़ाने के लिए खेती के साथ ही पशुपालन का भी काफी अहम रोल है इसके लिए सरकार क्या कर रही है ?**

**उत्तर :** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लगभग 300 करोड़ रुपए का लाइव स्टॉक अनुदानित दर पर लोगों को दिया गया है, इसके साथ ही कन्वर्जन से शेड भी दिया जा रहा है, इसमें 75 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक का अनुदान है, दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार अपनी तरफ से 3 रूपये प्रति लीटर ऐसे लोगों को दे रही है जो डेयरी फार्म से जुड़े हुए हैं। कैटल फीड सब्सिडी भी हम देने जा रहे हैं, यह स्कीम पहले नहीं था, इसे दूध उत्पादन में वृद्धि हुई है, यहां भी बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की व्यवस्था की गई है। सरकार गाय देती है और इसके साथ ही ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड की बेटियों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

### सशक्तिकरण में सहायक बन रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

### आठ माह में 7 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को मिला योजना का लाभ

### 405.7 करोड़ से अधिक की राशि हुआ भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर अक्तूबर 2022 में गिरिडीह में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य की बेटियों के लिए शुरू की गई सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है। योजना को लेकर संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 07 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को योजना से आच्छादित करने में सफलता मिली है। इनमें आठवीं से 12वीं तक की 691770 और 18 से 19 वर्ष की 37862 किशोरियां शामिल हैं। किशोरियों को योजना के तहत 405.7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### सबसे अधिक बेटियां गिरिडीह की

योजना से सर्वाधिक गिरिडीह की 59024 किशोरियां जुड़ी हैं। इसके बाद रांची की 50954, पलामू की 50814, बोकारो की 41650, पूर्वी सिंहभूम की 41468, हजारीबाग की 40130 और धनबाद की 36870 किशोरियां योजना का लाभ लेने में आगे रहीं।

# 6 लाख के इनामी नक्सली खुदी मुंडा ने किया सरेंडर




### खुदी मुंडा पर दर्ज हैं 50 मामले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी नक्सली खुदी मुंडा ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में खुदी मुंडा ने विधिवत रूप से रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान गुमला एसपी और सीआरपीएफ के अधिकारी भी उपस्थित थे। भरनो प्रखंड के बटकुरी गांव का रहने वाला खुदी मुंडा भाकपा माओवादी संगठन में सब जोनल कमांडर है। उसके पर झारखंड पुलिस ने पांच लाख और एनआईए ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। खुदी पर गुमला, सिमडेगा, लातेहार जिला के थानों में 50 केस दर्ज हैं। चैनपुर थाना में हमला, चैनपुर ब्लॉक भवन को उड़ाने व चैनपुर पुलिस पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों को मारने की घटना में भी खुदी शामिल रहा है। खुदी मुंडा पिछले दो वर्ष से पालकोट और सिमडेगा के सीमांत में अपनी गतिविधि चलाता था। पिछले माह दो कमांडर राजेश उरांव और लाजिम के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद से ही खुदी ने आत्मसमर्पण कर दिया। संगठन में ऐसे शामिल हुआ खुदी मुंडा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# हाईकोर्ट ने विस में हुई अवैध नियुक्तियों की रिपोर्ट पेश नहीं होने पर जतायी नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य विधानसभा में 150 से अधिक अवैध नियुक्तियों की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट अदालत में पेश न किए जाने पर मंगलवार को गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई तक अगर यह रिपोर्ट पेश नहीं होती है, तो विधानसभा सचिव को खुद अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित होना पड़ेगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। बता दें कि झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्तियों की जांच होने के बाद भी कार्रवाई न होने पर शिव शंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्तियों में भारी गड़बड़ी हुई है। इस मामले की जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन (वन मेंबर कमीशन) बना था। कमीशन ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। लेकिन, अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस कमीशन की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### जेईई/एनईईटी उत्तीर्ण आदिवासी छात्राओं को खेल मंत्री ने किया गया सम्मानित, कहा

# झारखंड में रोजगार सृजन पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में युवाओं में छुपी हुई क्षमता को निखार कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास सरकार कर रही है। राज्य में कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भी सरकार का फोकस है, ये बातें मंगलवार को पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कही। वे ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया और एक्सआईएसएस, द्वारा आयोजित 'इंडियन रूरल कोलोक्वि' के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम एक्सआईएसएस के कैंपस में अंतर्राष्ट्रीय मंडेला दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया। मुख्य अतिथि हफीजुल हसन ने ग्रामीण विकास पर वार्तालाप के दौरान प्रमुख रूप से युवाओं के लिए राज्य में अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्हें रोजगार की तलाश में प्रवास करने की बजाय अपने राज्य में उपलब्ध संभावनाओं को तलाशने का आह्वान किया।

हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। खूंटी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




# 2024 का लोस चुनाव भारत (एनडीए) बनाम इंडिया में होगा

### विपक्षी गठबंधन इंडिया के जवाब में एनडीए की दिल्ली बैठक में विभिन्न राज्यों के 38 दलों के नेताओं ने भाग लिया

**आरएनएम। नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन इंडिया से भी बड़ा गठबंधन दिखाने या बताने के लिए भाजपा ने वर्षों बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की मंगलवार को की दिल्ली बैठक में विभिन्न राज्यों के 38 दलों के नेताओं का जमावड़ा कराया। लेकिन कुछ माह में कुछ राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। कुछ महीनों बाद देश में लोकसभा चुनाव होना है। ऐसे में 38 दलों के गठबंधन से भाजपा को लोकसभा चुनाव और राज्यों की विधानसभा चुनावों के दौरान सीटों का बंटवारा करना आसान नहीं होगा। हर फुटकर दल की मांग पूरा करने के लिए कई तरह के त्याग करने पड़ेंगे। जिस पर आम सहमति बनाना नेतृत्व के लिए बहुत मुश्किल होगा। जिस समय एनडीए का गठन हुआ था, तब सिर्फ 24 दल थे और अब यह बढ़कर 38 हो गये हैं। बीते लोकसभा चुनाव में बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू तो एनडीए के घटक के रूप में चुनाव मैदान में उतरी थी, इस बार वह विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ है। राम विलास पासवान की पार्टी एलजेपी भी एनडीए में है, लेकिन अब वह दो फाड़ हो गई है। चाचा-भतीजे में पट नहीं रही है। रामविलास के पुत्र चिराग पासवान की पार्टी को फिर अब जाकर भाजपा ने एनडीए में लिया है। दूसरे गुट का नेतृत्व राम विलास के भाई पशुपति पारस कर रहे हैं। भाजपा दोनों गुट को साथ रखना चाहती है, लेकिन दोनों गुट एक साथ आने पर सहमत होते नहीं दिख रहे हैं। चिराग पासवान अपने पिता के संसदीय क्षेत्र रहे हाजीपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। जबकि चाचा इसके लिए राजी नहीं हैं।



यही हाल राजग में आये अन्य फुटकर दलों दलों का भी है। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा हैं, तो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और हाल ही में शरद पवार से अलग होकर एनडीए में आई अजित पवार की एनसीपी है। चुनाव के दौरान जब सीटों का बंटवारा होगा, तब सभी दल सम्मानजक संख्या में सीटों की मांग करेंगी। ऐसे में भाजपा को सबको खुश रखना बहुत मुश्किल होगा। जहां तक सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश का सवाल है तो भाजपा को अपने पुराने सहयोगी अपना दल के साथ ही निषाद पार्टी और कुछ ही दिन पहले साथ आई सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को भी संतुष्ट कर पाना कठिन होगा। हालत यह भी है कि इन दलों का जिन क्षेत्र में प्रभाव है, वहां पर भाजपा खुद कुछ कमजोर है। ऐसे में भाजपा उन क्षेत्रों में इनको सीट देगी, लेकिन इनकी मांग लोकसभा के साथ ही राज्य सभा के लिए भी रहती है, विधान सभा में भी ज्यादा सीट की होती है। तमिलनाडु, आसाम, हरियाणा व झारखंड जैसे राज्यों में भी इसी तरह गठबंधन के बीच टकराव की नौबत आ सकती है। विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया भी मोदी सरकार से मुकाबले के लिए कमर कसकर मैदान में आ गई है। वैसे तो विपक्षी दलों के संगठन इंडिया में भी सीटों के बंटवारे को लेकर तमाशा होगा।

भारत बनाम इंडिया के इस मुकाबले में ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो कहना कठिन है परन्तु मुकाबला रोमांचक अवश्य होगा।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत, उग्र हुए लोग



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

हजारीबाग जिले के बरही में एक युवक की मंगलवार को पुलिस हिरासत में मौत के बाद आक्रोश भड़क उठा। युवक को पुलिस ने सोमवार को एक मकान में चोरी के आरोप में हिरासत में लिया था। मंगलवार को उसकी मौत की जानकारी मिलने के बाद लोगों ने युवक के शव के साथ जीटी रोड को लगभग एक घंटे तक जाम कर दिया। लोगों का आरोप है कि युवक की मौत पुलिस हिरासत में पिटाई की वजह से हुई है। बताया गया कि स्थानीय युवक मोहम्मद अशफाक को पुलिस बरही के कृष्णापुरी मोहल्ले में चोरी करने के आरोप में पकड़कर ले गई थी। रात भर वह पुलिस की कस्टडी में रहा। मंगलवार को पुलिस युवक को अस्पताल पहुंचाकर चली गयी। लोगों का आरोप ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### जलमीनार पर करोड़ों खर्च, एनओसी नहीं मिलने से लाभ शून्य

# लोगों को पानी का बेसब्री से है इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इस बार भी भीषण गर्मी के बीच लोग पानी की तलाश में भटकते रहे। ऐसे में रांची नगर निगम का टैंकर सहारा जरूर बना मगर वह भी उम्मीदों से ज्यादा सहायता पहुंचाने में कामयाब नहीं हुआ। ऐसे में अब सवाल यह उठने लगा है कि सरकार ने जिस जलमीनार के निर्माण पर करोड़ों खर्च किए वो चालू क्यों नहीं हुए। यह जलमीनार एक नहीं बल्कि इसकी संख्या आधा दर्जन से अधिक है और कुछ के निर्माण कार्य जारी है। जलापूर्ति योजना के मुताबिक राजधानी के 2 लाख 10 हजार घरों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। जुडको द्वारा पूरे शहर में इसके लिए



13 जगहों पर जलमीनार का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें बकरी बाजार, अमरुद बगान, पुलिस लाइन, सीपेट कैंपस, बनहोरा में 2, आईटीआई बस स्टैंड और पटेल पार्क में जलमीनार का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं पांच ऐसे जलमीनार हैं, जिसके निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। लेकिन विभाग के द्वारा एनओसी नहीं मिलने की वजह से इन जलमीनारों तक पानी पहुंचाना कठिन है। सरकार के द्वारा रांची वाटर सप्लाई स्कीम फेज वन और फेज टू के तहत 1 हजार 100 करोड़ की लागत से पूरे राजधानी क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इस कार्य के लिए जुडको ने तीन कंपनियों को काम दिया है। मगर हालात यह है कि पाइपलाइन बिछाने में हो रही देरी के कारण जलमीनार तैयार होने के बावजूद भी इन क्षेत्रों में पानी का सप्लाई नहीं हो पा रहा है। रांची में सप्लाई वाटर सुचारू नहीं होने पर राजनीति शुरू हो गई है। पूर्व नगर विकास मंत्री और रांची के वर्तमान भाजपा विधायक सीपी सिंह ने इसके लिए वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। विधायक ने कहा कि जलमीनार और पाइपलाइन देखकर लोग अपना प्यास नहीं बुझायेगा उन्हें तो पानी चाहिए। अपनी सरकार पर विपक्ष के द्वारा दोषारोपण किए जाने पर पलटवार करते हुए सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा है कि इसके लिए कौन दोषी है इसे समझना होगा।

### स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने जरूरतमंदों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

**रांची।** सीएसआर पहल के तहत स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने मंगलवार को आदिम जाति सेवा मंडल रांची के जरूरतमंद आदिवासी बच्चों और दिव्यांग बच्चों के लिए खाद्य सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की। महिला क्लब ने खाद्य सामग्री (चावल, दाल, तेल, दाल आदि) वितरित की। इसके अलावा, विशेष अभियान के तहत कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों से एकत्र किए गए कपड़े, मिक्सर ग्राइंडर और सीलिंग फैन अनाथालय गृह को सौंपे गए। क्लब के सदस्यों और कर्मचारियों की उदारता और स्वैच्छिक योगदान ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। सीएसआर कार्यक्रम की अध्यक्ष पद्मा रेड्डी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब के कुशल मार्गदर्शन में संचालित किया गया था।

# चिराग पासवान को एनडीए में शामिल होने पर हुआ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने पार्टी अध्यक्ष और सांसद चिराग पासवान के एनडीए गठबंधन में शामिल होने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि पूरे देश के साथ-साथ बिहार और झारखंड में एनडीए को इससे बड़ी ताकत मिलेगी। श्री प्रधान ने मंगलवार को यहां कहा कि चिराग पासवान शुरू से ही नरेंद्र मोदी मैं आस्था और विश्वास रखते रहे हैं और 14 एवं 19 में उन्हें प्रधानमंत्री बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत की थी। उन्होंने कहा कि शुरू से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष रामविलास पासवान के प्रति विशेष लगाव रहा



और उनके बीमारी के समय भी प्रधानमंत्री लगातार उनका हाल-चाल जानते रहे थे। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान के निधन के बाद प्रधानमंत्री ने उनके दाह संस्कार के लिए जो व्यवस्था कराई और उन्हें जो सम्मान दिया उसे पार्टी सदैव याद रखे रहेगी। श्री प्रधान ने कहा कि आज विपक्षी दलों के लोग कर्नाटका में बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है क्योंकि उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है। पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष रामविलास पासवान और वर्तमान अध्यक्ष चिराग पासवान कि जो सोच रही है कि समाज के अंतिम छोर तक विकास की किरण पहुंचे उस काम को प्रधानमंत्री ने करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में विश्वास रखने वाली और परिवारवाद करने वाली पार्टी आज एकजुट होकर प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रही है लेकिन यह सपना मुंगेरीलाल का हसीन सपना ही साबित होगा।

# गंगा को स्वच्छ रखने के लिए प्रशासन ने शुरू की कवायद

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

नमामि गंगे योजना के तहत गंगा किनारे के 33 गांवों में कचरा उठाव के लिए एक-एक गाड़ी दी जाएगी। इसकी तैयारी जोरशोर से चल रही है। विकास भवन सभागार में मिस्त्री गाड़ियों को तैयार करने में जुटे हैं। नमामि गंगे फंड से इनकी खरीदारी की गई है। एक गाड़ी की कीमत 37 हजार रुपये है। इस तरह से 33 गाड़ी पर 12 लाख 21 हजार रुपये खर्च हुए हैं। नमामि गंगे केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य गंगा नदी को स्वच्छ बनाना है। इस गाड़ी (ठेला) से वैसे कचरे का उठाव होगा जो पुनः उपयोग में आ जाए। गांव की नाली का गंदा पानी, मिट्टी और कचरे का उठाव इस वाहन से नहीं होगा। नाली के कचरे का उठाव मुखिया अपने स्तर से कर सकते हैं।मजदूरों को मिलेगा रोजगारः इस वाहन में चार खाने हैं। अलग अलग प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखना है। घर-घर से



कचरा उठाव करने के बाद वह उसे कंपोस्ट पिट के अलग-अलग खानों में डाल दिया जाएगा। टंकी भर जाने के बाद शहर में कबाड़ी दुकान से संपर्क कर तौल कर बेचने का काम किया जाएगा। बिक्री के बाद जो राशि मिलेगी उससे मजदूर का भुगतान किया जाएगा। शेष बची राशि पंचायत कोष में जमा कर दी जाएगी, उससे पंचायत के विकास का काम होगा। ये हैं कमेटी में शामिलः मंगलवार को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार, डीएफओ मनीष तिवारी और जनप्रतिनिधि मुखिया और जल सहिया को उक्त गाड़ी सौंपेंगे।

### उपायुक्त ने भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर कार्यालय का किया निरीक्षण

# अधिकारी को दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-बी स्थित भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर कार्यालय रांची/विशेष विनियमन पदाधिकारी, राँची (एसएआर) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर, रांची राजीव कुमार सिंह एवं संबंधित सभी अधिकारी/कर्मी मौजूद थे। उपायुक्त ने भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर कार्यालय रांची/ विशेष विनियमन पदाधिकारी, रांची (एसएआर) कार्यालय का निरीक्षण क्रम में सभी संबंधित मामलों में समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उपायुक्त, रांची ने निरीक्षण क्रम में यहां विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए यहां स्थापना एवं कार्यरत्त कार्यबल की जानकारी और उनके द्वारा निष्पादित कार्य के बारें में पूरी विस्तृत जानकारी



लेते हुए, उन्हें तय सीमा पर कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया एवं यहाँ कार्यरत्त कर्मी को समय-समय पर ट्रेनिंग कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। ताकि यह कार्य और भी बेहतर ढंग से पूरा कर पाए, जिससे कार्य की गति बढ़े। संबंधित अधिकारी द्वारा उपायुक्त रांची को कार्यालय में लिपिक की कमी के बारें में जानकारी दी गई। जिसपर उपायुक्त राँची द्वारा कहा गया की कर्मी की कमी को दूर करने की दिशा में कार्य करने का भरोसा दिया। उपायुक्त, रांची ने यहां कार्यरत्त कर्मी के बारें में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए उन्हें ससमय मानदेय/ वेतन/ प्रोन्नति/ एसीपी और सेवा संपुष्टि अन्य लाभ की जानकारी मांगी जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई इन्हें समय से सारा लाभ मिल रहा हैं। जिसपर उपायुक्त रांची ने संतोष जाहिर करते हुए इन्हें सारा लाभ समय पर मिलें यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त, रांची ने भू-हस्तांतरण के मामलों की समीक्षा की गई। जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि इसमें अधिकांशतः मामलें निष्पादित हो चुके हैं, भू-हस्तांतरण से संबंधित 5 मामलें जो वर्तमान में विभिन्न अंचलों द्वारा प्रेषित किये गए उनपर कार्रवाई की जा रही हैं। जिसपर उपायुक्त, रांची द्वारा इसे जल्द से जल्द अनुमंडल पदाधिकारी को प्रेषित करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। उपायुक्त, रांची द्वारा दाखिल खारिज अपीलवाद में ऐसे मामलें जिसमें भू-सुधार उप-समाहर्त्ता के न्यायालय के द्वारा आदेश पारित कर दिया हैं, उनपर संबंधित अंचलों द्वारा कार्रवाई की गई है अथवा नही की गई हैं उसकी समीक्षा करने के लिए भूमि उप-समाहर्त्ता को करने का निर्देश दिया गया।

### नहीं दिखा चांद, मोहर्रम की पहली तारीख गुरूवार को : इमारत शरीया रांची

**रांची।** दारूल कजा इमारत शरीया रांची, के काजी शरीअत मुफती मोहम्मद अनवर कास्मी ने ऐलान किया है कि उन्तीस जिल हिज्जा 1444 व 18 जुलाई 2023 दिन मंगलवार को रांची में मोहर्रम महीने का चांद नजर नहीं आया और झारखंड सहित देश के किसी भी क्षेत्र से चाँद नजर आने की कोई सुचना प्राप्त नही हुई। इसलिए बकरीद महीने को तीस का मानते हुए 20 जुलाई 2023 दिन गुरूवार को मोहर्रम महीने की पहली तारीख है और 29 जुलाई 2023 दिन शनिवार को मोहर्रम की दस तारीख यानी योमे ए आशूरा है। यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शारीया फुलवारी शरीफ पटना का है।

### रित्विक और सचित आजसू से निष्कासित

**रांची।** मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के रित्विक राज एवं सचित रंजन को संगठन के विचारधारा के विपरीत कार्य करने एवं संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त के साथ विश्वविद्यालय में संगठन के नाम पर गलत कार्यों में संलिप्त होने के कारण अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) से 03 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। इन दोनों को निष्कासन से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के संयोजक अभिषेक झा ने कहा कि बीते कई महीनों से रित्विक राज और सचित रंजन के संगठन विरोधी कार्यों में लिप्त रहने को शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इन दोनों के द्वारा निरंतर संगठन को छवि को धूमिल कर रहे थे। इसलिए दोनों को 03 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। अब इन व्यक्तियों का अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है।

### बजाज अलियांज ने पेश की नई सेविंग स्कीम

**रांची।** प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज अनूठा सेविंग प्लान लॉन्च किया। बजाज अलियांज लाइफ एसीई एक नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, अर्ली इनकम लाइफ इंश्योरेंस प्लान है जो ग्राहकों को अपनी जरूरत के हिसाब से वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार नकदी प्रवाह को अनुकूलित करने के लिए बेहतर लचीलापन प्रदान करता है। पार्टिसिपेटिंग या सेविंग लाइफ इंश्योरेंस प्लान ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हैं क्योंकि यह सुरक्षा, नकदी और रिटर्न जैसी विशेषताएं देते हैं। बजाज अलियांज लाइफ की मौजूदा बचत योजनाएं न केवल इन सुविधाओं के साथ आती हैं, बल्कि कंपनी द्वारा नियमित रूप से घोषित उच्च रिटर्न और बोनस भी मिलता है।

### गरीब बच्चों के बीच सामग्री का हुआ वितरण

रांची। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान मे ट्रस्ट के सदस्यों ने गुरूजी सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित स्वर्णिम 51वर्ष वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अधिक मास के प्रथम दिन आज दिनांक 18/07/2023 मंगलवार को इस वर्ष पड रही भीषण गर्मी के कारण हरमु की स्लम बस्ती मे रहने वाले कमजोर वर्ग के स्कुल जाने वाले बच्चों के बीच पठन-पाठन स्कुल बैग,लंच बाक्स, जोमेटरी बाक्स,कापी,पेन्सिल,रबर, कलर पेन्सिल एव अल्पाहार मे क्रीम बन बिस्किट वगैरह का निशुल्क वितरण संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया। विगत 17 जुलाई को सर्व सहमति से यह निर्णय होने के पश्चात की गुरूजी श्री सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित स्वर्णिम 51 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे पुरे वर्ष मार्च 2024 तक संस्था के द्वारा जरूरतमंद एव कमजोर परिवार के सदस्यों के बीच जरूरत के अनुसार सेवा के कार्य किए जायेगे।

# सड़क विकास का द्वार है, दुर्गम क्षेत्रों तक हुआ सड़कों का निर्माण : नीलकंठ

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

ग्रामीण विकास मंत्री और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सड़क विकास का द्वारा होता है, इसी सोच के तहत खूंटी के दुर्गम क्षेत्रों तक पक्की सड़कों का निर्माण किया गया। इससे शहर सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के व्यापार-धंधे में आशातीत वृद्धि हुई है। साथ ही स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को भी आनेजाने में सुविधा हुई है।

विधायक मंगलवार को बनई नदी पुल से छाता, सूटी, जलटंडा पथ के मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास करने के बाद गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में क्षेत्र के गांव में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया था, लेकिन जब से आप लोगों ने मुझे विधायक बनाया, मैंने आप लोगों की



जरूरत के हिसाब से पुल, सड़क सहित अन्य विकास कार्यों को धरातल में उतारने का काम किया। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण विधानसभा अंतर्गत गांवों में जाकर देखा जा सकता है। विधायक के अलावा जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रमुख एलिस ओड़ेया, मुखिया नरगिस तिड़ू, जिप सदस्य माइलीना टोपनो, नीलामी देमता और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने भी ककार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय राम गंझू और धन्यवाद ज्ञापन सुखमोहन नायक ने किया। इससे पूर्व विधायक के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति से उनका स्वागत किया।

# गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर और कटाव से लोगों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

उत्तर भारत में हुए बारिश का असर पर झारखंड में भी गंगा नदी में दिखने लगा है। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही कटाव भी होने लगा है। जिससे यहां के लोगों में दहशत है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए कई लोग तो अपना घर छोड़ दूसरी जगह चले गए हैं। राजमहल अनुमंडल अंतर्गत पूर्वी प्राणपुर पंचायत के शेखु हाजी टोला का मस्जिद गंगा नदी कटाव के जद में आ गया है। इसके पश्चिमी हिस्से का कुछ भाग गंगा नदी में समाहित भी हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस रफ्तार से कटाव हो रहा है ऐसे में आशंका है कि तीन से चार दिनों में मस्जिद जल्द ही गंगा नदी में समाहित हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले आए बाढ़ में जीतनगर, जालिमटोला, जलबालु के स्कूल गंगा नदी में बह चुके हैं। इसके अलावा कई इलाके भी पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में डूब गए जिसमें पूर्वी प्राणपुर पंचायत के खटियाकना, रज्जाक टोला, शेख मोहम्मद टोला, ऐजुल टोला, गणेश टोला, नीतनंदपुर, रज्जाक टोला, शेख मोहम्मद टोला, साधुटोला, जीतनगर, हरेन मंडल टोला शामिल हैं। एक बार फिर गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है इसके साथ ही कटाव भी तेजी से बढ़ रहा है। जिसके कारण लोग दहशत में हैं।जैसे-जैसे गंगा में कटाव बढ़ रहा है इसके किनारे बसें गांव के हजारों लोग सुरक्षित स्थान तलाशने में जुट गए हैं। प्रत्येक वर्ष दियारा क्षेत्रों के लोग गंगा कटाव की दंश झेलते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ जगहों पर कटावरोधी कार्य किया गया है। जहां पर कटाव रोधी कार्य नहीं हुआ है वहां पर गंगा का कटाव हो रहा है। नदी का प्रवाह तेज होने के कारण कटाव भी तेज गति से होने लगा है।

### जल सहियाओं ने किया विधायक आवास का घेराव

**खूंटी।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल खूंटी में कार्यरत जल सहियाओं ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर विधायक आवास का घेराव किया। घेराव करने वाली जल सहियाओं का कहना था कि भाजपा के नेतृत्व वाले रघुवर दास सरकार के दौरान उनकी नियुक्ति कर एक हजार रुपए मानदेय निर्धारित किया गया था, लेकिन राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नई सरकार बनने पर कई महीनों से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान जल साहियाओं को नहीं किया जा रहा है। जल सहियाओं की मांगों में मानदेय प्रत्येक महीने मिले ,मानदेय में बढ़ोतरी की जाए, पीएफ बीमा अनुकंपा दी जाए, चिकित्सा लाभ की गारंटी दी जाए और रिक्त पदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति की जाए।

**बैठक** संयुक्त किसान मोर्चा का राज्य सम्मेलन दो अगस्त को हजारीबाग में

# भाजपा भगाओ, देश बचाओ के नारे हुए बुलंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को एटक कार्यालय रांची के सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा के विस्तारित बैठक अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश महतो, अखिल भारतीय किसान महासभा के पूरण महतो, झारखंड राज्य किसान सभा के प्रफुल्ल लिंडा, किसान संग्राम समिति के शहीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान महासभा के महासचिव पूर्व विधायक राजाराम सिंह पूर्व विधायक राजकुमार यादव ,अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र पाठक ,किसान संग्राम समिति के सचिव राजेंद्र गोप, अखिल भारतीय किसान महासभा के हीरा गोप, बीएन सिंह, झारखंड राज्य किसान सभा के सचिव सुजीत सिन्हा , अध्यक्ष सुफल महतो उपस्थित थे। संयुक्त किसान मोर्चा के केंद्रीय प्रभारी पूर्व




विधायक के राजा राम सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 2024 में होने वाले आम चुनाव में भाजपा भगाओ देश बचाओ कारपोरेट भगाओ खेती बचाओ के तहत संयुक्त किसान मोर्चा ने बड़ी लड़ाई की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी जिलों में कारपोरेट खेती छोड़ो ,भाजपा भगाओ देश बचाओ के नारे के साथ धरना प्रदर्शन जुलूस आमसभा नुक्कड़ सभा पूरे देश में आयोजित की जाएगी। 24 अगस्त को दिल्ली की ताल कोटरा स्टेडियम में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित की गई है। जिसने झारखंड से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने की जिम्मेवारी देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की लूट हो रही है। जल जंगल जमीन को बचाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन एवं सामाजिक संगठनों को एक मंच पर आकर बड़ी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में अदानी जैसे कारपोरेट घराने की कब्जा किसानों की जमीन पर हो रहा है। हजारीबाग से लेकर राज्य की कई कोनों में अदानी अंबानी के द्वारा कौड़ी के भाव में जमीन जबरन लूटी जा रही है। उसे बचाने के लिए संघर्ष को तेज करना होगा । पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा आने वाले दिन लोकसभा चुनाव में भाजपा जैसी भ्रष्ट सरकार देश को संप्रदायिक उन्माद को फैला कर वोट हासिल करना चाहती है उसे सत्ता से बेदखल करने के लिए सभी विपक्षी दलों को एक मंच पर आना चाहिए। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा अवधेश प्रसाद ने देश में कारपोरेट लूट कारपोरेट के इशारे पर चलने वाली सरकार भारतीय जनता पार्टी को 2024 में उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा कि वामपंथियों की अस्मिता की लड़ाई है।

### गंदे पानी को साफ कर सिंचाई में करें उपयोग

**रांची।** मरीजों के इलाज के दौरान अस्पताल में ऑपेरशन थियेटर से लेकर पैथोलॉजिकल लैब, ब्लड बैंक एवं अन्य जगहों पर पानी का काफी मात्रा में इस्तेमाल होता है। इस्तेमाल के बाद यह पानी गंदा हो जाता है। नियम कहता है कि चिकित्सा के दौरान इस्तेमाल किये पानी को सीधे नाले में नहीं गिराया जा सकता बल्कि अस्पताल में पहले उस गंदे पानी की सफाई जरूरी है। इस नियम के बावजूद राजधानी रांची सहित राज्य भर में ज्यादातर छोटे और मझौले किस्म के अस्पताल ऐसे हैं जो अस्पतालों के वार्ड, ऑपेरशन थियटर, पैथोलॉजिकल लैब एवं अन्य जगहों से निकलने वाले गंदा पानी को सीधे नाले में गिरा देते हैं। ये गंदा पानी नाले से नदियों में होते हुए जलाशयों तक पहुंचत कर जल प्रदुषण की समस्या को गंभीर बना रहे हैं बल्कि कई खतरनाक बीमारियों को भी आमंत्रित कर रहे हैं। अस्पताल से निकलने वाले गंदे पानी को साफ कर उसका सदुपयोग करने के लिए कांके प्रखंड के एक अस्पताल ने बेहतरीन और प्रशंसनीय कार्य किया है। अस्पताल से निकलने वाले गंदे पानी को अस्पताल में ही साफ करने की मशीन लगाई है।

**कार्यालय नगरपंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**

(द्वितीय) डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–03/2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत,डोमचाँच के अन्तर्गत एक वर्ष के लिए (दिनांक–अगस्त 2023 से– जुलाई 2023 तक के लिए ) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 04:30 बजे उप विकास आयुक्त, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एंव समय के अनुसार दिनांक–25.07.2023 को उप विकास आयुक्त, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2023–24 लिए | जमानत की राशि 10% | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 300000.00 | 30000.00 | दिनांक–25.07.2023 को 4:30 बजे अपराहृन |

बन्दोबस्ती की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 302616 Urban Development (23-24)_D

**कार्यालय : झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 05/2023-24 (3rd Call) Date – 18-07-2023

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Vendor Market Complex at Pani Tanki Road In Ward No-27 Under Jhumritelaiya Nagar Parishad. | 2459650.00 | 49200.00 | 5000.00 | 150 दिन |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.07.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 01.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान :02.08.2023 अपराहन 4.00 बजे। तिलैया थाना परिसर, झुमरीतिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 03.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 302632 Urban Development (23-24)_D

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 से

# भाजपा ने कम कार्य दिवस होने पर उठाए सवाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है। मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाए गए कुछ विधेयक भी शामिल हैं। 28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगा। चार जुलाई तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में प्रश्नकाल से लेकर सरकार द्वारा अनुपूरक बजट, विनियोग विधेयक लाया जाएगा। दोनों ओर से बहस के बाद इसे सदन से पास कराने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाएगा। पंचम विधानसभा का कार्यकाल समापन की ओर बढ़ चला है, इसलिए इस बार के मानसून सत्र को अहम माना जा रहा है। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से संचालित करने की तैयारी में जुटे स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो इस सत्र को ऐतिहासिक बता रहे हैं। उनका मानना है कि पंचम विधानसभा का यह कार्यकाल चूंकि अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चला है, इसलिए सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रखकर सदन के एक-एक पल का सदुपयोग करेंगे। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक छह महीने के अंदर सदन को आहूत करना आवश्यक है। इस वजह से सामान्य तौर पर विधानसभा का सत्र बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के रूप में बुलाया जाता है। आम तौर पर बजट सत्र को छोड़कर मानसून और शीतकालीन सत्र कम दिनों का बुलाया जाता है। इसके कारण सदन में सभी विधायक अपने सवाल नहीं रख पाते हैं। इस बार भी सदन की कार्यवाही महज पांच कार्यदिवस का होगा, जिसमें सभी विधायक के द्वारा प्रश्न रखना मुश्किल है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि सदन में विधायक सवाल रखें। इतने कम दिनों के इस मानसून सत्र में 82 विधायक कैसे सवाल रख पाएंगे। पंचम विधानसभा में अब तक बगैर नेता प्रतिपक्ष के सदन चलता रहा है। ऐसे में हर बार सदन शुरू होने से पहले यह चर्चा होने लगती है कि झारखंड विधानसभा का यह कार्यकाल क्या बगैर नेता प्रतिपक्ष का ही समाप्त हो जाएगा।

## अपनी मांगों को लेकर चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने की कृषि मंत्री से मुलाकात

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के साथ हुई। इसमें प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को बढ़ावा देने के मुद्दे पर चर्चा हुई। मिल संचालकों की ओर से बताई गई कठिनाईयों से अवगत कराते हुए कहा गया कि प्रत्येक वर्ष धान के समर्थन मूल्य में कुछ न कुछ बढोत्तरी होती है, जबकि झारखंड में वर्ष 2011 में राइस मिलों के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल मिलिंग दर था, आज भी मिलिंग दर 20 रुपये प्रति क्विंटल ही है। जबकि पडोसी राज्यों में इसकी दर में बढोत्तरी हुई है। यह भी कहा गया कि प्रोत्साहन राशि हेतु इंसेटिव सुपुर्दगी की समय सीमा जो प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई तक निर्धारित है, की अवधि बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक करने का भी आग्रह किया गया। यह कहा गया कि इंसेटिव प्रदान करने की समय सीमा में विस्तार से राइस मिलर्स प्रोत्साहित होंगे।

## विपक्षी दलों की बैठक पर बाबूलाल मरांडी का कटाक्ष, कहा-

# विपक्षी दलों के बीच ही आपसी संघर्ष है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को बेंगलुरु में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर कटाक्ष किया। उन्होंने विपक्षी बैठक को परिवार बचाओ मोर्चा की बैठक बताया। साथ ही कहा कि विपक्षी दलों के बीच ही आपसी संघर्ष है। इसके बाद भी सब जहर का घूंट पीकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए गोलबंद होने का प्रयास कर रहे हैं। बाबूलाल ने कहा कि यूपी में अखिलेश यादव कांग्रेस से लड़ रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस से लड़ रहे हैं। बिहार में कांग्रेस को खत्म करने की कोशिश में नीतीश-लालू लगे हैं। झारखंड में कांग्रेस पिछलग्गू बनकर रह गई। कांग्रेस के मंत्री कहते हैं कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं। बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस को कोस रही हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपने-अपने परिवार की सल्तनत बचाने के लिए बड़े घरानों की बेटे-बेटियां बेंगलुरु में शिरकत कर रहे। ये सारे के सारे खानदानी जनता द्वारा नकारे जा चुके हैं। राजनीति में दो निगेटिव मिलकर कभी पॉजिटिव नहीं बन सकते। उन्होंने उदाहरण दिया कि गांधी परिवार में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसे परिवारवादी लोग हैं। इसी तरह मुलायम परिवार में अखिलेश यादव, लालू परिवार में तेजस्वी यादव, करुणानिधि परिवार में एमके स्टालिन, अजीत सिंह परिवार में जयंत चौधरी, सोरेन परिवार में हेमंत सोरेन, ठाकरे परिवार में उद्धव और आदित्य ठाकरे, पवार खानदान में शरद पवार, सुप्रिया सुले, अब्दुल्ला खानदान में फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार में महबूबा मुफ्ती जैसे परिवारवादी हैं।

## मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने बेंगलुरु गए हैं सीएम : संजय सेठ

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा है कि झारखंड की हेमंत सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। राज्य में केंद्रीय योजनाओं को लटका दिया गया है और उसका इल्जाम मोदी सरकार पर डाला जा रहा है। अपने दायित्वों का निर्वहन करने और जनता की समस्याओं को दूर करने के बजाए मुख्यमंत्री मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने बेंगलुरु गए हैं। सांसद ने कहा कि राज्य के पीडीएस डीलरों को 18 महीने से कमीशन नहीं मिला है। वित्त विभाग की ओर से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं भेजे जाने के कारण केंद्र से मिलने वाले 200 करोड़ रुपये फंस गये हैं। राज्य सरकार अपना काम करने में फेल है और इल्जाम केंद्र सरकार पर थोप रही है। यही हालत दूसरे विभागों की भी है। संजय सेठ अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की वजह से यहां जल जीवन मिशन फेल हो गया है।

## सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रधान कार्यालय में बैठक संपन्न

# मोहर्रम आपसी भाईचारा त्योहार : सईद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इमामबख्श अखाड़ा के तत्वावधान में सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रधान कार्यालय मेन रोड रांची स्थित मधुबन मार्केट में इमामबख्श अखाड़ा के सरपरस्त व इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफामो. सईद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई जिसमें इमामबख्श अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले तमाम खलीफा एवं अखाड़े के प्रमुख पदाधिकारीगण के साथ- साथ सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रमुख पदाधिकारी उक्त बैठक में विशेष रूप से भाग लिए। बैठक में इमामबख्श अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले मुहर्रम के जुलूस पर विभिन्न क्षेत्रों से आए खलीफाओं एवं पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष 2023 के मुहर्रम का जुलूस आपसी भाईचारे एवं पूरे पारम्परिक रीति रिवाज के साथ निकाला जाएगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि तीनों प्रमुख खलीफाओं के संयुक्त तत्वाधान में मुहर्रम से सम्बन्धित लिए गए फैसले का सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के द्वारा जारी किए जाने वाले दिशा- निर्देश ( गाईड लाईन) का इमामबख्श अखाड़ा के तमाम खलीफा विधिवत रूप से पालन करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए इमामबख्श अखाड़ा के सरपरस्त मो. सईद ने आपसी भाईचारा ,सदभावना एवं अनुशासन पर बल देते हुए इस वर्ष मुहर्रम वर्ष 2023 के जुलूस को एतिहासिक तौर पर निकाले जाने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष मुहर्रम के जुलूस में समय की पाबंदी अति आवश्यक होगी साथ ही साथ प्रत्येक अखाड़ाधारी अपने - अपने अखाड़े में नशेड़ियों को हर हाल में शामिल नहीं होने देंगे एवं आपसी सौहार्द का विशेष रूप से खयाल रखेंगे।जुलूस का सही ढंग से संचालन एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु प्रत्येक अखाड़ा धारी अपने- अपने अखाड़ा के 10 सदस्यों का नाम मोबाइल नम्बर के साथ इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा को दे देंगे एवं उनकी ही निगरानी में जुलूस सबंधित उनके जुलूस की निगरानी किया जा सके। इमामबख्श अखाड़ा के खलीफा मो. महजूद ने भी आपसी सौहार्द के साथ मिलकर मुहर्रम का जुलूस निकाले जाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के उपाध्यक्ष आफताब आलम, प्रवक्ता मो. इसलाम, सचिव मो. तौहीद, शम्स नौजवान कमिटी के सरपरस्त गुलाम कादिर रब्बानी,मो. एकराम पप्पू, हबीबिया लकड़ी फंड के मो. फहीम, इसलाहुल अखाड़ा के मो. शफीक खलीफा, मो. सन्नू खलीफा, हस्मत अखाड़ा के आब्दुल बारीक, पीर मो. अखाड़ा के अय्यूब खलीफा, खालिद उमर सहित अनेक गणमान्य खलीफा एवं पदाधिकारीगण बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी आज करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह कल यानी बुधवार को समीक्षा बैठक करेंगे। डीजीपी सभी जिलों के एसपी और रेंज के डीआइजी के साथ पुलिस मुख्यालय में बैठक होगी। इस दौरान वह इस बात की भी समीक्षा करेंगे कि पूर्व में उन्होंने क्राइम कंट्रोल को लेकर जिन बिंदुओं पर पुलिस अधिकारियों को टास्क दिया था। उसका अनुपालन किया जा रहा है या नहीं। समीक्षा के दौरान भविष्य के लिए अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की योजना तैयार की जायेगी।डीजीपी की ओर से बैठक के लिए सभी जिलों के एसपी को एजेंडा तैयार कर उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि वे तैयारी के साथ बैठक में शामिल हो सकें। बैठक का पहला एजेंडा है 2020 से लेकर 30 जून 2023 तक रंगदारी के लिए हत्या, डकैती, लूट, छिनतई, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण और संगठित गिरोह के द्वारा रंगदारी मांगने से संबंधित कितने मामले दर्ज किये गये।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने जॉयफुल मैथमेटिक्स विषय पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम की मेजबानी की। श्रीमती अनिंदिता रॉय और प्रभा निधि कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन थीं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या परमजीत कौर ने दोनों रिसोर्स पर्सन के साथ किया। झारखंड के विभिन्न स्कूलों से 77 शिक्षकों ने गणित पढ़ाने के आनंददायक तरीकों का पता लगाने के लिए बड़े उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने शिक्षकों के कौशल को बढ़ाने के लिए स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि गणित की कक्षाओं को आनंदमय बनाना आवश्यक है और इसमें कला को एकीकृत करने से कक्षा अधिक जीवंत और आनंदमय हो जाएगी।

## श्रीश्याम मंदिर में श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का आयोजन



**रांची।** भजनों की सुर ताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर व हरमू रोड गूंज रहा था। अवसर था श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 59 वें श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ के आयोजन का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी महाराज का रजनीगंधा सूर्यमुखी तुलसीदल लाल गेंदा पीला गेंदा फूल से विशेष श्रृंगार किया गया। कृतिका गुप्ता व सिद्धि गुप्ता ने परिजनों के साथ बजरंगबली की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा केला फल का प्रसाद अर्पित कर खुशहाली की प्रार्थना की। गुप्ता परिवार ने श्री रामचरितमानस का पाठ वाचको का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने यजमान परिवार से शिव पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। श्री श्रवण ढानढनिया चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा व अन्य ने साज बाज के साथ श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ फिर श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ सुरताल से प्रारंभ किया । उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भी सामूहिक रूप से पाठ किया । पाठ के बीच-बीच में भजनों का गायन भी किया गया। पाठ समापन के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सभी भक्तगण हनुमान जी की आराधना में लीन थे। बजरंग बली की जय जयकारों के बीच आरती करके प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा पवन केडिया श्याम सुंदर जोशी उपस्थित थे।

# नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण में सीबीआई की ओर से बहस जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित नौ साल पुराने मामले में सीबीआई की ओर से बहस जारी है। मंगलवार को सीबीआई के वरीय लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने बहस के दौरान कहा कि तारा शाहदेव को अंधेरे में रखकर शादी की गई। शादी के बाद जबरदस्ती निकाह पढ़ाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। उसको प्रतिबंधित मांस भी खिलाया गया था। इतना ही नहीं मामले के सह-आरोपी हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार(विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद ने तारा शाहदेव से जबरदस्ती करने की कोशिश की थी। उसके निजी पार्ट को छुआ। उसे प्रताड़ित किया गया। बहस पूरी नहीं हो सकी। सीबीआई मामले में जल्द से जल्द बहस पूरी करनी चाह रही है। बचाव पक्ष के आग्रह पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने सुनवाई की अगली तारीख 20 जुलाई निर्धारित की है। मामले में दोनों पक्षों की गवाही बंद होने के बाद बहस जारी है। मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन, मुश्ताक अहमद एवं कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

## शताक्षी महिला मंडल ने 11 दिव्यांगों को दिए ट्राई साइकिल

**रांची।** ईसीएल की कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन से संचालित शताक्षी महिला मंडल ने राजमहल परियोजना के राजमहल हाउस में 11 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित किए। साथ ही एक असहाय लड़की की शादी के लिए सभी जरूरत के सामानों की जिम्मेवारी ली। महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पिता पंडा ने परियोजना प्रभावित क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पंडा ने कहा कि महिला मंडल के द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र के गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिए कई कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देते हुए कहा कि इन सभी को मदद करने में अत्यधिक खुशी मिलती है।

## रांची रेलवे स्टेशन पर ठग गिरोह सक्रिय

# पलक झपकते मोबाइल और पैसा कर देते हैं गायब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक युवक ने टिकट कटवाने के नाम पर यात्री से हजारों रुपए की ठगी कर ली। वहीं कुछ लोगों ने मोबाइल चोरी होने की भी शिकायत की। जिसके बाद रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले में दो लोगों को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची रेलवे स्टेशन पर ठगों का गिरोह सक्रिय है। मंगलवार को एक व्यक्ति ने यात्री से एक टिकट कटाने के नाम पर 4500 रुपए लिए और फरार हो गया। घंटों तक इंतजार करने के बाद जब वह व्यक्ति यात्री के पास नहीं लौटा तो उसने जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। एफआईआर दर्ज करवाने के बाद जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिसमें दो युवक को यात्रियों के मोबाइल चोरी करते हुए देखा।सीसीटीवी फुटेज में युवक को चिन्हित करने के बाद उनकी तलाश की गई। घंटों तक तलाश के बाद वे टिकट काउंटर के पास नजर आए, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरे मामले पर आरपीएफ की तरफ से बताया गया कि पकड़े गए युवकों के पास से 25 से 30 मोबाइल जब्त किए गए हैं। इसके अलावा कुछ कैश भी बरामद किया गया है।आरपीएफ ने बताया कि यह गिरोह पहले पटना में सक्रिय था। पटना में लोगों को ठगने के बाद अब इन्होंने रांची स्टेशन को अपना ठिकाना बनाने की कोशिश की है।

## लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द




**रांची।** रांची नगर निगम ने मंगलवार को लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द कर दिया है। नगर निगम का कहना है कि इन लाभुकों ने पहली किश्त के बाद कोई राशि जमा नहीं की है। आवंटन रद्द करने की सूचना नगर निगम के सहायक प्रशासक की ओर से जारी की गयी है। जिन लोगों का आवंटन रद्द हुआ है, उनमें रेणु देवी सिंघानिया, जीतेंद्र कुमार, सचिव कुमार, सोनी कुमारी, मुन्ना महली, रूबी देवी, सुप्रिया देवी, जशो देवी, राम बरन सिंह, दीपक तिवारी, बीना देवी, शशिकांत दास, संतोष दीक्षित और अमरेश कुमार झा के नाम हैं। निगम ने इन आवंटियों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए 22 जुलाई तक का समय दिया है।

## रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का टाइम टेबल जारी

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत कुछ दिन पहले की गई है। अब लोगों के लिए इस ट्रेन को लेकर एक और बड़ी खुशखबरी है। अब रांची से हावड़ा के लिए वंदे भारत ट्रेन बहुत जल्द चलने वाली है। इसकी समय सारणी और रूट भी तय हो चुका है। वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद और आसनसोल होते हुए हावड़ा जाएगी। पूर्व में रेलवे ने वंदे भारत के लिए जो समय तय किया था उसके मुताबिक, हावड़ा से ट्रेन सुबह आठ बजे रवाना होने वाली थी और धनबाद होते हुए ट्रेन के दोपहर 12.55 बजे रांची पहुंचने का समय निर्धारित था। वापसी में ट्रेन के दोपहर 3.20 बजे रांची से खुल कर रात 8.10 बजे हावड़ा पहुंचने का समय तय हुआ था। रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंच जाएंगी। वहीं, हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट में खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंच जाएगी। यह ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच 6 घंटे 35 मिनट में सफर पूरा करेगी। रांची से हावड़ा पहुंचने के बाद करीब साढ़े तीन घंटा के अंतराल पर इसी ट्रेन से वापसी होगी। रेलवे अधिकारी का कहना है कि वंदे भारत ट्रेन खासकर व्यापारियों के लिए लाभदायक होगी, जो कोलकाता व्यवसाय के लिए जाते हैं। इमरजेंसी का काम कर उसी दिन हावड़ा से लौटा भी जा सकता है।

## उत्पादन
## मसाला की खेती पर प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

# भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिले के कांके प्रखंड स्थित दुबलिया ग्राम में कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर मसाला फसलों की उन्नत खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-हल्दी बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने कहा कि मसालों के औषधीय गुण देखकर इनका उपभोग लगातार बढ़ रहा है। मसाला फसलों की खेती में फायदे को देखकर काफी किसान मसाला की खेती ज्यादा करने लगे हैं। इस क्षेत्र के किसान बाग-बगीचे के छायादार स्थान की परती पड़ी भूमि में उन्नत तकनीक से मसाला फसलों की खेती से बढ़िया लाभ ले सकते है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है। हल्दी का धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त मसाला, रंग सामग्री, औषधि तथा उबटन के रूप में उपयोग किया जाता है। इसके आर्थिक महत्त्व एवं बहुउपयोगी गुणों को देखते हुए छायादार जगह में हल्दी एवं अदरख की जैविक खेती से किसान अधिकाधिक लाभ कमायें। उद्यान परामर्शी डॉ. केके झा ने किसानों को छायादार स्थान में हल्दी एवं अदरख की जैविक खेती तकनीक के बारे में विस्तार से बताया और मसाला फसलों के मूल्य संवर्धन की जानकारी दी। मौके पर दुबलिया के मुखिया संदीप उरांव, फार्मर्स प्रोडूसर आगेनाईजेशन (एफपीओ), पीएनबी के पूर्व प्रबंधक मधुप श्रीवास्तव, बीपीडी प्रबंधक एस जायसवाल एवं दुबलिया के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी ने भी मसाला फसलों की खेती पर अपने विचारों को रखा। स्वागत भाषण में परियोजना अन्वेषक (मसाला) डॉ. अरुण तिवारी ने मसाला परियोजना के उद्देश्य की जानकारी दी। बतलाया कि मसाला फसल को जानवर भी नहीं चरते और कंद फसल होने से नुकसान कम और अधिक लाभ मिलता है। कार्यक्रम में दुबलिया ग्राम के कुल 9 किसानों को एक हेक्टेयर भूमि में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के लिए हल्दी बीज का वितरण किया गया। मौके पर उद्यान विशेषज्ञों ने किसानों के खेत में हल्दी बीज की बोवाई तकनीक की प्रत्यक्ष जानकारी दी। कार्यक्रम में दुबलिया ग्राम के करीब 40 किसानों ने भाग लिया।

# एनडीए की बैठक में शामिल होने के लिए सुदेश दिल्ली रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एनडीए की बैठक शामिल होने के लिए झारखंड में भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के प्रमुख सुदेश महतो मंगलवार को दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली जाने से पूर्व उन्होंने कहा कि इस बैठक में पूरे देश के साथ झारखंड के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी। रांची एयरपोर्ट पर सुदेश महतो ने पत्रकारों से कहा कि इस बैठक में राष्ट्रीय मुद्दों के साथ झारखंड के मुद्दे पर भी बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए पहले से ही स्थापित संगठन है और इन्हें जीत हासिल करने में लोगों के बीच समस्या नहीं होगी। सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए गठबंधन के बारे में देश की जनता को पता है। सच्चाई के रास्ते पर चलकर जनता की भलाई करने का उद्देश्य एनडीए में ही है। गरीबों की सेवा के लिए भाजपा में जो भी पार्टियों सहयोगी हैं वह सभी राज्य के विकास के लिए हर कदम कोशिश कर रही है।
उन्होंने कहा कि सत्ता पाने के लोभ में विपक्ष के नेता राजनीति करते हैं लेकिन एनडीए के नेता जनता की भलाई के लिए राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में चर्चा का मुख्य विषय ये रहेगा कि किस प्रकार से आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए बड़ी जीत की ओर बढ़े। झारखंड में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर सुदेश महतो ने कहा कि समय आने पर सीट को लेकर भी निर्णय ले लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में होने वाले एनडीए की बैठक में लगभग 38 राजनीतिक दल शामिल होंगे, जिसमें झारखंड में भाजपा के प्रमुख सहयोगी आजसू आमंत्रित है।

### रेलवे पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्य बोकारो से गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटानगर आरपीएफ ने ट्रेनों में चोरी करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बोकारो निवासी नूर मोहम्मद अंसारी, इरफान अंसारी और अश्विनी दास शामिल है. आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी किए गए दो लैपटॉप, दो कंगन, तीन मोबाइल और 1400 रुपये नगद बरामद किया है. जानकारी देते हुए टाटानगर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी ने बताया कि10 जुलाई को हावड़ा रांची हटिया ट्रेन में सफर कर रहे नीतीश कुमार के बैग की चोरी हुई थी, रांची जीआरपी में नीतीश कुमार ने अज्ञात द्वारा 2 लाख 25 हजार मूल्य के सामान की चोरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. मामला टाटानगर रेलवे स्टेशन के होने की वजह से इस मामले को 16 जुलाई को टाटानगर जीआरपी में रेफर कर दिया गया. उसी दिन 16 जुलाई को टाटानगर रेलवे स्टेशन से पुनः एक मोबाइल चोरी की घटना घटी जहां अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि एक ही शख्स द्वारा इस दोनों घटना को अंजाम दिया गया है. आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से सीसीटीवी टेक सेल की मदद से उस शख्स की पहचान नीतीश कुमार के साथ एसी कोच में सफर कर रहे बोकारो निवासी नूर मोहम्मद अंसारी के रूप में की जहां उसके लोकेशन के आधार पर संयुक्त रूप से आरपीएफ और जीआरपी ने उसे बोकारो से धर दबोचा. उसके पास से 16 जुलाई को चोरी की गई मोबाइल बरामद ली गई साथ ही 10 तारीख को हुए चोरी वाला बैग भी उसके पास से बरामद हुआ. कड़ी पूछताछ में नूर मोहम्मद अंसारी ने चोरी की बात स्वीकारी और उसकी निशानदेही पर दुकानदार अश्वनी दास और नूर मोहम्मद अंसारी के रिश्तेदार इरफान अंसारी को धर दबोचा गया. जिसके पास से 10 जुलाई को हुए चोरी के 2 लैपटॉप और तीन अन्य चोरी का मोबाइल साथ ही 1400 नगद बरामद किया गया है. आरपीएफ ओसी संजय तिवारी ने बताया कि नूर मोहम्मद अंसारी ट्रेन में सफर करने के दौरान चकमा देकर यात्रियों के साथ किस तरह की घटना को अंजाम देता है. यह पूर्व में भी कई मामलों में जेल जा चुका है.

### गैंगरेप पीड़िता मामले में बयान दर्ज, आरोपियों को भेजा जेल

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह मैदान में नाबालिग लड़की से गैंगरेप के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपियों में मनीष तिग्गा, अशोक उरांव और अभिषेक केरकेट्टा शामिल है। जेल भेजने से पहले हुई पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि शराब के नशे में उनसे गलती हुई है। वहीं पुलिस की टीम ने गैंगरेप की नाबालिग पीड़िता को मंगलवार की सुबह महिला पुलिसकर्मियों के साथ कोर्ट भेजी। कोर्ट में पीड़िता का 164 का बयान दर्ज कराया गया। गौरतलब हो कि रविवार की रात एक नाबालिग लड़की से तीन लड़कों ने गैंगरेप किया। वहीं दूसरी लड़की के साथ तीनों ने गैंगरेप का प्रयास किया था। इस मामले में नाबालिग पीड़िता ने तीनों के खिलाफ डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने सोमवार को छापेमारी कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। नाबालिग से गैंगरेप की जानकारी मिलने के बाद सीडब्ल्यूसी की टीम मंगलवार को डोरंडा थाने पहुंची। टीम ने नाबालिग पीड़िता से पूछताछ किया। इसके बाद पीड़िता का बयान लिया। जिसमें पीड़िता ने गैंगरेप की घटना की पूरी जानकारी सीडब्ल्यूसी की टीम को दिया।

## जेपी आंदोलन में शहीद हुए छात्रों को दी गई श्रद्धांजलि




नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** जेपी युवा छात्र संघर्ष मोर्चा द्वारा मंगलवार को साकची शहीद चौक पर जेपी आंदोलन में शहीद हुए छात्रों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान आंदोलन मे शहीद हुए जमशेदपुर के तीन आंदोलनकारी छात्र प्रणव मुखर्जी, राजीव रंजन एवं मोहम्मद मोहुसिन को श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर आंदोलनकारी संतोष अग्रवाल ने कहा कि इस शहीद स्थल पर शहीदों के सम्मान मे शहीद स्मारक निर्माण होना चाहिए. इसके लिए वे प्रयासरत है. वहीं, मोर्चा के संयोजक संजीव आचार्य ने कहा कि जिला प्रशासन से लेकर राज्य सरकार तक उक्त स्थल पर शहीद स्मारक बनाने की मांग की जा रही है. 2024 में आंदोलन का 50 वर्ष पूर्ण हो जायेगा. आंदोलन के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किसी भी हालत मे यहां शहीद स्मारक का निर्माण किया जाना चाहिए. उल्लेखनीय है कि वर्ष 1974 में देश भर मे जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति हुआ था. जिसमें छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था. वहीं सरकार द्वारा आंदोलन को कुचलने के लिए दमनकारी नीति अपनाकर छात्रों पर लाठी चार्ज किया गया. लेकिन छात्र डटे रहे और पुलिस को गोली चलानी पड़ी. जिसमें 18 जुलाई को पुलिस की गोली से तीन छात्र (प्रणव मुखर्जी, राजीव रंजन एवं मोहम्मद मोहुसिन) शहीद हो गए थे. हर वर्ष 18 जुलाई को उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है.

### प्राकृतिक आपदा से बचाव पर जनप्रतिनिधियों के साथ सीओ ने की बैठक

**बानो।** अंचल कार्यालय बानो में सीओ खगेन महतो ने जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि लोगो को जागरूक करे।जागरूकता के अभाव में कई लोगो की जान चली जाती है। साँप के काटने से तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले जाया । झाड़ फूंक में देरी न करें।इसी तरह बज्रपात से बचे। जंगली हाथी के नजदीक न जाये , अगर नदी में पानी अधिक हो तो पानी के अंदर न जाय । सावधानी के बावजूद अगर किसी की मृत्यु हो जाती है तो शव का पोस्टमार्टम जरूर कराएं। पोस्टमार्टम कराने से पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुवावजा मिलने का प्रावधान है। आंधी तूफान से फसल बर्बाद हुई हो तो इसकी जानकारी तुरन्त बिभाग को दे । आप लोग गाँव के लोगो के बीच रहते हैं।इस लोगो को समझाए कि बारिश के समय पेड़ के नीचे न रहे ।मोबाईल बंद रखें। मौके पर प्रमुख सुधीर डांग ,विश्वनाथ बड़ाईक, अजय डांग ,सुसाना जड़िया सीता कुमारी ,प्रीति बुढः नामजन जोजो ,सोमारी कैथवार ,लॉरेंस बागे आदि मुखिया उपस्थित थे।

### उपप्रमुख ने जरूरतमंदों को बांटी धोती-साड़ी

**गिरिडीह।** बेंगाबाद की उपप्रमुख सबा अंजुम और मुखिया सुधीर रजवार ने 18 जुलाई मंगलवार को हरिला की पीडीएस दुकान में सोबरन धोती-साड़ी योना के तहत जरूरतमंदों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी का वितरण किया. अंजुम ने कहा कि सोबरन धोती-साड़ी योजना हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है. इससे सीधे गरीबों को लाभ मिल रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे लोग हैं, जो फटे और पुराने कपड़े पहनने को विवश हैं. धोती-साड़ी का वितरण होने से उनके चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है. मौके पर पीडीएस दुकानदार सोमर प्रसाद साव सहित कई लाभुक मौजूद थे.

### चोरी करने के दो फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल

**चाईबासा।** चौका थाना क्षेत्र के मातकमडीह के पास स्थित कोल्हान माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड में लोहा चोरी करने के दो फरार आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस मामले में पुलिस ने सोमवार को ही दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. इस संबंध में चौका थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि इनमें से एक अभियुक्त को पुलिस ने चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ा था. अन्य आरोपियों को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 20 वर्षीय प्रकाश महतो और 23 वर्षीय धौनी हेंब्रम उर्फ धानु मांझी शामिल हैं. दोनों चौका थाना क्षेत्र के चिरुगोड़ा के रहने वाले हैं. पुलिस ने इस मामले में खुंचीडीह निवासी 22 वर्षीय रवि लोहरा और 18 वर्षीय सागर लोहरा को सोमवार को ही जेल भेज दिया था.

### बीमार बेटे की चिंता में मां ने दम तोड़ा

**चाईबासा।** मंगलवार को अपने बीमार बड़े बेटे की चिंता में मनोहरपुर तुरी टोला निवासी 85 वर्षीय वृद्ध मां चाबी मोहंती की मृत्यु हो गई. विदित हो कि चाबी मोहंती के बड़े बेटे उमेश मोहंती बीमार हैं. उमेश मोहंती बीआरसी मनोहरपुर में सीआरपी के पद पर कार्यरत हैं. वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं. उन्हें इलाज के लिए हैदराबाद ले जाया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है. बीमार बड़े भाई की देख भाल करने गए उनके छोटे भाई व उनकी पत्नी भी साथ में है. इधर घर पर उनकी बूढ़ी मां अपने बीमार बेटे की चिंता से वे भी बीमार पड़ गई. मंगलवार दोपहर में उन्हें गंभीर हालात में मनोहरपुर सीएचसी में लाया गया जहां स्थानीय चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया.

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत, सड़क जाम

**जमशेदपुर।** चाकुलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकुलिया-माटिहाना मुख्य सड़क पर चौठिया और दीघी के बीच मंगलवार की सुबह बांस से लदे ट्रक (जेएच 05 एबी 4085) ने बाइक को रौंद दिया. इससे लोधाशोली गांव के निवासी प्रमोद गोप गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए उन्हें चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था. हालत को गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम रेफर कर दिया था. वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने चौठिया के पास सड़क को जाम कर दिया है. वे मुआवजा की मांग कर रहे हैं. घटना के बाद ट्रक का चालक घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर ट्रक को खड़ा कर भाग निकला. जानकारी के मुताबिक प्रमोद गोप बाइक से चाकुलिया आ रहे थे. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक को रौंद दिया.

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक

## आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन होगा तेज

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** सोमवार को रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गयी. इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप-प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद ने किया. बैठक में 6 जुलाई को नई दिल्ली के कार्यक्रम की समीक्षा, वैश्य मोर्चा के 5वां स्थापना दिवस तथा वैश्य एवं पिछड़ों के सवाल पर आगे की रणनीति व कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में 6-7 जुलाई को नई दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी सहित राज्यसभा सांसद धीरज साहु को दिये गये मांग-पत्र पर चर्चा की गई और दिल्ली दौरा को पूरी तरह सफल बताया गया. बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि ओबीसी को 27% आरक्षण दिलाने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों, व्यवसायियों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे शोषण-दमन, रंगदारी, हत्या के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जाएगा. बैठक में यह भी कहा गया कि वैश्य मोर्चा 40% आबादी वाले वैश्य समाज का एक सामाजिक संगठन है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, डॉ. राममनोहर लोहिया एवं अपने समाज के अग्रज देव पुरुषों को अपना आदर्श मानती है. वैश्य मोर्चा अपने आदर्श पुरूषों का अपमान कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी. वैश्य मोर्चा किसी भी राजनीतिक दल का विरोधी नहीं है, लेकिन किसी का पिछलग्गू भी नहीं है. बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों को लेकर 3 अगस्त को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय 'त्राहिमाम धरना' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इसके पूर्व सभी वैश्य-ओबीसी विधायकों को पत्र दे कर ओबीसी के मामले विधानसभा में उठाने की मांग की जाएगी. 9 अगस्त को रामगढ़ में क्रांति दिवस के अवसर पर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जबकि डॉ. राममनोहर लोहिया के पुण्यतिथि पर 12 अक्टूबर को रांची में वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर पंडरा समाजसेवी प्रभु साव वैश्य मोर्चा में शामिल होने की घोषणा की. इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, अश्विनी साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, कपिल प्र. साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, दिलीप प्रसाद, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य कृष्णा प्रसाद, नरेश साव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु, करण मंडल आदि उपस्थित थे.

### नई दिल्ली में राष्ट्रपति ने डीसी, अपर उपायुक्त भू-अर्जन पदाधिकारी को किया सम्मानित



**चाईबासा।** भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल व उनकी टीम को भूमि सम्मान-2023 प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्रदान कर भूमि रिकॉर्ड सुधार हेतु संचालित अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया. पुरस्कार प्राप्त करने वाली जिले की टीम में अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर शामिल रहे. सम्मान मिलने के बाद उपायुक्त ने कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व की बात है. इसमें पूरी टीम की मेहनत है. इस तरह का सम्मान मिलने से टीम का मनोबल बढ़ता है. उपायुक्त ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी कर्मचारियों को दिया.

### नोवामुंडी : सीआरपीएफ 197 बटालियन ने स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

**चाईबासा।** मंगलवार को सारंडा के अति नक्सल प्रभावित गांव रोवाम स्थित सीआरपीएफ कैंप में जवानों ने पौधरोपण किया. यह पौधरोपण सीआरपीएफ 197 बटालियन के कमांडेड प्रवेश कुमार जौहरी के दिशा निर्देश पर 16वीं स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया. इस दौरान सहायक कमांडेंट सुरेंद्र बेनीवाल, निरीक्षक नसीम खान, विश्वास चतुवेर्दी, तेज बहादूर सहित समस्त जवानों ने फलदार पौधे लगाया. इनमें आम, अमरूद, कटहल, काजू, आंवला, जामुन सहित इत्यादि पौधे शामिल थे. इस मौके पर 197 बटालियन के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र बेनीवाल ने कहा कि बेहतर भविष्य तथा सभी के जीवन रक्षा के लिए पर्यावरण को सुरक्षित करना आवश्यक है. इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें एवं जंगलों को संरक्षित करने का संकल्प लें. इस दौरान सभी जवानों ने जंगलों को बचाने एवं पेड़ पौधों को लगाने के लिए प्रण लिया.

### पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में 18 जुलाई को साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई. इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने की. बैठक में मनरेगा योजना, आवास योजना, अमृत सरोवर, यूडीआईडी, विभिन्न पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम आवास प्लस योजना, अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपस्थित सभी सचिव को निर्देश दिया कि लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं. इससे संबंधित पेमेंट में हो रही दिक्कत का निपटारा जल्द किया जाए.

## 21 जुलाई को जलडेगा आएंगे जेएनडी के केंद्रीय संयोजक

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** झारखंड नवनिर्माण दल व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा की सिमडेगा जिला के अंतर्गत जलडेगा प्रखंड मुख्यालय में होनेवाली 21 जुलाई 2023 को किसानों की बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। झारखंड नवनिर्माण दल ने जलडेगा प्रखंड के मांडूटोली गांव में मामा-भगिना असीम जोजो व पीटर जोजो की हुई निर्मम हत्या पर दुख प्रकट करते हुए हत्यारों को कठोर सजा दिलाने की मांग सिमडेगा एसपी व जलडेगा के थाना प्रभारी से ही है। विदित हो कि किसानों के शोषण के विरुद्ध व किसान हित की योजनाओं में मची लूट भ्रष्टाचार के खिलाफ और किसानों को सही ढंग से कृषि विभाग द्वारा धान, उरद, मूंगफली चना इत्यादि बीज नहीं मिलने, केसीसी लोन माफी का लाभ न देकर बैंक द्वारा किसानों से की जा रही भयादोहन के अलावे किसान हित के कई समस्याओं से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक रूबरू होंगे। इस मौके पर अपने सिमडेगा दौरे के क्रम में महिला मंडल के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे । किसान हित में की जा रही बैठक में जलडेगा प्रखंड के अलावे जिले के विभिन्न प्रखंडों से किसानों के अगुआ को आमंत्रित की गई है ।

### कीटनाशक का सेवन कर युवती की तबीयत बिगड़ी

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिथरा पंचायत के बड़की छापर गांव में मंगलवार की सुबह कीटनाशक का सेवन कर 24 वर्षीय दिव्या कुमारी नामक युवती की तबीयत बिगड़ी परिजनों ने उसे बिना किसी देर किए हुए सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी

**दहशत** रांची के टाटीसिलवे में दो स्थानों पर अपराधियों ने की फायरिंग

# इंजीनियर समेत तीन अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** 13 और 14 जून को रांची के टाटीसिल्वे इलाके में दो स्थानों पर हुई गोलीबारी मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक इंजीनियर सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. टाटीसिल्वे स्थित एक दवा दुकान और एक बाइक रिपेयरिंग सेंटर में अपराधियों के द्वारा फायरिंग की गई थी. फायरिंग की घटना को दहशत फैलाने के लिए अंजाम दिया गया था ताकि अपराधियों को रंगदारी की रकम मिल सके.

### क्या है पूरा मामला

रांची पुलिस ने टीटीसिलवे थाना क्षेत्र में दो दिन के भीतर मेडिकल स्टोर और बाइक गैराज में हुई गोलीबारी कांड को सुलझा लिया है.तीन अपराधियों ने दहशत फैलाने और व्यवसायियों से रंगदारी की रकम वसूलने के उद्देश्य से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था. रांची पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है. मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है.गिरफ्तार अपराधियों में पटना के गुलजारबाग निवासी राजू कुमार गुप्ता, रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र निवासी नवनेहाल सिंह उर्फ चंदन और टाटीसिलवे निवासी अभिषेक रंजन शामिल है.गिरफ्तार अभिषेक पेशे से इंजीनियर है, जबकि राजू पर हत्या, बैंक डकैती समेत कई अपराधों में शामिल रह चुका है. मामले का खुलासा करते हुए रांची एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि 13 जून को टाटीसिलवे बाजार स्थित दवा दुकान में बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था, इसके अगले दिन 14 जून भी अपराधियों ने महिलांग स्थित एक बाइक गैराज में फायरिंग की थी. दोनों जगहों पर अपराधियों ने उपस्थित संचालक को धमकी दी कि अगर रंगदारी नहीं दिया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा. अपराधियों के द्वारा मौके पर हाथ से लिखा हुआ एक पर्चा भी छोड़ा गया था.गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस की टीम ने जब अपनी तफ्तीश शुरू की तो जांच के क्रम में पाया गया कि इस वारदात को अपराधी राजू कुमार गुप्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया. इसके बाद पुलिस की टीम ने पटना में छापेमारी कर राजू को धरदबोचा,राजू की निशानदेही पर इंजीनियर अभिषेक और नवनेहाल को भी पकड़ लिया गया. पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है. एसएसपी ने बताया कि तीनों अपराधियों ने अपना एक गैंग तैयार किया था,उनका मकसद था कि टाटीसिलवे इलाके के व्यवसायियों से रंगदारी की वसूली करें.

## पोक्सो एक्ट को लेकर व्यापक जन जागरूकता जरूरी : यशस्विनी सहाय

नवीन मेल संवाददाता



रांची। पोक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम) को कारगर तरीके से लागू करने और इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए व्यापक तौर पर जन जागरूकता की जरूरत है। उक्त बातें ख्यातिप्राप्त गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन से जुड़ीं अधिवक्ता यशस्विनी सहाय ने कही। सुश्री सहाय मंगलवार को होटल रेडिसन ब्लू में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने झारखंड में बाल श्रम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, यौन अपराध व यौन उत्पीड़न आदि समस्याओं की स्थिति और इसके समाधान की दिशा में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। सुश्री सहाय ने कहा कि देश में बच्चों के हित और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यौन अपराध,यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2012 में प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट बनाया गया। लेकिन जागरूकता के अभाव में इस कानून का सफल कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है। हालांकि सरकारी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के अलावा गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं द्वारा पोक्सो एक्ट को प्रभावी बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड पूरे देश में ह्यूमन ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के मामले में चर्चित है। यहां अधिकतर लोग जागरूकता के अभाव में यौन अपराधों के खिलाफ बने कानूनों का फायदा नहीं उठा पाते हैं। सुश्री सहाय ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन से जुड़कर वह पोक्सो एक्ट के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने झारखंड के कई शैक्षणिक संस्थानों,स्कूलों सहित अन्य संस्थानों का भ्रमण कर पोक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस क्रम में संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेंनिंग एंड एजुकेशन तुपुदाना, शाइन अब्दुर्रज्जाक अंसारी इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर, इरबा, रांची इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट, हरमू हाउसिंग कॉलोनी सहित शहरी क्षेत्र के चुटिया, ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत अनगड़ा, ओरमांझी, नगड़ी, सोनाहातु सहित अन्य कई सुदूरवर्ती गांवों का दौरा किया।

# पुल निर्माण कार्य का सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव द्वारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकप्पी स्थित कुंडिलवा नाला और बेडोकला पंचायत अंतर्गत दूलकी नदी में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र में 140 सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास व निर्माण किया जा रहा है। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित हूं । वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने चेचकपी में प्लस टू विद्यालय जल्द देने की बात कही। कहा कि सक्रेज में जल्द ही केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु शिलान्यास किया जाएगा जो यह हमारे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। बेड़ों कला स्थित दुलकी नदी में पुल शिलान्यास के दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। पुल निर्माण का शिलान्यास किए जाने से पूरे गांव में उत्साह का माहौल दिखा। शिलान्यास के मौके पर प्रमुख रेणु देवी, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, सुशील पांडेय, मुखिया रीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुरजमुनि देवी, समाजसेवी डेगलाल साव, समन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतों, खलील अंसारी, अनिल आजाद, राजकुमार यादव, नंकू सिंह, पूर्व मुखिया पति भुवनेश्वर सिंह, बेड़ो कला मुखिया रिंकी देवी, पूर्व मुखिया तुलसी पांडेय, देवेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, संवेदक रामचंद्र यादव समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के लिए कौतूहल का विषय

## विदेशी महिला और उसकी बच्ची पहुंची हजारीबाग

### इंस्टाग्राम से हुई थी दोस्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड स्थित खुटरा के युवक की दोस्ती हॉलैंड की महिला बरबरा प्लाड के साथ थी. उसके बाद महिला पर्यटक के रूप में हजारीबाग पहुंच गई. बताया जाता है कि खुटरा के युवक सद्दाम आलम उर्फ आफताब के साथ उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई. इसी बीच दोस्ती इतनी बढ़ गई महिला हॉलैंड से दिल्ली आई. चर्चा यह भी है कि युवक सद्दाम का उस महिला के साथ प्यार हो गया. दिल्ली में दो माह रहने के बाद वह हजारीबाग पहुंची. वह शहर के कैनेरी हिल होटल में रुकी. वहां तीन दिन रुकने के बाद युवक सद्दाम के घर खुटरा पहुंच गई. यहां अब उसके पास वापस जाने के लिए वीजा की अवधि समाप्त हो गई है. इस संबंध में पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि महिला हॉलैंड से टूरिस्ट के रूप में भारत आई थी. उसके बाद वह हजारीबाग पहुंच गई. युवक के साथ उसके क्या संबंध हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है.

### सहायक शिक्षक पर छेड़छाड़ और यौन शोषण का आरोप, मामला दर्ज

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दारू थाना क्षेत्र स्थित एक स्कूल के सहायक शिक्षक (पारा शिक्षक) मुकेश कुमार पर एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है. मुकेश के पिता युगल किशोर प्रसाद हैं. इस हरकत से आहत छात्रा ने शनिवार को घर में रखी सल्फास की गोली खाकर अपनी जान देने का प्रयास किया. नाबालिग छात्रा का इलाज शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में हुआ. वह अब खतरे से बाहर है. सोमवार को छात्रा की तबीयत ठीक होने पर उसकी मां ने अस्पताल में फर्द बयान दर्ज कराया. फर्द बयान के आधार पर दारू थाने में मामला दर्ज किया गया है. दारू थाना कांड संख्या 56/23 व भादवि 376, 306 और पोस्को एक्ट 4, 8 का मामला दर्ज किया गया है. पीड़ित छात्रा की मां ने फर्द बयान में बताया कि वह नौवीं कक्षा की छात्रा है. आरोपी पारा शिक्षक के घर वह फॉर्म भराने के लिए गई थी. फॉर्म भराने के बहाने शिक्षक उसे अपनी छत के ऊपर बने कमरे में ले गया. वहां छेड़छाड़ करते हुए उसका यौन शोषण किया. इस घटना से आहत छात्रा के माता-पिता और अन्य परिजनों ने आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है.

## जलसहिया संघ ने सांसद व विधायक को मांग पत्र सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** पांच सूत्री मांगों को लेकर जिला जलसहिया संघ के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष सपना शर्मा के नेतृत्व में बेडोकला में पुल शिलान्यास समारोह के बाद केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में कहा है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लागू मानदेय राशि एक हजार जो बकाया है ,के साथ भुगतान करने, न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मासिक भुगतान का वायदा पूर्ण करने, कार्य के दौरान मृत्यु होने पर अनुकंपा का लाभ और 20 लाख का बीमा देने, विभाग के रिक्त पद पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति में प्राथमिकता देने, ठेकेदारों को कार्य न देकर जलसहिया को जल स्वच्छता संबंधी कार्य देने की मांग शामिल है। मांगपत्र सौपने वालों में संघ के जिला अध्यक्ष सपना शर्मा, रेखा देवी, अनुसूलेखा देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, अंजू देवी, सुनैना देवी, ललिता देवी, पूजा देवी, ममता देवी, रिंकु देवी, शांति देवी, बसंती देवी समेत सैकड़ों की संख्या में जलसहिया शामिल थी।

### स्कूल की समस्याओं को लेकर सांसद को सौंपा पत्र

**बरकट्ठा।** प्रखंड के चेचकपी पंचायत स्थित उत्क्रमित हाई स्कूल खैरियो को प्लस टू में उत्क्रमित करने और चहारदीवारी निर्माण की मांग को लेकर शिक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा मधु लाल यादव ने केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी को मांग पत्र सौंपा। पत्र में कहा कि यह क्षेत्र आर्थिक व शैक्षणिक रूप में काफी पिछड़ा है। यहां से प्लस टू स्कूल बरकट्ठा की लगभग 10 किलोमीटर है। इससे यहां के छात्रों को इंटर स्तर की पढ़ाई करने में मुश्किल होती है। विशेषकर बालिकाओं को माध्यमिक के बाद उच्चतर माध्यमिक स्तर की पढ़ाई में परेशानी होती है। कई छात्राएं इस परेशानी से बीच मे ही पढ़ाई छोड़ देती हैं। वहीं स्कूल में चहारदीवारी नहीं के कारण होने वाली परेशानियों से अवगत कराया । वहीं छात्राओं के सुरक्षा के लिए संशय बना रहता है। साथ ही उक्त विद्यालय में टीजीटी शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग की गयी।सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।

## देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर थाना की पुलिस ने कालीबाड़ी से एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. युवक के पास से एक देसी कट्टा, 2.7 एमएम का जिंदा कारतूस और 3.15 बोर का खोखा भी बरामद हुआ है. युवक की पहचान सलगांव निवासी साहिल कुमार के रूप में हुई है. इस संबंध में सदर थाना ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है. जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक लाल रंग की बाइक पर दो लोग पिस्तौल के साथ काली बाड़ी के पास किसी घटना का अंजाम देने जा रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस को युवक के पास से एक देसी कट्टा, 2.7 एमएम का जिंदा कारतूस और 3.15 बोर का खोखा बरामद हुए हैं. सदर थाना कांड संख्या 315/23 के तहत मामला दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया गया.

### रामगढ़ में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में नीति आयोग की समीक्षा बैठक

**रामगढ़।** नीति आयोग की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित हुई । नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों के लिए जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले के रैंक में काफी सुधार हुआ हैं। मई माह में रामगढ का डेल्टा रैंकिंग 24 रहा जिसको लेकर समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी विभाग के सम्बंधित अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उन्होंने नीति आयोग के सभी सूचकांकों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विशेष कर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि विभाग के सूचकांकों में सुधार लाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं,उन्होंने बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपस मे समन्वय कर ससमय आकांक्षी जिला कोषांग को जानकारियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एलडीएम, एसएमपीओ रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### एटीएस डीएसपी पर गोलीबारी की घटना को लेकर रामगढ़ में चलाया गया छापेमारी अभियान



**रामगढ़।** सोमवार की रात्रि एटीएस डीएसपी नीरज कुमार अमन साहू गिरोह के शूटर को गिरफ्तार करने पतरातू पहुंचे थे। उसी दौरान अपराधियों की ओर से हुई गोलीबारी में एटीएस डीएसपी नीरज कुमार एवं एसआई सोनू कुमार घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कई वरीय अधिकारी उनका हाल चाल लेने पहुंचे। वहीं, एटीएस डीएसपी और एसआई पर गोलीबारी में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने कई घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान चलाया। कहा जा रहा है की घटना को लेकर पूछताछ के लिए पुलिस ने कुछ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नही हुई है। इधर, घटना की जांच के सिलसिले में मंगलवार की सुबह 9:15 बजे के आसपास रांची से सीआईडी की 6 सदस्यीय टीम डीएसपी जेवीएन चौधरी के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। सीआईडी की टीम में एक डीएसपी और 5 पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। जो मामले की जांच कर रहे हैं।

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, नामांकन, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के सक्रेज अंतर्गत जीटी रोड स्थित मुखिया जी होटल के समीप एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। शव की शिनाख्त छोटी मियां ,पिता वजीर मियां ग्राम पडरिया, थाना बरही निवासी के रूप में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 56 वर्षीय छोटी मियां साइकिल से घूम घूम कर दूध बेचने का कार्य करता था। मंगलवार की दोपहर में छोटी मियां साइकिल से मुखिया जी होटल में दूध देकर वापस सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में मवि. चिरकी व उवि. पीरटांड़ की टीम विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** पीरटांड प्रखंड के मधुबन स्थित सिंहपुर फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय प्रो. सुबतो प्रखण्ड स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन 18 जुलाई को हुआ. प्रतियोगिता का 14 वर्ष आयु वर्ग का फाइनल मुकाबला मध्य विद्यालय चिरली व मध्य विद्यालय नगदाहा के बीच खेला गया. जिसमे मध्य विद्यालय चिरकी विजयी रहा. वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग मे 5 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया. फाइनल मैच उच्च विद्यालय पीरटांड़ व उच्च विद्यालय विशनपुर के बीच खेला गया. उच्च विद्यालय पीरटांड़ विजेता बनी. इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन पीरटांड़ प्रखंड प्रमुख सविता टुडू, चिरकी पंचायत के मुखिया सोमरा हेंब्रम, मधुवन पंचायत समिति सदस्य चम्पा देवी व उप मुखिया झहीलाल महतो ने संयुक्त रूप से किया. अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. रेफरी की भूमिका मनोज हेंब्रम व चांद भैरव ने निभाई. शिक्षक संजीत कुमार सिन्हा ने संचालन किया. टूनामेंट को सफल बनाने में राजेन्द्र टुडू, मोहन कर्मकार, शिक्षक अखिलेश यादव, हिमांशु तिवारी, रसिक हेंब्रम, राजकुमार आदि का योगदान रहा.

### गिरिडीह : भू-माफिया के खिलाफ धरना तेरहवें दिन जारी

**गिरिडीह।** भू-माफिया पर मगहाखुर्द टोला गन्धकपरी के गरीबों की जमीन को फर्जी दस्तावेज बना कर बेच देने का आरोप लगाकर दिया जा रहा धरना 13वें दिन जारी रहा. बता दें कि इसी मामले में 7 माह पूर्व भी धरना दिया गया था, उस समय अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर 13वें दिन धरना समाप्त कराया था. इधर, धरना को संबोधित करते हुए भाकपा माले के असगर अली ने कहा कि मगहा खुर्द के गरीब अंचल, थाना, अनुमंडल और जिला मुख्यालय का चक्कर काट रहे पर कोई अधिकारी सुनवाई को तैयार नहीं है. धरना में भाकपा माले नेता अशोक पासवान, रीतलाल वर्मा, असगर अली आदि थे.

## अधूरी योजनाओं को एक माह के अंदर पूरा करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड कार्यालय सभागार में 18 जुलाई मंगलवार को बीडीओ विजय कुमार ने बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की. उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में संचालित सिंचाई कूप, बिरसा मुंडा हरित क्रांति आम बागवानी, पीएम ग्रामीण आवास सहित अन्य योजनाओं की स्थिति की जनकारी ली. उन्होंने संबंधित कर्मयारियों व पंचायज सचिवों को अधूरी योजनाओं को एक महीने के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया. कहा कि अभी आम बागवानी का सही समय है. पिट की खुदाई और घेराबंदी कर ही पौधा लगाएं. बीडीओ ने पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को एक सप्ताह के अंदर सभी जॉब कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का निर्देश दिया.

### शोकसभा

### ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और बेबाक थे शशिकांत : सांसद

# शशिकांत को किया याद, नम थी लोगों की आंखें



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** भाजयुमो के एग्यारकुण्ड मण्डल अध्यक्ष शशिकांत दुबे की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिये मंगलवार 18 जुलाई को को कालीमण्डा धोबी घाट स्थित उनके आवास के समीप शोक सभा का आयोजन किया गया. सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, बाघमारा विधायक ढुलू महतो, भाजपा ग्रामीण ज्ञानरंजन सिन्हा व नितिन भट्ट सहित दर्जनों भाजपाइयों और स्थानीय लोगों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए कामना की की गई. सांसद पीएन सिंह ने दिवंगत शशिकांत दुबे की पत्नी और बूढ़ी मां को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया. कहा कि स्व.दुबे भाजपा का सिपाही होने के साथ-साथ जूझारू सामाजिक कार्यकर्ता भी थे. समाज के दबे कुचले, गरीब पीड़ितों ने भी अपना रहनुमा खो दिया. वो ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, जुझारू और बेबाक नौजवान थे. शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में दिवंगत दुबे के आश्रित पत्नी व मां को आर्थिक मदद करने की बात कही. रो पड़ीं विधायक अपर्णा सेन गुप्ता विधायक अपर्णा सेनगुप्ता भाषण के दौरान रो पड़ी. कहा कि स्व.शशिकांत दुबे की कमी खल रही है. उन्होंने कभी भी अपने लिये कुछ नहीं किया. वो जिंदादिल और गरीबों के मसीहा थे. शोक सभा में जुटी ये भीड़ इसका सबूत है. उनके परिवार को हर संभव मदद किया जायेगा. मौके पर मन्नू तिवारी, डब्लू बाउरी, जय प्रकाश सिंह, काजल नाग, अखिलेश्वर तिवारी, विनोद दास, धर्मजीत सिंह, रंजीत मोदी, भूपेंद्र सिंह, बापी सेनगुप्ता, धीरज सिंह, गुड्डू सिंह, अनिल यादव, प्रशांत बनर्जी, मुन्ना सिंह, अर्जुन सिंह, दीपा दास, दुर्गा देवी, रमेश पांडे, प्रदीप बाउरी आदि थे.

### उर्सुलाइन बालिका इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# हर व्यक्ति में है प्रतिभा, निखारने और तराशने की जरूरत: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उसुर्लाइन बालिका इंटर कॉलेज सामटोली में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन। मौके पर इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने से पूर्व विधायक सहित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, स्कूल की सचिव सिस्टर बेनार्देत कुजूर एवं प्राचार्य सिस्टर सबिना ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की। विधायक ने सम्मानित करते हुए छात्राओं का हौसला बढ़ाया। मौके पर विधायक ने कहा कि सफलता के लिए सकारात्मक सोच जरूरी है। लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने से सफलता जरूर मिलती है। विधायक ने कहा कि महानता गिरने में नहीं बल्कि उठने में है। कहते हैं जब सम्मान मिलता है तो फिर हौसला बढ़ता है। इसके लिए उसुर्लाइन स्कूल प्रबंधक ने शानदार पहल किया है। यह कार्यक्रम सचमुच में एक जन आंदोलन की तरह है।प्रतिभाओं को सम्मानित करना गौरव की बात है। यह सम्मान समारोह छात्राओं के उड़ानों को पंख लगाने का काम करेगा। पिछड़ गए बच्चे के लिए यह कार्यक्रम एक प्रेरणा है। सीनियर की सफलता से जूनियर को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चियां और बेहतर करने का प्रयास करें। प्रतिभा हर आदमी में है, पर इसे निखारने और तराशने की जरूरत है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चियां आज बाहर निकल कर अपनी प्रतिभाओं का जौहर दिखा रही हैं। आप सभी बेटियां देश के भविष्य है। अपने देश एवं समाज के लिए बड़े सपने देखे हैं वे जरूर पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि जीवन मे कभी भी किसी भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए। अगर आप किसी परीक्षा या लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जायें, तो निराश ना हो। इसका मतलब यह समझे कि ईश्वर आपसे और बड़ा काम कराना चाहता है। हार के डर से कभी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से भागना नहीं चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्दुल कलाम आजाद के जीवन प्रसंगों को याद करें। वे बचपन में पायलट बनना चाहते थे, परंतु पायलट की परीक्षा में फेल हो गए। परंतु वे निराश नहीं हुए। इस कारण ही फिर वे सफलता की बुलंदियों पर पहुंचे। बड़े वैज्ञानिक, मिसाइल मैन और फिर देश के राष्ट्रपति। महान व्यक्तियों की जीवनी जरूर पढ़े, उनसे आगे बढ़ने का हौसला मिलता है।कार्यक्रम में कई गणमान्य ब्यक्ति भी शामिल होकर बच्चियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला सचिव शिशिर मिंज, प्रमिला कुजूर, निमरोध एक्का, अगाथा तिर्की, विनय किंडो सहित कॉलेज की सभी शिक्षक, छात्रायें व अन्य मौजूद थे।

# बिटिया बहुमूल्य तोहफा होती है : डॉ श्रद्धा

### मारवाड़ी युवा मंच ने 4 माताओं को बेबी किट देकर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच के 22 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा ने भागीरथी मात्री सदन हॉस्पिटल में जन्मी नवजात 4 कन्याओं की माताओं को बेबी किट देकर सम्मानित किया गया। और बेटियों के जन्म पर उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी। आज आयोजित कार्यक्रम मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में आयोजित किया गया। आठ दिवसीय कार्यक्रम मैं 8 पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें अमृतधारा,पौधारोपण, गो सेवा, नारी चेतना ,खेलकूद जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इधर डॉ श्रद्धा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच की यह पहल सराहनीय है, और समाज सेवा के क्षेत्र में इस तरह के आयोजन बेटियों के माता पिता के लिए बड़ा सम्मान है, उन्होंने कहा कि बेटियां बहुमूल्य तोहफा होती हैं और भगवान के द्वारा दिया गया बहुमूल्य उपहार समझें बेटी और बेटा में कोई फर्क नहीं होता है ,और लोगों को सकारात्मक सोच की जरूरत है। वहीं मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राज पच्चीसिया ने कहा कि जिनके घर बेटी पैदा होती है उन्हें गर्व महसूस करना चाहिए, मारवाड़ी युवा मंच का राष्ट्रीय कार्यक्रम कन्या भूर्ण संरक्षण में से एक है। और जिनके यहां बेटी होती है उन्हें और उनके परिवार को यही कामना करनी चाहिए कि अगले जन्म में मोहे बिटिया ही दीजिए। उन्होंने आगे कहा कि बेटी को भी जीने का अधिकार है। बेटी को बचाने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। ताकि बेटी नहीं तो बहू कहां से लाओगे, बेटी नहीं तो भाई के कलाई में राखी किससे बंधाओगे जैसे ज्वलंत मुद्दा,मुद्दा ही बनकर रह जाएगा। कार्यक्रम में सह सचिव शिवेश पच्चीसिया, पूर्व अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व सचिव संजय जैन, सदस्य आशीष केडिया, महावीर खेतान विनायक पच्चीसिया आदि उपस्थित थे।

### पिथरा पंचायत समिति सदस्य बना साइबर ठगी का शिकार ,खाते से उड़ाए 49,550 रुपए

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रकाश केरकेट्टा साइबर ठगी का शिकार हो गया। बताया गया कि साइबर ठगों के द्वारा उनके खाते से ?49550 की राशि निकाल ली ।मामले की जानकारी होने पर पंचायत समिति सदस्य द्वारा सदर थाना में आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है ।जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उसे कॉल आया और एयरटेल कंपनी में रिचार्ज करने की बात कही लेकिन जैसे ही वह कुछ कर पाता तब तक उसके खाते से पैसा निकाला जा चुका था वही पीड़ित ने थाना में गुहार लगाई है इधर पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने गुरुद्वारा में मत्था टेका



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** पंजाबी मोहल्ला गुरुद्वारा में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मत्था टेक अपनी अरदास लगाई। उन्होंने सत्संग में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पंजाबी समाज के अध्यक्ष यशपाल सिंह, मंत्री हरजीत सिंह ने उनका स्वागत किया। सम्मानीय महिलाओं ने शॉल उड़ाकर उनका स्वागत किया। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुद्वारा में सभी लोगो के सुख-शांति की कामना की। सत्संग के बाद सभा भवन में मौजूद सैकड़ों महिलाओं के साथ परिचर्चा भी की। भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में 9 साल काम बेमिसाल के कार्यो की पुस्तक भी भेंट की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश सिन्हा, रोटरी क्लब कोडरमा के सेक्रेटरी नवीन जैन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कांवरिया सेवा संघ ने कांवर यात्रा निकालने का निर्णय लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा की बैठक संजय बडालिया की अध्यक्षता में सोमवार शाम रोहिल्ला भवन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व के वर्षों की भांति इस बार भी सावन के तीसरी सोमवारी को वेदव्यास से भव्य कावड़ यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। सिमडेगा शहर के रोहिल्ला पथ के समीप 22 जुलाई को सुबह 8:00 बजे से कांवरिया निजी तथा संघ द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहनों के माध्यम से वेदव्यास के लिए रवाना होंगे। वहीं 23 जुलाई की सुबह वेदव्यास नदी से जल उठाकर पैदल यात्रा करते हुए 24 जुलाई की सुबह सावन के तीसरी सोमवारी को सरना मंदिर में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इन 3 दिनों के दौरान 22 से 24 जुलाई तक कांवरियों के भोजन, पानी, विश्राम आदि की व्यवस्था संघ द्वारा दी जाएगी। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी संजय बडालिया के नेतृत्व में कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा कांवरियों को सेवा तथा सुविधा उपलब्ध करायेगा। इधर संजय बडालिया ने कहा कि कांवरिया सेवा संघ विगत 23 वर्षों से कांवरियों की सेवा में तत्पर रहा है। और इस वर्ष भी बैठक में आए प्रस्ताव के अनुरूप कांवरियों को सुविधा दी जाएगी। कहा कि कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा वर्षों से अपनी निःस्वार्थ सेवा देते आ रहा है। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जिलेवासियों से कांवर यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की। साथ ही कहा कि जो कावड़ यात्रा में सम्मिलित नहीं हो सकते हैं। वह कांवरिया सेवा संघ से जुड़ कर अपनी सेवा दें। क्योंकि बाबा भोलेनाथ की कृपा तो का कांवर उठाने और कांवरियों की सेवा करने वाले दोनों पर समान रूप से होती है। इस दौरान जहां-जहां सेवादार स्टॉल लगाए जाएंगे, वहां पर कांवरियों के कांवर रखने की व्यवस्था, सिहारजोर बाजार से केरया पाहनटोली के बीच पेयजल की व्यवस्था करने, 18 जुलाई से साउंड सिस्टम के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बजरंग दल सिमडेगा इकाई के द्वारा कांवरियों की सेवा के लिए तीन मेडिकल टीमों की चलंत सेवा देने पर सहमति जताई गई। इस दौरान सत्ते रोहिल्ला, योगेंद्र रोहिल्ला, कुणाल सिंह, रामजी यादव, रवि नागवान, धनंजय केसरी, प्रहलाद केसरी, कृष्णा शर्मा, आनंद जयसवाल, मुकेश कुमार अदि मौजूद रहे।

# बीओआई ने किया सीसीएल कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो ।** जेएसएलपीएस के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया बानो शाखा व बैंक ऑफ इंडिया लचरागड़ शाखा के संयुक्त तत्वाधान सीसीएल कैम्प का आयोजन नगर भवन बानो में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में कुल 47 स्वयं सहायता समूहों का सीसीएल लिंकेज किया गया । जिसमे बानो से 25 तथा कोलेबीरा से 22 समूह शामिल रहे साथ ही समूह से जुड़ी 90 मेंबर्स का जीवन ज्योति बीमा 96 मेम्बर का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा किया गया कार्यक्रम की शुरूवात बीपीएम संजय कुमार द्वारा किया गया ।उन्होंने ने बताया कि एसएचजी के मेंबर्स को अपनी अपनी आजीविका सुदृढ़ करने हेतु वित्तीय आवश्यकता होती है उसकी पूर्ति हेतु बैंक के माध्यमसी सी एल लिंकेज करवा कर बैंक से लाभ ले सकते है ।सी सी एल का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज की जरूरत होती है उसे पूर्ण करने के उपरांत ही सी सी एल का लाभ मिल सकता है। उपस्थित सभी समूह के सदस्य आज ही अपना अपना दस्तावेज पूर्ण कर कैम्प में जमा करे और सीसीएल का लाभ लें ।शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया बानो अमित कुमार द्वारा बताया गया कि समूह के मेंबर्स को बैंक की और मिलने वाली सभी सुविधा समय समय पे उपलब्ध कराई जाती है समूह की दीदी को आगे बढ़ने के लिए हर संभव बैंक मदद करने के लिए तैयार है आप सभी निःसंकोच बैंक से लोन ले तथा समय से वापस करें जितने अच्छे ख्याति आप बैंक से बना सकते हैं बैंक आपके लिए उतना ही सहयोगी बन सकता है, एसएलबीसी के वरिय प्रबंधक रोशन के द्वारा सीसीएल की उपयोगिता समूह तथा बैंक के बीच की दूरी को कम कैसे करें बैंक में होने वाली कठिनाई को दूर कैसे किया जा सकता है ,बीमा का लाभ सभी को मिले आदि विषय की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया लचरागड़ के विमल जी के द्वारा उपस्थित एसएचजी मेम्बर को संबोधित करते हुए बताया कि सीसीएल राशि का उपयोग प्लान के तहत करें समूह में सभी मेम्बर को बराबर की भागीदारी निभाना होगा तभी समूह शशक्त होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बैंक ऑफ इंडिया बानो से अर्चना जी बेनी फनार्डीस ऋतुराज कुमार, ,गौतम साह, बालमुकुंद सिंह छोटे ,कुलदीप,रीना, इलीसबा पास्कल, बैंक सखी बसंती कुमारी बीसी सखी लालवती कुमारी तथा दीपिका देवी आदि उपस्थित थे ।

### तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के नोनगाड़ा गाव में सिहांसन डुंगडुंग उम्र 28 वर्ष नामक युवक की नहाने के क्रम में तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर सहायक थाना प्रभारी राजीव रंजन घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जा में लेते हुए मामला दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। सहायक थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया की नशा का सेवन करने के पश्चात वह आने के लिए गया इसी क्रम में व पैर फिसला और गिरा आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से उसकी डूबने की वजह से मौत हो गई।

# शौच के लिए गई महिला को हाथी ने कुचला, मौत

**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी अंतर्गत बांसजोर के सीमान टोली गांव में मंगलवार की अहले सुबह शौच के लिए निकली 49 वर्षीय माथि गुड़िया नामक महिला को पटक कर जान ले लिया घटना की जानकारी ग्रामीणों को होगी तब जाकर इसकी सूचना पुलिस को दी ।वहीं मामले की जानकारी मिलते हुए पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मैथ्यू एक्का ने बताया कि महिला के पति सचिन गुड़िया के अनुसार उसकी पत्नी शौच के लिए घर से बाहर निकली इसी दौरान जून से बिछड़ा हुआ एक हाथी के द्वारा उसकी पटक-पटक कर जान ले ली। इधर मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था इस मामले में वन विभाग द्वारा पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए 10000 की तत्काल मुआवजा राशि प्रदान किया गया तथा बताया गया कि बाकी की मुआवजा राशि सरकारी प्रक्रिया के तहत सभी प्रकार की कागजी कार्रवाई के पश्चात दी जाएगी।

### भवन निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा बे जीईएल मध्य विद्यालय खूंटीटोली में विधायक मद से बनने वाले विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जिले के बच्चों को पढ़ाई करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी न इसको ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई का माहौल तैयार किया जा रहा है।

### गाली गलौज एवं दुष्कर्म के आरोपी को सिमडेगा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने मंगलवार को गाली गलौज एवं दुष्कर्म करने के मामले में बिहार के दानापुर निवासी राजू कुमार उर्फ राजू यादव को जेल भेज दिया इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 84/23 धारा 376 ,504, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोक बाहर रायबेड़ा गांव की एक युवती के साथ दुष्कर्म गाली गलौज एवं धमकी दिया था ।जिसके बाद पीड़िता के द्वारा मामला दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई थी वही बताया गया कि आरोपी प्रेमिका से मिलने आया था गांव इसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा। बताया जा रहा है कि लंबे समय से युवती के साथ प्रेम प्रसंग था लेकिन इसी बीच किसी तीसरे लड़की के साथ राजू यादव का प्रेम प्रसंग सुनकर युवती आग बबूला हो गई और लड़ाई झगड़ा करने लगी जिसके बाद उसके द्वारा उसके साथ दुष्कर्म गाली गलौज और धमकी दिया तब जाकर युवती के द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की इधर युवक को जेल भेज दिया गया।

# स्कूलों में 25 से 2 अगस्त तक विज्ञान सप्ताह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में संचालित देश के सभी विद्यालयों में आगामी 25 जुलाई से 2 अगस्त तक राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। उक्त बात को विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा विज्ञान टोली के आभासी बैठक में प्रांत विज्ञान प्रमुख संजीव कुमार ने दी। ज्ञात हो की गत 13 से 15 जुलाई अखिल भारतीय विज्ञान टोली की बैठक अमृतसर में हुई। जहां पर विद्या भारती के महामंत्री शिवकुमार के निर्देशन में उक्त निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के निमित्त एक आभासी बैठक आयोजित की गई। बैठक को ओंकार ध्वनि उच्चारण के साथ प्रारंभ किया गया। उपस्थित अधिकारी एवं अतिथि वृंद का परिचय झारखंड के विज्ञान प्रमुख के द्वारा कराया गया। जबकि विज्ञान बैठक अमृतसर में शामिल होकर लौटे बिहार क्षेत्र के सह प्रमुख शर्मेंद्र कुमार साहु के द्वारा रखा गया। उन्होंने अपने व्यतव्य में कहा की विद्या भारती विद्यालय के सभी भैया बहन इस विज्ञान सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेंगे तथा अपनी चिंतन और सोच को लेकर समाज तक जाएंगे। विज्ञान शिक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से अपने गांव, मोहल्ले, पास पड़ोस के घरों में जाकर वृक्षारोपण का संदेश देंगे। प्रत्येक विद्यालय में प्रयोगशाला गतिविधि प्रभावी हो इस निमित्त विद्यालय में एक साइंस कॉर्नर के माध्यम से इसे प्रभावी और प्रदर्शित किया जाएगा। विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत वंदना सभा में प्रत्येक दिन किसी न किसी भारतीय वैज्ञानिक के जीवनी तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस विज्ञान सप्ताह के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय में विज्ञान के अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ जागरूकता का अभियान चलेगा।, प्रत्येक भैया बहन विज्ञान के विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय और सकारात्मक रूप से भाग लेंगे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान सह प्रांत प्रमुख प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। मौके पर प्रांत के विज्ञान के संरक्षक सुरेश मंडल, सिनीडीह से अरविंद कुमार, बोकारो से अनिता कुमारी, भूली नगर से विनोद कुमार झा, गिरिडीह बरगंडा से राजीव कुमार सिन्हा, मधुपुर से डमरु धर सिंह, चतरा से अयोध्या प्रसाद सिंह, डकरा से विद्यानंद झा, कुदलुम रांची से स्वाति सोनी, डाल्टनगंज से ओंकार नाथ जी, झुमरी तिलैया से बबलू कुमार प्रजापति, दीपक कुमार हजारीबाग से अनिल कुमार के साथ-साथ प्रांत के सभी पूर्णकालिक एवं अधिकारी आभासी रूप से जुड़े रहे।

**कार्यक्रम**

### कन्या भ्रूण हत्या को लेकर बच्चियों ने किया नाटक

# प्रेरणा शाखा ने चलाया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की के द्वारा राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रेरणा शाखा ने कन्या भ्रूण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा आठ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें श्रीजा लोहानी , आश्वी भदानी , सिम्मी कुमारी , संजना कुमारी तथा शनि कुमार ने आज के परिपेक्ष में कन्या भ्रूण हत्या पर मार्मिक नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया ।नाटक के माध्यम से क्यों नहीं चाहिए बेटियां ,,कन्या भ्रूण हत्या महापाप है । नाटक के माध्यम से बताया गया प्लीज हमें मत मारो, हमें जीने दो, आखिर हमारा क्या कसूर है, हमें पेट में ही मार दिया जाता है ।कन्या भ्रूण हत्या पर नाटक जीवंत कार्यक्रम में नाटक देख उपस्थित लोग भावुक हो उठे। नाटक के माध्यम से यह भी बताया गया कि भारत में बेटियों को देवी माना जाता है ।उसी देश में कन्या भूर्ण हत्या जैसा आज भी महापाप किया जा रहा है। बेटी पैदा होने पर भेदभाव किया जाता है । कभी सोचा है की वो बेटी जो मां की कोख में पल रही होती है ₹वह कुछ कहना चाहती है ।इस दुनियां में आना चाहती है ।लेकिन आज भी गांव से लेकर शहर तक बहुओं को बेटी होने पर भी भेद भाव किया जाता है। मौके पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि मां, बहन , बहु सभी चाहिए पर बेटी नहीं चाहिए। बेटा और बेटी में भेद भाव क्यों। मारवाड़ी युवा मंच और प्रेरणा शाखा यह राष्टव्यापी कार्यक्रम के तहत समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं सचिव सारिका लड्डा और कार्यक्रम की संयोजक नेहा जैन ने कहा कि ₹बेटा वंश है तो बेटी अंश है₹ ₹ बेटा आन है तो बेटी गुमान है₹ ₹बेटा दवा है तो बेटी दुआ है₹ ₹बेटा भाग्य है तो बेटी भाग्य विधाता है ।बेटियों को हम सब मिलकर बचाना है। बेटा और बेटियों में कोई फर्क नहीं है। इस मौके पर उन्होंने रिदम डांस एकेडमी के निदेशक सूरज प्रताप सिंह के द्वारा कराए गए नाटक के मंचन के प्रति आभार प्रकट किया ।वहीं दूसरी ओर आंचल लड्ढा ने कविता के माध्यम से लोगों को



जागरूक किया और कहा कि आज भी अल्ट्रासाउंड के जरिए जानकारी होने पर बेटियों को हत्या करने का प्रयास किया जाता है , जो कि समाज के लिए चिंता का विषय है।

## योजना में लगे पाइप टूट कर खेतों में बिखरे

# जल नल में बरती जा रही अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता। कुन्दा** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर जल देने के उद्देश्य से कुंदा प्रखंड में चलाई जा रही जल नल योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों की मानें तो संवेदक द्वारा कई स्थानों पर कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद भी सिर्फ इसलिए नहीं चालू कराई जा रही है कि उक्त बोरिंग में या तो पानी की कमी या संवेदक को डर है कि पाइप से जगह-जगह पानी का रिसाव हो सकता है। संवेदक की मंशा है कि जब जल का अभाव क्षेत्र में कम हो जाए या बरसात के उपरांत बोरिंग में पानी का जलस्तर ऊपर हो जाए उस वक्त चालू कर योजना में लीपापोती कर ली जाएगी। वहीं कई घरों के पास खेतों में पाइप ऊपर दिखाई पड़ रहा है और पाइप ऊपर होने के कारण टूटता जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की जल नल योजना में कितनी अनियमितता बरती गई है। गर्मी के दिनों में एक-दो स्थानों पर संवेदक द्वारा पानी की सप्लाई चालू की गई थी, लेकिन पाइप में जल का रिसाव व बोरिंग में नाम मात्र पानी होने के कारण ग्रामीणों का काफी विरोध झेलना पड़ा था। उसके बाद से संवेदक कार्य कछुवे की गति से करा रहा है। ग्रामीणों ने कार्य की उपायुक्त से जांच की मांग की है।

# राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए उपायुक्त अबु इमरान



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिला उपायुक्त अबु इमरान को प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उक्त सम्मान भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम डीआईएलआरएमपी) योजना अंतर्गत सभी घटकों में 99 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल करने वाले चयनित जिलों को दिया जाता है। उन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में चतरा जिला का भी चयन भूमि सम्मान 2023 (प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट) से सम्मानित करने के लिए चयन किया गया। उनके साथ सम्मान समारोह में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दस भी शामिल थे।

## ठेकेदार पर मनमाना कार्य करने का आरोप

# स्कूल में मरम्मत कार्य को लोगों ने रोका



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** प्रखंड के प्लस टू विद्यालय में किए जा रहे मरम्मत के कार्य का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए दिन मंगलवार को काम को रोक दिया। वहीं मिथिलेश पासवान ने बताया कि विद्यालय में ठेकेदार अपने मनमानी तरीके से कार्य करवा रहे हैं मरम्मत के कार्य में कई जगह बिना प्लास्टर किए ही पेंटिंग का काम किया जा रहा है। यहां तक कि जहां पर प्लास्टर किए गए हैं उसमें पानी भी नहीं पटाया गया है। इस बारे में ठेकेदार से बात की तो वह कहता है कि उच्च अधिकारियों को खर्चा दिया जाता है। उसको अधिकारियों से कोई डर नहीं है। मिथिलेश पासवान ने कहा कि जब तक मरम्मत का कार्य ठेकेदार सही से नहीं करवाते हैं तब तक हम लोग काम नहीं होने देंगे। अगर जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर ठेकेदार लाल बिहारी यादव ने कहा कि मरम्मत का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है और काम में जो भी कमियां रह गई हैं उसको हम लोग जल्द पूरा करेंगे। मैंने उच्च अधिकारियों को खर्चा देने जैसी कोई भी बात नहीं कही है। नेताओं को बस यही बोला है कि जब तक कार्य पूरा नहीं होता है तब तक बिना मतलब के काम को नहीं रोके।

## मोहर्रम त्योहार को लेकर थाना परिसर में हुयी शांति समिति की बैठक में एसडीपीओ ने कहा

# जुलूस निकालने को लाइसेंस लेना अनिवार्य



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** थाना क्षेत्र शांति पूर्वक माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी ने की। इसमें प्रखंड क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ सभी समुदाय के लोगों को मिलजुल कर मनाने की अपील की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ प्रमोद केसरी ने कहा कि प्रखंड के लोग हमेशा अमन पसंद और काफी शांतिप्रिय रहे हैं। थाना क्षेत्र के लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी त्योहार मनाते आये हैं। उक्त भावना को आगे भी बरकरार रखें और मिलजुलकर आगे भी आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं एवं भाईचारा का मिशाल कायम कर दिखायें। मोहर्रम जुलूस निकलने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस के ताजिया का जुलुस निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वहीं बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार ने कहा कि त्यौहार के दौरान मेला स्थल एवं चौक-चौराहों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने वाले लोगों पर चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से निकाले। कहा गया कि त्योहार में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा, बिना लाइसेंस के ताजिया का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कहा कि संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में बल तैनाती रहेगी। उन्होंने लोगों से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए लोगों को किसी तरह का अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात कही। मौके पर सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, एसआई शहदेव साव, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक, बीडीसी चंदन ठाकुर, मधुलता कुमारी, समाज सेवी तासवीन अंसारी, के डी चौबे, जयप्रकाश यादव, अनिल चौबे, प्रदीप चौबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, धनंजय साह, शंभू सेठ, महेंद्र पासवान, अख्तर अंसारी, सुनील पटेल, शेख सिराजुद्दीन अंसारी, असमुद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, कलीम अंसारी, याकूब अंसारी, प्यारे मोहम्मद अंसारी, हनीफ अंसारी, रहीम अंसारी, निजामुद्दीनअंसारी, शमशेर अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

**धुरकी थाने में हुई बैठक : धुरकी।** थाना क्षेत्र में शांति पूर्वक माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। मौके पर सहादत अंसारी, मुखिया सगुनी राम, काग्रेस नेता मोबीन अंसारी, समाजसेवी लक्ष्मण यादव, साबिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### तय रूटों पर ही ताजिया का जुलूस निकालें

**डंडाई।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में मंगलवार को थाना प्रभारी शाबाज अंसारी की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। इसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम के साथ-साथ कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने कहा कि थाना क्षेत्र के तमाम मुसलमान भाई पारंपरिक तरीके से आपसी भाईचारा के साथ मुहर्रम त्योहार को मनायें। वहीं अशांति होने की स्थिति में पुलिस को त्वरित सूचित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि मोहर्रम पर्व के दिन शांतिपूर्ण वातावरण में निर्धारित रूटों में ही ताजिया का जुलूस निकालें। इस दौरान शांति व्यवस्था को भंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर इसकी सूचना पुलिस को दें। वहीं बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि 29 जुलाई को आने वाले मुहर्रम को सभी लोग मिलजुलकर सरकार की गाइडलाइन के अनुसार मनायें। त्योहार को लेकर सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करने वाले व्यक्ति सहित उसके अभिभावकों पर सख्त कानूनी कार्रवायी की जाएगी। वहीं अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाने को लेकर लोगों से अपील की। मौके पर डंडई पंचायत के पश्चिमी भाग के बीडीसी शीला देवी, 20 सूत्री सदस्य दीनानाथ पांडेय, कुर्बान अंसारी, पूर्व जिला पार्षद रामनाथ पासवान, नसीरूद्दीन अंसारी, शिव कुमार यादव मुख्तार अंसारी, श्रीधर बैठा, करके मुखिया प्रतिनिधि सूर्यदेव चौधरी, एसआई नवीन शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नगर उंटारी में हुई शांति समिति की बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ प्रमोद केशरी की अध्यक्षता में की गयी। इसमें लोगों से मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाये जाने की अपील की गयी। मौके पर अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि अक्षय कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सदर तौहिद खान, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, अमर राम, मुखिया उषा देवी, मुखिया मनोज ठाकुर, सिविस्टयानी केरकेट्टा, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र प्रसाद, राजकुमार राम, भगवान राम, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर मुराद खान, खजांची लालबाबू खान आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### बीएलओ व पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 225 से 269 तक कुल 45 मतदान केंद्रों के बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी बीएलओ को आगामी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक डोर टू डोर जाकर बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घर पर स्टीकर चिपकाते हुये अगले भ्रमण की तिथि भी अंकित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपके कार्यों का पर्यवेक्षण बीएलओ पर्यवेक्षक द्वारा किया जायेगा इस दौरान सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु फॉर्म 6 प्राप्त करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, उत्तम रंजन, बिरेंद्र कुमार सिंह, अमन केशरी, सीमा कुमारी, बीएलओ बबीता कुमारी, सुनीता देवी, सुशीला गोस्वामी, अनुराधा देवी, राबिया बानो, बबिता पासवान सहित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### पंचमुखी शिव मंदिर में की गयी विशेष आरती

**श्री बंशीधर नगर।** बांकी नदी के तट पर अवस्थित पंचमुखी शिव मंदिर में प्रत्येक दिन शाम 7 बजे भगवान शिव की आरती होती है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये मंदिर समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अजय प्रसाद ने बताया कि सोमवार को विशेष आरती का आयोजन होता है। सोमवार को आरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता नित्यानंद चौबे सपरिवार तथा हिंदुस्तान लिवर एजेंसी के अजय प्रसाद द्वारा आरती किया गया। मंदिर समिति द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। आरती कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद, बिरेंद्र कमलापुरी, हृदयानंद कमलापुरी, संतोष कमलापुरी, शुभम कुमार, आनंद प्रकाश, राहुल जायसवाल, प्रमोद कुमार, श्रवण कुमार, उमाशंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

### श्राद्धकर्म में शामिल हो मुखिया ने की मदद

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने सोमवार की शाम मुकुंदपुर गांव निवासी मृतक शिवबरत बियार के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। उन्होंने उनके परिजनों को श्राद्धकर्म में नकद राशि देकर सहयोग भी किया। उन्होंने कहा ा गरीब असहाय लोगों की सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, ददन बियार, रामजी बियार, राम लाल बियार उपस्थित रहे।

### रुआर 23 के तहत विद्यालय में हुआ कार्यक्रम



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में स्कूल रुआर, 2023-2024 बैक टू स्कूल कैंपेन का शुभारंभ नगर उंटारी प्रखंड में स्थित अंबा लाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सबिता देवी, पत्रकार गौरव पांडे, सीआरपी शोभा पांडे, बीपीओ तमन्ना प्रवीण ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सबिता गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल से जोड़ना है। विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का नामांकन, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 9 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि तथा नव-नामांकित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। शिक्षक प्रमोद कुमार, प्रकाश चंद्र सोनी, शिक्षिका ममता रानी, निधि सिंह, रजनी कुमारी, जाया कुमारी कृष्णा यादव बबलू कुमार आदि उपस्थित थे।

### वन पट्टा के लिए सीओ को सौंपा दावा पत्र

**भवनाथपुर।** आंचल अधिकारी को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन भूमि उपयोग करने वाले वन पट्टा से वंचित दर्जनों वनाश्रित परिवार मंगलवार को सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक के नेतृत्व में वन पट्टा हेतु दावा पत्र सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव को सौंपा। सीओ को सौंपे गये दावा पत्र में वनाश्रितों ने उल्लेख किया है कि हमलोग वर्षों से वन भूमि में निवास कर उसका उपयोग करते आ रहें हैं। इसके लिए सभी को वन पट्टा उपलब्ध कराने की मांग की है। आपको बता दें कि डीसी ने सभी अंचलाधिकारी को वन भूमि में निवास करने वनाश्रित जो अब तक वन पट्टा से वंचित हैं,उनका दावा पत्र अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसके आलोक में भवनाथपुर अंचल क्षेत्र में वन भूमि का उपयोग करने वाले वन पट्टा से वंचित अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वनाश्रितों ने सीओ को आवेदन सौंपकर वन पट्टा हेतु दावा पत्र समर्पित किया। मौके पर सुशील चौबे, बबन पासवान, जयनंदन उरांव, वीरेंद्र उरांव, उमेश उरांव, तेजू उरांव, शनीचर अगरिया, मथुरा भुईंया, फुलवंती देवी, कुलवंती देवी, शांति देवी, चंपा देवी, शनिचरी देवी उपस्थित थे।

# वृक्षों को बचाने व 1100 पौधे रोपने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** पंडरिया पंचायत के शिवपहाड़ी गुफा के आसपास के क्षेत्रों में लगे वृक्षों को बचाने का संकल्प के साथ 1100 पौधरोपण का संकल्प लिया है। शिवपहाडी कमिटी के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि वृक्ष काटते पकडे जाने पर 5 हजार का जुमार्ना लगाया जाएगा। शिव पहाड़ी गुफा के आसपास के क्षेत्रों में पूर्व से लगे वृक्षों की तेजी से कटाई की जा रही है, जिससे जंगल का अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। इसको देखते हुए शिव पहाड़ी गुफा के कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर सख्त निर्णय लिया है। इस पूरे सावन में नए 1100 फलदार और छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत 100 वृक्ष लगाकर की गई है।

कमेटी के सदस्य बृजेश कुमार गुप्ता, भानु गुप्ता, रामानंद यादव, लाल बहादुर शाह, सोहन साह, चंद्रेश्वर गुप्ता, कुमार संदीप, अतुल बाबू, राकेश, रवि, छोटे लाल बाबू, कंगन कुमार, संजय पासवान आदि सदस्यों ने कहा कि वन विभाग की लापरवाही के कारण शिव पहाड़ी गुफा के आसपास के वृक्ष तेजी से काट रहे हैं लेकिन हम सभी सदस्य वन विभाग के भरोसे नहीं रहेंगे वृक्ष को स्वयं बचाएंगे। सदस्यों ने वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर वृक्ष को बचाने का संकल्प लिया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए कमेटी के सदस्य सभी संसाधन मुहैया करा रहे हैं। श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि पूरे सामान में एक वृक्ष अवश्य लगाएं।

### होली फेथ पब्लिक स्कूल सहित तीन विद्यालयों का यू डाइस कोड होगा निरस्त

**डंडाई।** प्रखंड क्षेत्र के तीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों का यू डाइस कोड जब्त होगा। इनमें प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के किसान उच्च विद्यालय एवं होली फेथ पब्लिक स्कूल के साथ-साथ ज्ञानदीप निकेतन पब्लिक स्कूल सोने हरा शामिल हैं। जिले के प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रंभा चौबे ने इस बाबत राज्य परियोजना निदेशक के नाम 17 जुलाई को एक पत्र जारी किया है। उक्त पत्र में प्रखंड के तीन विद्यालयों के साथ-साथ जिले के अन्य 40 विद्यालयों के नाम भी शामिल हैं। राज्य परियोजना निदेशक के नाम लिखे पत्र में प्रभारी डीईओ ने बताया है कि उक्त विद्यालयों के द्वारा यू डायस प्लस मैंडेटरी का कार्य नियमित नहीं किया जा रहा था। इस कारण अन्य विद्यालयों के कार्य भी लंबित रह जा रहे थे। परिस्थिति बस प्रखंड के उक्त तीन विद्यालयों के साथ-साथ जिले के अन्य 40 विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# चैंबर्स ऑफ कॉमर्स की बैठक में चुनाव पदाधिकारियों का चयन

**अध्यक्ष व सचिव पद के लिये 29 व 30 जुलाई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन किया जा सकेगा 31 जुलाई को नाम वापस ले सकेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** गुलाब मेमोरियल मार्केट परिसर स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठक आयोजित कर सत्र 2023-25 के लिये चुनाव संपन्न कराने के लिये पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में चुनाव संपन्न कराने के लिये पर्यवेक्षक डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल को, मुख्य चुनाव पदाधिकारी मो. तस्लीम खान को, चुनाव पदाधिकारी ओमप्रकाश चौबे, आनंद अग्रवाल, मनोज कुमार, विनोद कांस्यकर, राजन सोनी व अजय प्रसाद को बनाया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स का सदस्य 18 जुलाई से 25 जुलाई तक बनाया जायेगा। सदस्य बनाने की सभी प्रक्रिया चैंबर कार्यालय से होगी। अध्यक्ष व सचिव पद के लिये 29 व 30 जुलाई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन किया जा सकेगा। 31 जुलाई को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे तथा उसी दिन शाम 6 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जायेगा। प्रत्याशी 1 अगस्त से 5 अगस्त तक अपना प्रचार प्रसार कर सकेंगे। आगामी 6 अगस्त को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया जायेगा। साथ ही 4 बजे से मतों की गिनती प्रारंभ होगी तथा उसी दिन विजयी प्रत्याशी को प्रमाणपत्र दिया जायेगा। बैठक में चैंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, गोपाल जायसवाल, मिक्की जायसवाल, अनूप निराला, हृदयानंद कमलापुरी, अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, अजय प्रसाद, उदय जायसवाल, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार, सूरज प्रसाद, राजन सेठ, डॉ धर्मचंदलाल अग्रवाल, तस्लीम खान, शमीम खान आदि चैंबर सदस्य उपस्थित थे।

## धर्म-कर्म

## पाल्हे जतपुरा में चल रहे प्रवचन के दौरान बोले जीयर स्वामी

# भागवत कथा सुनने से पापों से मिलती है मुक्ति



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

भागवत कथा सुनने के कारण ही भक्ति के पुत्र ज्ञान तथा वैराग्य ठीक हो गये। श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान की तसाक्षात मुर्ति हैं। इसे सुनने से स्मरण से पापों का नाश होता है। आत्मा तृप्त होती है। दिल दिमाग शांत होता है। उक्त बातें जीयर स्वामी ने पाल्हे जतपुरा में चल रहे प्रवचन के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत के कथा के कारण ही भक्ति के दोनों पुत्र स्वस्थ हो गये.कीर्तन आनंद का विषय होता है। कीर्तन में तन्मयता होनी चाहिए। कीर्तन का बहुत बड़ा महत्व होता है। शास्त्र में भगवान को पूजन करने के लिए अनेक उपाय बताया गया है। एक उपाय है भगवान के सामने नृत्य करना, परंतु आज दुर्भाग्य है कि व्यास की गद्दी पर बैठ करके व्यास गद्दी के नियम के विरूद्ध खड़े होकर नाच रहे हैं। यह भारत की संस्कृति के लिए दुर्भाग्य है। व्यासगद्दी की एक गरिमा होती है। मयार्दा होती है। वेद और शास्त्र के अनुसार जो ऐसा करता है ठीक नहीं है। जो आज के युग में नृत्य करते हैं वो तन्मयता के साथ नहीं बल्कि दिखावा करते हैं जो ठीक नहीं है। भगवान को प्रसन्न करने का दूसरा माध्यम है गीत गाकर। तीसरा वेद, पुराण का पाठ करके भगवान को प्रसन्न किया जाता है। उन्होंने कहा कि नारद महाराज ने भक्ति के पुत्र ज्ञान तथा वैराग्य को निरोग करने के लिए गंगा के पावन तट पर हरिद्वार में सनत कुमार से कथा श्रवण करने लगे। श्रीमद्भागवत कथा की महिमा बताते हुए उन्होंनेकहा कि कोई भी दवा अच्छा होता है तो तत्काल अपना प्रभाव दिखाता है। चाहे वह शास्त्र हो, चाहे वह अपनी संस्कृति हो, चाहे श्रोता हो, चाहे औषधि हो, चाहे संत हो। यह बताया गया है। इन सभी के संसर्ग में जाने के बाद तत्काल हमारे मन में बुद्धि में अपने किसी भी प्रकार के भटकाव पर अफसोस होने लगे, तो सही मायने में आप संत के यहां आये हैं। अफसोस होने लगे कि हमने गलत काम किया है। यह संत के प्रभाव से ही संभव है।

### वन विभाग ने अवैध लकड़ी की जब्त

**डंडाई।** अवैध तरीके से लकड़ी लेकर गढ़वा की ओर जा रही टेंपो को बीच रास्ते में रोक वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा उसे अपने कब्जे में ले लिया गया। लकड़ी के बारे में टेंपो चालक से पूछताछ की गयी। चालक ने टुनु नामक व्यक्ति की लकड़ी होने की बात बताई। घटना मंगलवार अहले सुबह 8:00 बजे की है। वन बीट अधिकारी राजू कुमार ने बताया कि मैं अपने अन्य कर्मियों के साथ अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहा था। इसी बीच डंडाई मेराल मुख्य सड़क स्थित कैरियेजरहि के गांव के पास अवैध तरीके से लकड़ी लेकर गढ़वा की ओर जा रहे एक टेंपो पर नजर पड़ गई। कागजात की जांच पड़ताल होने के बाद जब्त सभी लकड़ियों को टेंपो के साथ छोड़ दिया जाएगा।

# विचार प्रवाह

ज्ञान की बात

**‘सत्य के मार्ग पर चलते हुए कोई दो ही गलती कर सकता है; एक पूरा रास्ता तय न करना और दूसरी इसकी शुरूआत ही न करना’ - अज्ञात**



## झारखंड की राजनीति

***झारखंड*** की राजनीति परवान चढ़ने लगी है। जब से बाबूलाल मरांडी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं,कयासों के बादलों का बरसना जारी है। सभी दल और दलदल आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मगजमारी में जुट गये हैं। नयी उर्जा से लबरेज पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने पार्टी नेताओं, कार्यकताओं को बूथ सशक्तिकरण में जोर शोर से लगने का मंत्र दिया है। अब सवाल उठता है कि बाबूलाल मरांडी में पहले वाली उर्जा बची है या नहीं। यह आने वाला समय बतायेगा। लेकिन सच यही है कि भाजपा मरांडी के माध्यम से वर्तमान सरकार के कामकाज की समीक्षा जनता की अदालत में कराने का मन बना चुकी है। राजनीति पंडितों की बात मानी जाये तो मरांडी वर्तमान सरकार की विफलता को जनता तक पहुंचाने के लिए खाका तैयार कर लिये हैं। अब उसी के माध्यम से वह लोकसभा चुनाव की वैतरणी पार करना चाहते हैं। ऐसा दृष्य स्नेह मिलन समारोह में देखने को मिला। मरांडी ने मौके पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन पर जो भरोसा दिखाया है, उस पर वे सबों के सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पार्टी संगठन के कार्यों को सबों के सहयोग से पूरा करेंगे। अब हमारा पहला लक्ष्य है कि बूथ कमिटी के बचे हुए कार्यों को पूर्ण करें। बूथ जीतेंगे तो लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी जीतेंगे। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यकताओं से आग्रह करते कहा कि अत्याचार के खिलाफ वे हर प्रयास करें। इसकी पूरी छूट प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वे उन्हें दे रहे हैं। इसका खासा असर दिखने लगा है। राज्य की भाजपा हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोल आक्रामक होती दिखाई पड़ रही है। यही कारण है कि उसे अपना खोया जनाधार पाने की उम्मीद बढ़ती दिखने लगी है। यही कारण है कि अपने- अपने क्षेत्रों में महाजन संपर्क अभियान की शुरूआत होती दिखलाई पड़ने लगी है। वह लोगों को यह बतला रही है कि देश में पहली बार द्रौपदी मुर्मू के रूप में पहली महिला आदिवासी महिला का चयन उसी ने किया है। केंद्र सरकार में 8 से अधिक आदिवासी मंत्री हैं। सब भाजपा की देन है। भाजपा का विजन गरीब, किसान, युवा, दलित, महिला, बुजुर्गों को आगे लाने का है। इस प्रचार माध्यम का असर दिखने लगा है। दूसरी तरफ विपक्ष की ओर से कोई सार्थक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा के पलटवार विपक्ष को भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। कारण भाजपा आने वाले दिनों में मरांडी के माध्यम से और आक्रामक होगी। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि सरकार के कामों को जिस तरह से जनता के पास पहुंचाना चाहिए,वह नहीं पहुंच रहा है। इसके लिए सरकारी महकमें के साथ राज्य की विपक्षी दल कम दोषी नहीं हैं। बीजेपी के इस अभियान को हल्के में लेकर जेएमएम के साथ की पार्टियां एक बड़ी गलती दोहराने की तैयारी कर रही हैं। इस स्थिति में समय जाया न करते हुए राज्य की विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ जनता की अदालत में जाकर सरकार के कार्यों को बताये। तभी जाकर उसे जनता स्वीकार करेगी,अन्यथा परिणाम सामने है।

**राजनीति पंडितों की बात मानी जाये तो मरांडी वर्तमान सरकार की विफलता को जनता तक पहुंचाने के लिए खाका तैयार कर लिये हैं। अब उसी के माध्यम से वह लोकसभा चुनाव की वैतरणी पार करना चाहते हैं। ऐसा दृष्य स्नेह मिलन समारोह में देखने को मिला।**

## बिखरने की विवशता भोगती विपक्षी एकता





ललित गर्ग

***जब-जब*** विपक्षी दलों की एकता की बात जितनी तीव्रता से हुई, तब-तब वह अधिक बिखरी। विपक्षी दलों की पटना की बैठक से लेकर बैंगलोर बैठक के बीच काफी कुछ बदल चुका है। विपक्षी एकता से पहले ही बिखराव एवं टूटन के स्वर ज्यादा उभरे हैं। भले ही पटना की बैठक में शामिल 16-17 दलों की संख्या बेंगलुरु में 26 हो रही हैं। लेकिन अभी हाल तक जो नेता विपक्षी एकता की पैरवी कर रहे थे या फिर भाजपा से दूरी बनाये थे, उनमें से कुछ पाला बदल चुके हैं। इनमें प्रमुख हैं जीतनराम मांझी और ओमप्रकाश राजभर। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा में विभाजन हो चुका है और विपक्षी एकता के सबसे बड़े पैरोकार नीतीश कुमार अपने दल में टूट की आशंका से ग्रस्त दिखने लगे हैं। आने वाले दिनों में ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि भाजपा भी अपने नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को विस्तार देने के लिए प्रयासरत है। मूल प्रश्न है कि विपक्षी एकता मोदी हटाओ के अलावा क्या कोई सकारात्मक एजेंडा लेकर सामने आ रही है, ऐसा लगता नहीं। समूचे राष्ट्र की जनता विपक्षी एकता की राजनीति को गंभीरता से देख रही है, बिना बुनियादी मुद्दों की चर्चा के ऐसी विपक्षी एकता कोई निर्णायक एवं प्रभावी होगी, इसमें संदेह है। कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी एकदूसरे के विरोध के बावजूद अब यदि एक मंच पर आने को सहमत हुए है तो यह स्पष्टतः सत्ता एवं स्वार्थ की राजनीति है। प्रश्न यह भी है कि क्या अब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस पर अपने तीखे राजनीतिक हमले करने बंद कर देगी? इसी तरह एक प्रश्न यह भी है कि क्या बंगाल में कांग्रेस के नेता ममता बनर्जी के प्रति नरमी बरतने को तैयार होंगे? कांग्रेस को यह पहेली भी सुलझानी होगी कि क्या वह बंगाल में वाम दलों के साथ रहने और केरल में उनके विरोध में खड़े होने की अपनी विचित्र नीति पर चलती रहेगी? वास्तव में ये वे प्रश्न हैं, जो विपक्ष में व्याप्त अंतर्विरोध को ही दर्शाते हैं। हालांकि ये जो नये दल बेंगलुरु में विपक्षी एकता को बल देने के लिए पहुंच रहे हैं, वे मुख्यतः दक्षिण भारत में सीमित असर रखने वाले ही हैं, लेकिन विपक्ष के पास यह दावा करने का अवसर तो होगा ही कि अब उसके साथ कहीं अधिक दल हैं। इसके बाद भी यह कहना कठिन है कि अगले आम चुनाव तक वे सभी एकजुट रह पाएंगे, क्योंकि उनमें से अधिकांश दलों में इसे लेकर मंथन जारी है कि किस पाले में खड़े होने से लाभ होगा। भारतीय राजनीति की नाटकीय परंपरा में विपक्ष की भूमिका अद्भूत एवं महत्वपूर्ण होते हुए लगातार निस्तेज हुई है, इससे लोकतंत्र भी कमजोर हुआ है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानी गयी है, वह राष्ट्रीय मंच पर छाया रहता है। लेकिन हमारा विपक्ष जरूरी जिम्मेदारियों से मुंह फेरते हुए मात्र राजसत्ता का भोग करने के लिये लालायित रहता है। जबकि विपक्ष को तीव्र आलोचना, आन्दोलन एवं विरोध के देश-निर्माण में भागीदारी निभानी चाहिए। विपक्ष निष्काम सेवा में विश्वास रखने वाला होना चाहिए। जैसाकि भगवद्गीता में कहा गया है- हमारा अधिकार सिर्फ अपने कर्म पर है, उसके परिणाम पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। विपक्ष दल कहां कर्म कर रहा है? राजनीतिक दलों ने 2024 के आम चुनावों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हटाने की ठान ली है। विपक्ष में होड़ मची है। क्योंकि एक दशक से विपक्षी नेताओं ने सत्ता-सुख नहीं भोगा है। इक्कीसवीं शताब्दी की भारतीय राजनीति आमूल-चूल बदल चुकी है। अब कोई भी सरकार जनाकांक्षाओं की अनदेखी नहीं कर सकती, फिर सत्ता की लालसा रखने वाला विपक्ष जनाकांक्षाओं की बजाय केवल सत्ता प्राप्ति की आकांक्षा से कैसे सफलता प्राप्त कर सकता है। इस दौर में तटस्थता विपक्ष की सबसे बड़ी योग्यता होनी अपेक्षित है। साथ ही वह भी कि कितने लोगों को साथ लेकर चल सकता है। माई-बाप संस्कृति में रची-बसी देश की जनता नहीं जानती कि राष्ट्र प्रमुख होने का मतलब राष्ट्रीय मंच पर छाये रहना नहीं बल्कि देश के हित के लिए काम करना है। भगवद्गीता में कहा गया है कि सच्चा नेता वह है जो किसी मोह में पड़े बिना अपना काम करता रहे। उसके लिए कुछ भी व्यक्तिगत नहीं होता। लेकिन आज का विपक्ष तो सत्ता-मोह में उलझा है। विपक्षी एकता तभी सार्थक एवं सफल होगी जब उनमें समझ और समझौता की मानसिकता हो। समझौते में शर्तें व दवाब होते हैं जबकि समझ नैसर्गिक होती है। इन्हीं दो स्थितियों में विपक्षी एकता संभव है। बैंगलोर में 26 परस्पर असमान विचारों वाले ग्रुपों के साथ न्यूनतम कार्यक्रमों के समझौते के आधार पर विपक्षी दल एकजूट होने के लिये जुट रहे हैं। हर स्तर पर एक समझौता होता है, नीतिगत और व्यवस्थागत। राजनीति तो चलती ही समझौतों के आधार पर है। जहां भी समझौता नहीं, वहां अशांति और असंतुलन/ बिखराव हो जाते हैं। लेकिन जो एक सोचता है वैसा ही दूसरा सोचे, ऐसा राजनीति में कहां संभव है। समझौते के आधार पर कई बार अधिकारों को लेकर, विचारों को लेकर, नीति को लेकर फर्क आ जाता है, टकराव की स्थिति आ जाती है। समझौता मौलिक नहीं होता, कई तानों-बानों से बनता है। इसमें मिश्रण भी है। माप-तौल भी है। ऊँचाई-नीचाई भी है और प्रायः मजबूरी व दवाब भी सतह पर ही दिखाई देते रहते हैं। लगभग यही स्थिति विपक्षी एकता में बार-बार देखने को मिल रही है। जरूरत है समझौते से ज्यादा समझ को विकसित किया जाये। क्योंकि समझ प्राकृतिक है। समझौता मनुष्य निर्मित है। समझ निर्बाध जनपथ है। समझौता कंटीला मार्ग है, जहां प्रतिक्षण सजग रहना होता है। समझ स्वयं पैदा होती है। समझौता पैदा किया जाता है। पर जहां-कहीं समझ का वरदान प्राप्त नहीं है वहां समझौता ही एकमात्र विकल्प है। प्रजातंत्र में प्रदत्त अधिकारों की परिधि ने समझ की नैसर्गिकता को धुंधला दिया है।

**लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानी गयी है, वह राष्ट्रीय मंच पर छाया रहता है। लेकिन हमारा विपक्ष जरूरी जिम्मेदारियों से मुंह फेरते हुए मात्र राजसत्ता का भोग करने के लिये लालायित रहता है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने अश्वत्थामा की कथा*

***उसी*** समय अर्जुन ने भी ब्रम्हास्त्र चला दिया ऋषि मुनियों के समझाने के बाद अर्जुन ने तो अपना ब्रम्हास्त्र वापस ले लिया लेकिन अश्वत्थामा को ब्रम्हास्त्र वापस लेना नहीं आता था तो उसने ब्रम्हास्त्र अभिमन्यु की विधवा की कोख में पल रहे बच्चे को मारने के लिए चला दिया। उससे उसकी जान चली गयी। उसके बाद भगवान कृष्ण ने उसे श्राप दिया की वो 6000 सालों तक बेसहारा बनकर घूमेगा उसे कोई भोजन नहीं देगा और उसके सर से वो मणि ले ली। सूत्रों से पता चलता है कि अश्वत्थामा की आज भी मध्यप्रदेश के कई जंगलो में होने की और देखे जाने की खबर की पुष्टि की गयी है। वह उत्तराखंड में ही देखे जा चुके है। अश्वत्थामा के होने का पता कुछ ऐसे चलता है कि जंगलों में अश्वत्थामा अपने सर से निकलते हुए खून और दर्द के कारण चिल्लाते है। कहते है कि अश्वत्थामा आज भी मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में उतावली नदी में स्नानकर के शिव मंदिर में पूजा करते है। वहीं पास में एक पहाड़ों के बीच एक तालाब भी है जो कि कभी सूखता नहीं फिर चाहे कितनी भी गर्मी क्यू न हो।

*(समाप्त)*

**आइये सुने कथा आचार्य चाणक्य**

आचार्य चाणक्य को ही कौटिल्य, विष्णु गुप्त और वात्सायन कहते हैं। उनका जीवन बहुत ही कठिन और रहस्यों से भरा हुआ है। आओ जानते हैं उनके जीवन की संक्षिप्त कहानी। मगध के सीमावर्ती नगर में एक साधारण ब्राह्मण आचार्य चणक रहते थे। चणक मगथ के राजा से असंतुष्ण थे। चणक किसी भी तरह महामात्य के पद पर पहुंचकर राज्य को विदेशी आक्रांताओं से बचाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अपने मित्र अमात्य शकटार से मंत्रणा कर धनानंद को उखाड़ फेंकने की योजना बनाई।

*(क्रमशः)*

## सबसे पहले दिल्ली स्मार्ट होती!



ऋतुपर्ण दवे

***देशवासियो*** ने एक सपना देखा था, बल्कि कहें कि दिखाया गया था। एक स्मार्ट सिटी होगी। उसमें सब कुछ स्मार्ट होगा। बहुत बड़ी कार्य योजना प्रस्तुत की गई। 25 जून 2015 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्मार्ट सिटीज मिशन का आगाज किया। यह 100 शहरों के बुनियादी ढांचों में सुधार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देनी की मुहिम थी। यह शहर थे- पोर्टब्लेयर, विशाखापत्तनम, तिरुपति, काकीनाडा, अमरावती, पासीघाट, गुवाहाटी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बिहारशरीफ, पटना, चंडीगढ़, रायपुर, बिलासपुर, नया रायपुर, दीव दादरा और नगर हवेली, सिल्वासा, नई दिल्ली नगर परिषद, पणजी, गांधीनगर, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, दाहोद, करनाल, फरीदाबाद, धर्मशाला, शिमला, श्रीनगर, जम्मू, रांची, मंगलुरु, बेलगावी, शिवमोगा, हुबली धारवाड़, तुमकुरु, दावणगेरे, बेंगलुरु, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, कवरत्ती, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, सतना, उज्जैन, नासिक, थाइन, ग्रेटर मुंबई, अमरावती, सोलापुर, नागपुर, कल्याण-डोम्बीवली, औरंगाबाद, पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, इंफाल, शिलांग, आइजोल, कोहिमा, भुवनेश्वर, राउरकेला, औल्गरेट, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, नामचि, गंगटोक, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, डिंडीगुल, तंजावुरी, तिरुपूर, सलेम, वेल्लोर, कोयंबटूर, मदुरै, खत्म, तूतुकुड़ी, चेन्नई, ग्रेटर हैदराबाद, ग्रेटर वारंगल, करीमनगर, अगरतला, मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, झांसी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, रामपुर और देहरादून। स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिये शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया। मिशन को ऐसा उदाहरण बनाने का लक्ष्य भी रखा गया कि ऐसी सिटी के अन्दर और बाहर की व्यवस्थाओं काअनुसरण हो ताकि नागरिकों की सबसे अहम जरूरतों एवं जीवन में सुधार करने के लिए बड़े से बड़े अवसरों को सृजित किया जा सके। मिशन के लिए 7,20, 0000 करोड़ रुपये की फंडिंग भी की गई। इसमें कृत्रिम बुद्धि के तहत आईसीटी का परिचय, आईटी कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण तो ई-गवर्नेंस के तहत ई-पंचायत, ई-चौपाल इसी तरह बुनियादी ढांचे के तहत अच्छे और साफ पानी की आपूर्ति, सभी के लिए बिजली, उचित स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, शहरी गतिशीलता, पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, आवास जैसी किफायती जीवन स्थितियां और सतत पर्यावरण जैसे जरूरी विषयों को शामिल किया गया। योजना को लागू हुए नौ बरस हो चुके हैं। सपने और हकीकत का अंतर भी साफ झलकने लगा है। हाल की बारिश ने जिस तरह से बड़े से बड़े शहरों की पोल खोलकर रख दी है उससे तो यही लगता है कि इन्फ्रॉस्ट्रक्चर के मामले में हमारी बुनियाद ही बहुत कमजोर है। केवल दिल्ली को ही एक आदर्श के रूप में रखें तो भी डर लगता है। राष्ट्रीय राजधानी का जो मंजर बीते सप्ताह बल्कि पखवाड़े में दिखा तो उसने हर किसी को डरा कर रख दिया। 41 वर्षों में महज 24 घंटों में ही 200 मिलीमीटर बारिश का नया रिकॉर्ड तो बना लेकिन अव्यवस्थाओं की इतनी सारी पोल खुली जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य स्थानों इंडिया गेट के आसपास की सड़कों के मंजर से रूह कांप गई। जगह-जगह जलभराव की वो स्थिति बनी कि न जाने कितने लोग इससे जूझे और कितने घायल हुए, इसका सही आंकड़ा तक नहीं है।

**स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिये शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया।**

स्मार्ट सिटी

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




## भाजपा का बैकवर्ड कार्ड : सवर्णों के नाराजगी का भी खतरा



यशोदा श्रीवास्तव

***बैकवर्ड*** कार्ड के जरिये भाजपा 2024 की जो राजनीतिक बिसात बिछा रही है उससे सवर्णों के नाराजगी का भी खतरा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बैकवर्ड राजनीति के दो चेहरे ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में दाखिल हो गये हैं। इनका खूब महिमा मंडन भी हो रहा है। दोनों की पहचान इनके क्षेत्रों में आया राम गया राम की ही है। ओम प्रकाश राजभर ने जैसा कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय से फोन आया और वे भाजपा में शामिल हो गये। यह अचरज की बात है कि भाजपा की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उसे उस राजभर को पार्टी में वापस बुलाना पड़ा जो मोदी और शाह को वापस गुजरात भेज देने की धमकी देता रहा। सवर्णों के समर्थन से राजनीति के उच्चतम मुकाम पर पहुंची भाजपा खुद की पहचान अब बैकवर्ड पार्टी के रूप बनाना चाह रही है। यही वजह है कि राजनीति में जरा भी असर रखने वाले किसी भी बैकर्वड नेता को भाजपा अंगीकार करने में जरा भी देर नहीं कर रही। वह चाहे राजभर हो या चौहान! ओम प्रकाश राजभर दर असल स्वयं को पूर्वांचल के जिलों में राजभर जातियों के नेता के रूप में प्रस्तुत करते हैं और उनका दावा इन जातियों में अंदर तक पकड़ का है। यह अलग बात है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र से वे बड़ी मुश्किल से जीत पाये थे जबकि राजभर बाहुल्य जनपद बलिया से उनके पुत्र अरविंद राजभर को हार जाना पड़ा था। सपा के साथ आने के पहले ओम प्रकाश राजभर भाजपा के सहयोगी दल थे। ये कैबिनेट मंत्री थे और इनके पुत्र अरबिंद दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री थे। ओम प्रकाश राजभर के भाजपा में जाने की अटकलें पिछले कई महीनों से लगाई जा रही थी। इस बार चर्चा है कि ये योगी मंत्रिमंडल में फिर कैबिनेट मंत्री बनेंगे जबकि इनका एक पुत्र गाजी पुर से लोकसभा का प्रत्याशी होगा और दूसरा राज्य सभा में जायेगा। ओम प्रकाश राजभर की राजनीति दरअसल अलग पूर्वांचल की मांग से शुरू हुआ था। अपनी पार्टी सुभासपा के बैनर तले उन्होंने बड़ा आंदोलन भी किया था। पूर्वांचल के जिला मऊ के निवासी और इसी जिले के घोसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद और केंद्र में मंत्री रहे स्व.कल्पनाथ राय का सपना अलग पूर्वांचल राज्य का था। वे जीवन पर्यन्त पूर्वांचल राज्य के लिए आंदोलन करते रहे। उन्होंने इस मांग को लेकर कई जिलों तक पद यात्राएं भी की थी। कल्पनाथ राय के आंदोलन और पद यात्राओं का उन्हें भारी जन समर्थन मिला। इससे एक बात साफ थी कि पूर्वांचल के लोग अलग पूर्वांचल राज्य के पक्षधर हैं। कल्पनाथ राय की मृत्यु के बाद ओम प्रकाश राजभर ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाया। पूर्वांचल राज्य के आंदोलन के बीच वे राजभर बिरादरी में पैठ बनाने लगे और देखते देखते अपनी बिरादरी के नेता हो गये लेकिन इतने बड़े भी नहीं कि राजभर बिरादरी के लोग इन पर फिदा हो जांय। अब सुभासपा के फिर से भाजपा के साथ जाने पर सवाल यह है कि अब्बास अंसारी का क्या होगा? अब्बास अंसारी मऊ विधानसभा क्षेत्र से ओमप्रकाश राजभर की पार्टी से ही चुनाव जीते हैं। वह अभी जेल में हैं। मऊ सीट से अब्बास अंसारी के पिता मुख्तार अंसारी बसपा से विधायक थे। सपा छोड़ फिर भाजपा में गये दारा सिंह चौहान की भी कहानी कुछ कुछ ऐसे ही है। दारा सिंह चौहान के राजनीतिक पैंतरे बाजी को देखें तो आया राम गया राम की कहानी उन पर भी फिट बैठती है। दारा सिंह मूल रूप से आजमगढ़ के रहने वाले जहां उन्होंने एक डिग्री कॉलेज से छात्र राजनीति की शुरूआत की।

**पूर्वी उत्तर प्रदेश में बैकवर्ड राजनीति के दो चेहरे ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में दाखिल हो गये हैं। इनका खूब महिमा मंडन भी हो रहा है।**

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### नशे की हालात में पत्नी सहित दो बेटियों की निर्मम हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**महोबा।** जिला मुख्यालय अन्तर्गत मुहल्ले समद नगर में सोमवार की देर रात एक व्यक्ति द्वारा नशे की हालत मे पत्नी और दो बेटियों की निर्मम हत्या कर दी गयी । जानकारी अनुसार बेटा पैदा न होने से आये दिन पति पत्नी में विवाद होता था, विगत देर शाम काम से लौटे व्यक्ति ने शराब के नशे में पत्नी व दो बेटियों की पत्थर के वार से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मकान में बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया।

आरोपी के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को शवों को कब्जे में ले लिया। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार समदनगर निवासी देवेंद्र विश्वकर्मा कपड़ों की फेरी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार की शाम वह प्रतिदिन की तरह नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा, जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई।

नशे की हालत में आपा खोये गुस्साए पति ने पत्नी राजकुमारी (35) का सिर पत्थर से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसके साथ ही दो पुत्रियों आरुषि (09) व सोनाक्षी (05) की भी पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मकान के बाहर का ताला लगाकर मौके से फरार हो गया।

### बेकाबू ट्रक की टक्कर से भाई-बहन की मौत

**कानपुर।** बिधनू थाना क्षेत्र में संभुआ गांव के पास मंगलवार को बेकाबू ट्रक की टक्कर से स्कूल जा रहे भाई-बहन की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्रवाई एवं मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करते हुए हाइवे जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सहायक पुलिस आयुक्त घाटपुर दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि बिधनू थाना क्षेत्र के भरोसे पुरवा शंभुआ निवासी राकेश का इकलौता बेटा ऋषभ (05) और बहन कशिश (11) के साथ मंगलवार को साइकिल से स्कूल जा रहा था। ऋषभ आंगनबाड़ी और कशिश पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आठवीं की छात्रा थी। रेलवे ओवरब्रिज से उतरते समय एक बेकाबू ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार दोनों भाई- बहन जमीन पर गिर गए। इस दौरान बेकाबू ट्रक दोनों को रौदते हुए चला गया। हादसे की जानकारी होते ही स्थानीय लोग पुलिस को सूचना दी और दोनों बच्चों को लेकर नजदीकी अस्पताल गए। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर खबर मिलते बदहवास हालत में परिजन पहुंचे। हादसे से आक्रोशित लोगों ने मुआवजे एवं कार्रवाई की मांग लेकर हाईवे जाम कर दिया।

### विदेशी प्रेमिका के आवास के पास मिला चिकित्सक का शव

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता में एक चिकित्सक का शव बरामद हुआ है। खास बात यह है कि वह एक विदेशी से प्यार करते थे और उसी के आवास के पास उनका शव बरामद किया गया है। मंगलवार को कोलकाता पुलिस सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी है। बताया गया है कि प्रगति मैदान थाना इलाके में हाई राइज अपार्टमेंट के पास मंगलवार तड़के डॉक्टर का शव बरामद किया गया है। उनकी पहचान शुभंकर चक्रवर्ती के तौर पर हुई है। डॉक्टर मंगलवार तड़के तीन बजे बहुमंजिली आवास की पांचवीं मंजिल से नीचे गिर गए। सूत्रों के मुताबिक उस आवास में उसकी प्रेमिका रहती थी, जो थाईलैंड की रहने वाली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर डॉक्टर का शव बरामद किया। चक्रवर्ती का घर विधाननगर में है।

### सीएम ने चयनित 1,573 स्वास्थ्य कर्मियों को वितरित किया नियुक्ति पत्र, कहा

# पारदर्शी प्रक्रिया से हो रही भर्ती




**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां लोकभवन में 1537 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट होता था। सरकारी नौकरी निकलती थी तो चाचा और भतीजा झोला लेकर के वसूली पर निकल पड़ते थे। इससे प्रदेश का प्रतिभाशाली नौजवान ठगा रह जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के आयोग या बोर्ड पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता है। आज हम टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए पूरे पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी की भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के नौजवानों के मन में उत्साह है और उनके मन में प्रदेश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना है। योगी ने कहा कि पूर्व की बीमार मानसकिता की सरकार ने उत्तर प्रदेश को बीमारू बना दिया था। हमारी सरकार ने पिछले छह वर्ष के अंदर यूपी को बीमारू राज्य की श्रेणी से उबारकर एक सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर किया है। नीति आयोग के आंकड़े इसके गवाह हैं।

उन्होंने कहा कि नीति आयोग के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2015-2016 में प्रदेश में पौने छह करोड़ लोग यानी 37.68 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे। वहीं हमारी सरकार वर्ष 2019 से 2021 के अंदर ही इसे कम करते हुए 22 फीसदी पर लाने में सफल हुई। आज के समय में यह आंकड़ा मात्र 12 फीसदी पर रह गया है। यह आंकड़ा सभी को आश्चर्य में डालता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में बहुत कम कार्य हुए थे, हमारी सरकार ने उन्हें चिन्हित किया। इसके तहत नीति आयोग द्वारा चयनित आठ आकांक्षात्मक जनपदों के साथ-साथ हमने 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों का भी चयन किया। नीति आयोग द्वारा निर्धारित किए गए पैरामीटर्स शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल विकास एवं रोजगार और आर्थिक असमानता पर कार्य करना शुरू किया। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़ पाया।

19वां नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह कार्यक्रम मिशन रोजगार के साथ-साथ मिशन शक्ति का भी है, क्योंकि इससे प्रदेश की बालिकाएं जुड़ी हुई हैं। यह उन्हें सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार 19 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। इसके तहत लगभग 58000 नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। अगर सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो ऐसे ही पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ सकती है। योगी ने नवनियुक्त एएनएम को बधाई दी और कहा कि पहले की सरकारों में आशा वर्कर और एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों की उपेक्षा की जाती थी। इनकी सेवाओं का मूल्यांकन नहीं हो पाता था। जगह खाली पड़ी रहती थी, कोई भरता नहीं था। हमारी सरकार ने एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के महत्व को समझते हुए इस दिशा में कार्य करना शुरू किया।

### नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को आजीवन कारावास

**मथुरा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जज रामकिशोर यादव ने मंगलवार को नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 80 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। इस मुकदमे की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पाक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना फरह में बीती 18 मई 2023 प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें आरोप लगा था कि 17 मई की शाम करीब तीन बजे के करीब उनका पति महेंद्र सिंह अपनी दस साल की बेटी को लेकर हिंदुस्तान कॉलेज के पास गोवर्धन नाले की झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला। जब बेटी ने घर आकर घटना के बारे में बताया तो उन्होंने फौरन यूपी डॉयल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना के संबंध में जानकारी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना फरह पुलिस ने अभियुक्त पिता महेंद्र सिंह गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# ईडी ने कारोबारी कौस्तव रॉय को किया गिरफ्तार



**एजेंसी। कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता स्थित व्यवसायी और एक लोकप्रिय बंगाल समाचार चैनल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कौस्तव रॉय को वित्तीय गबन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रॉय को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विश?वासपात्र माना जाता है।

सूत्रों ने कहा कि रॉय को सोमवार सुबह कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में साल्ट लेक में केंद्रीय सरकारी कार्यालय (सीजीओ कॉम्प्लेक्स) में ईडी के कार्यालय में बुलाया गया था। हालांकि, लगभग दस बजे तक मैराथन पूछताछ के बाद, वह आखिरकार शाम लगभग 4 बजे केंद्रीय एजेंसी कार्यालय पहुंचे। उन्हें ईडी के अधिकारियों ने देर रात करीब 2 बजे गिरफ्तार कर लिया।

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने अब तक रॉय की गिरफ्तारी पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। उनके व्यवसाय और समाचार चैनल काफी समय से ईडी की जांच के दायरे में थे। पिछले साल अगस्त में ईडी और आयकर विभाग की दो टीमों ने रॉय के आवास और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया था। उस समय मुख्यमंत्री ने केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई को भाजपा और केंद्र सरकार की मीडिया पर लगाम लगाने की चाल बताया था।रॉय पिछले साल मई में विवादों में थे, जब राज्य सरकार ने कल्याण और विकास योजनाओं की योजना और निगरानी के लिए एक समिति बनाई और विवादास्पद पृष्ठभूमि वाले रॉय को समिति का अध्यक्ष बनाया।

# विपक्ष एकता को डराने-धमकाने की केंद्र की कोशिश होगी नाकाम : ललन



**एजेंसी। पटना**

बेंगलुरु में विपक्षी एकता की बैठक शुरू होने से पूर्व तमिलनाडु में एक मंत्री के ठिकानों पर ईडी की हुई छापेमारी के खिलाफ बिहार में सत्ता पक्ष केंद्र पर हमलावर है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने मंगलवार को ट्विट करते हुए लिखा हैकि वह ईडी और सीबीआई के किसी कार्रवाई से नहीं डरते हैं।

जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने भी ट्विट करते हुए केंद्र की मोदी सरकार को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा है देश के 99 प्रतिशत लोगों ने 2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाने का मन बना लिया है और यह हो कर रहेगा।उन्होंने एक बार फिर से भाजपा के वाशिंग मशीन का जिक्र करते हुए कहा कि यहां अरबों रुपये के घोटाला करने वालों को वाशिंग मशीन में डालकर सदाचारी बनाया जा रहा है।

ललन सिंह ने ट्विट कर केंद्र पर हमला करते हुए लिखा है कि ह्यअपने पालतू तोतों के जरिए देशवासियों के हित में विपक्ष की चट्टानी एकता को डराने, धमकाने और तोड़ने की हर कोशिश नाकाम होगी। देश की जनता सब देख रही है कि कैसे अरबों रुपये के घोटाले वाले भ्रष्टाचारियों को भाजपाई वॉशिंग मशीन में डालकर सदाचारी बनाया जा रहा है और विपक्षी नेताओं के विरुद्ध पालतू तोतों का इस्तेमाल कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। देश के 99 फीसदी लोगों ने 2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाने का मन बना लिया है और यह होकर रहेगा।

# ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर : स्मृति ईरानी



**एजेंसी। सुलतानपुर**

केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी मंगलवार को भवानीगढ़ गांव में स्व. राम सुंदर यादव अमृत सरोवर का भूमि पूजन किया। केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से रेड देकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा बेरोजगारों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। भूमि पूजन समारोह में सांसद स्मृति ईरानी ने क्षेत्रीय नागरिकों की जन समस्याओं का भी निस्तारण किया। भूमि पूजन समारोह में उमड़े जन समुदाय के बीच केंद्रीय मंत्री ने पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय राम सुंदर यादव के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की । उन्होंने कहा कि भवानीगढ़ गांव में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है।श्रीमती ईरानी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को उनका हक दिलाने का काम किया है।केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से रेड देकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा बेरोजगारों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। ईरानी ने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों एवं मनरेगा मजदूरों से बातचीत कर उनका हाल जाना।जिसके उपरांत ईरानी ने हलियापुर में आयोजित लोन मेले में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में ऋण वितरण किया । समारोह में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह,उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय पांडे समेत सुल्तानपुर जिला प्रशासन के बड़ी संख्या में अधिकारी गण मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कहा कि 29लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले स्वर्गीय राम सुंदर यादव अमृत सरोवर के तट का सुंदरीकरण कर उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। अमृत सरोवरों की खुदाई जेसीबी से किए जाने के सवाल पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्य जहां पर खुदाई में मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, उसे श्रमदान घोषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में बड़े स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

# मध्य प्रदेश के एक करोड़ 36 लाख लोगों का गरीबी से बाहर आना बड़ी उपलब्धि: शिवराज



**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे-मातरम् के गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक से पहले अपने संबोधन में नीति आयोग से आई अच्छी खबर के लिए मंत्रि-परिषद के साथियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स (राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक) के अनुसार प्रदेश में 15.94 प्रतिशत अर्थात एक करोड़ 36 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, जो मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक करोड़ 36 लाख लोगों को केंद्र और राज्य की योजनाओं से जो लाभ मिला, उसके समग्र प्रभाव का परिणाम है यह उपलब्धि। लोगों के पोषण, रहन-सहन, खानपान में लगातार सकारात्मक बदलाव आया है, जो केंद्र और राज्य सरकार के कार्यक्रमों और योजनाओं के परिणामस्वरूप ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मैनेजमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रभावी भू-अभिलेख प्रबंधन प्रणाली विकसित कर भू-अभिलेख को रियल टाइम में अद्यतन करने के लिए मध्य प्रदेश के 15 जिलों के कलेक्टर्स को भूमि सम्मान प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए राजस्व विभाग, तत्कालीन प्रमुख सचिव राजस्व मनीष रस्तोगी, सभी संबंधित जिला कलेक्टर्स तथा पूरी टीम को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को मध्य प्रदेश के 15 जिलों भोपाल, उमरिया, अनूपपुर, हरदा, खरगोन, अलीराजपुर, गुना, आगर-मालवा, नीमच, टीकमगढ़, उज्जैन, इंदौर, विदिशा, सिंगरौली और सीधी जिले के कलेक्टर्स को सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री ने किया छत्तीसगढ़ी नाटक 'सुराजी गांव' का विमोचन



**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को यहां विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय में दुर्गा प्रसाद पारकर की नाट्य रचना ह्यसुराजी गांवह्य का विमोचन किया। मुख्यमंत्री को पारकर ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ी नाटक राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरूवा घुरूवा, बाड़ी पर आधारित है। उन्होंने इस नाटक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही योजना नरवा, गरूवा घुरूवा, बाड़ी से ग्रामीणों के जीवन में आ रहे बदलाव को रेखांकित किया है। ह्यसुराजी गांवह्य रचना के माध्यम से उनका प्रयास राज्य सरकार की इस कल्याणकारी योजना के विषय में लोगों को जागरूक करना है ताकि लोग इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्गा प्रसाद पारकर को किताब के प्रकाशन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, राजेंद्र निषाद, संतोष निषाद, दानिश्वर कुमार, लोकेश चन्द्राकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**धरोहर** — गुलाबी पत्थर की आभा से दमकेगा विंध्य कॉरिडोर, लोगों को लुभाएगी सुंदरता

# देश-दुनिया को रोमांचित करेगा विंध्य कॉरिडोर

**विंध्यधाम को 24 घंटे मिलेगी निर्बाध बिजली, 11.38 करोड़ से चाक-चौबंद होगी विद्युत व्यवस्था**

**भूमिगत बिछेंगे तार, चार प्रमुख मार्ग पर लगेंगे 400 केवीए के चार ट्रांसफार्मर**



**एजेंसी। मीरजापुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर का निर्माण होने से जगविख्यात विंध्यवासिनी धाम का नव्य-भव्य स्वरूप होगा ही, आकर्षक विद्युत लाइट गुलाबी पत्थर की आभा से दमकते विंध्य कारिडोर की सुंदरता को चार चांद लगाएंगी और विंध्यवासिनी धाम जगमगा उठेगा। वहीं रौशनी से चकाचौंध सांझ बेला में श्रद्धालुओं को रोमांचित करेगी। इसके लिए आकर्षक विद्युत पोल लगाए जाएंगे। खास बात यह है कि विंध्य कॉरिडोर के लिए चार सौ केवीए के चार ट्रांसफार्मर अलग-अलग स्थान पर लगाए जाएंगे। इससे 24 घंटे निर्वाध विद्युत आपूर्ति होगी यानी विंध्यवासिनी धाम बिजली ट्रिपिंग व कटौती की समस्या से मुक्त होगा।

दरअसल, काशी विश्वनाथ की तर्ज पर 331 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन विंध्य कॉरिडोर को चमकाने के लिए 11 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से विद्युत व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कवायद शुरू कर दी गई है। खास बात यह है कि विद्युत व्यवस्था भूमिगत होगी। इससे किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका नहीं होगी। विंध्यवासिनी मंदिर तक पहुंचने के चार प्रमुख मार्ग पुरानी वीआईपी, न्यू वीआईपी, कोतवाली गली व पक्का घाट मार्ग पर भूमिगत विद्युत तार बिछाए जाएंगे। वहीं चार सौ केवीए के दो ट्रांसफार्मर पुरानी वीआईपी मार्ग पर नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास लगेगा और तीसरा ट्रांसफार्मर बंगाली तिराहा पर सामुदायिक केंद्र के पास लगेगा। चौथा ट्रांसफार्मर बरतर तिराहा स्थित पर्यटन निगम के लाज के पास लगेगा। विद्युत विभाग की मानें तो विंध्यधाम में विद्युत व्यवस्था बेहतर होगी। इसके लिए सभी तार बदले जाएंगे। अधिकांश विद्युत तार भूमिगत किए जाएंगे। विद्युत वितरण खंड विंध्याचल मंडल के अधीक्षण अभियंता रामबुझारत ने बताया कि विंध्यवासिनी धाम में 11 करोड़ 38 लाख रुपये से विद्युतीकरण किया जाएगा। इससे विंध्याचल मंदिर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा सके।

### अपराधियों ने व्यवसायी को मारी गोली,बाइक लूटकर फरार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने एक हार्डवेयर व्यवसाई को गोली मारकर पैसा और बाइक लूट लिया है। घायल व्यवसायी का मोतिहारी के निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। घटना सुगौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत भवन के समीप की बतायी जा रही है।जहां सोमवार की देर रात करीब दस बजे व्यवसायी दुकान बंद कर अपने घर लौट रहे थे। घायल व्यवसायी प्रमोद शर्मा(45) ने बताया कि छपवा चौक पर उनका हार्डवेयर का दुकान है। बीते सोमवार की रात करीब दस बजे दुकान बंद कर हम घर जा रहे थे। इसी बीच पहले से घात लगाए अपराधियों ने मुझे घेर लिया और बाइक का चाबी छीनने लगे,जिसका मैंने विरोध किया तो मेरे जांघ में गोली मार दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### रैकेट तोड़ने पर नोवाक जोकोविच पर लगा भारी जुर्माना



**लंदन।** 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच पर कार्लोस अल्काराज के खिलाफ विंबलडन फाइनल के दौरान नेट पोस्ट पर अपना रैकेट तोड़ने के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है। यह घटना रविवार को 20 वर्षीय स्पैनियार्ड के खिलाफ उनकी हार के पांचवें सेट में हुई जब जोकोविच अल्काराज की सर्विस तोड़ने में असफल रहे और बाद में अपना सर्विस गेम हार गए और लकड़ी के नेट पोल में से एक के खिलाफ अपने रैकेट को जोर से मारकर अपनी निराशा व्यक्त की। अंपायर फर्गस मर्फी ने तुरंत जोकोविच को उनके रैकेट-स्मैशिंग उल्लंघन के कारण कोड उल्लंघन के लिए चेतावनी जारी की।

### बृज भूषण सिंह को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को भाजपा के सांसद और भारत के पूर्व कुश्ती प्रमुख बृजभूषण सिंह को देश की प्रमुख महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में अंतरिम जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने सिंह के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को भी अंतरिम जमानत दे दी। आरोपी व्यक्तियों की ओर से पेश होते हुए, वकील राजीव मोहन ने अदालत के समक्ष कहा कि चूंकि आरोप पत्र गिरफ्तारी से पहले है, इसलिए वह जमानत बांड दाखिल कर रहे हैं।

# एशिया कप : भारत-पाक के बीच होगा महा मुकाबला

**एजेंसी। कोलंबो**

भारत ए बहुप्रतीक्षित एसीसी मेन्स इमर्जिंग में पाकिस्तान ए से भिड़ेगा और इस दौरान एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। एशिया कप 2023 क्रिकेट में 'महानतम प्रतिद्वंद्विता' की लौ को फिर से प्रज्वलित कर रहा है। दो क्रिकेट टीमों के बीच यह टकराव प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है क्योंकि वे दोनों देशों की अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं को आमने-सामने होते देखेंगे। भारत भर के प्रशंसक 19 जुलाई दोपहर 2 बजे से विशेष रूप से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सभी लाइव एक्शन देख सकते हैं। इंडिया ए का नेतृत्व होनहार युवाओं के एक समूह द्वारा किया जाएगा जो पहले ही घरेलू मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं। यश ढुल, ध्रुव जुरेल, साई सुदर्शन और




अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद एक स्थायी छाप छोड़ना चाहेंगे और सीनियर राष्ट्रीय टीम में अपना रास्ता बनाना चाहेंगे।

इस मैच में उनका प्रदर्शन उनकी संभावनाएं निर्धारित कर सकता है और भारत की समृद्ध क्रिकेट विरासत में योगदान दे सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता खेल में सबसे तीव्र और ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता में से एक होने के कारण, यह मैच विशेष महत्व रखता है। यह न केवल उभरती प्रतिभाओं को चमकने का मौका देता है, बल्कि 'महानतम प्रतिद्वंद्विता' के शानदार इतिहास में एक और अध्याय जोड़ने का भी अवसर देता है। भारत ए और पाकिस्तान ए के बीच मुकाबला सिर्फ व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में नहीं है बल्कि इस प्रतिद्वंद्विता के ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी है। दोनों टीमें इस साल दो प्रमुख टूर्नामेंटों, अर्थात एशिया कप 2023 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं।

## सात्विक ने सबसे तेज बैडमिंटन 'हिट' का बनाया गिनीज विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी। सोका (जापान)**

भारत के स्टार खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 565 किमी प्रति घंटा की रफ्तार के स्मैश के साथ बैडमिंटन में किसी पुरुष खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 'हिट' का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। हाल में चिराग शेट्टी के साथ मिलकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब जीतने वाले सात्विक ने इसके साथ ही मई 2013 में बनाए मलेशिया के टेन बून हियोंग के 493 किमी प्रति घंटे के एक दशक से भी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सात्विक का स्मैश किसी फॉर्मूला वन कार द्वारा हासिल की गई 372.6 किमी प्रति घंटे की सबसे तेज रफ्तार से भी अधिक तेज था। महिला वर्ग में सबसे तेज बैडमिंटन 'हिट' का रिकॉर्ड मलेशिया की टेन पियर्ली के नाम रहा जिन्होंने 438 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से शॉट लगाया था। जापान की खेल उपकरण निर्माता कंपनी योनेक्स ने विज्ञप्ति में कहा, योनेक्स को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि योनेक्स बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (भारत) और टेन पियर्ली (मलेशिया) ने क्रमशः सबसे तेज पुरुष और महिला बैडमिंटन हिट के साथ नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है।'' विश्व रिकॉर्ड 14 अप्रैल 2023 को बनाया गया था और गिनीज विश्व रिकॉर्ड के आधिकारिक जजों ने उस दिन के गति माप नतीजों के आधार पर इसकी पुष्टि की।

# विशेष गोलकीपिंग शिविर हमारी तैयारियों के लिए वरदान है : श्रीजेश

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ पर होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए टीम की तैयारियों के बारे में खुलकर बात की, जो महत्वपूर्ण हांगझाऊ एशियाई खेलों से पहले टीम के लिए महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं हैं। सितंबर में एशियाई खेल जहां उनकी ओलंपिक योग्यता दांव पर होगी। स्पेन स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ पर अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए, भारत का सामना इंग्लैंड, नीदरलैंड और स्पेन से होगा। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए, भारत एकल राउंड-रॉबिन प्रारूप में चीन, कोरिया, जापान, पाकिस्तान और मलेशिया से भिड़ेगा। श्रीजेश का मानना है कि नीदरलैंड के डेनिस वान डी पोल के साथ नियमित गोलकीपिंग शिविर बड़े आयोजनों से



पहले समस्याओं को दूर करने में वरदान साबित हुआ है। गोलकीपिंग कोच डेनिस 13 जुलाई से 19 जुलाई तक भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ विशेष शिविर का आयोजन कर रहे हैं। इसके बाद वह हांगझाऊ एशियाई खेल 2023 से पहले 7 सितंबर से 14 सितंबर तक एक और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। डेनिस के साथ मिलकर काम करने के बारे में श्रीजेश ने कहा, ह्लडेनिस एक शानदार कोच हैं। उनके अनुभव और क्षमता वाले किसी व्यक्ति के साथ मिलकर काम करना निश्चित रूप से उपयोगी रहा है। हमारे पास आगे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होने वाले हैं और मेरा मानना है कि हमने यहां उनके समय का अच्छा उपयोग किया है, खासकर युवा गोलकीपरों के लिए भी। उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और कोचिंग कौशल ने निश्चित रूप से मदद की है। हमने पीसी डिफेंस, पेनल्टी शूटआउट और सबसे महत्वपूर्ण हमारे फुटवर्क सहित विभिन्न अभ्यासों पर काम किया है।'' उन्होंने कहा, फिलहाल, मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, मेरा तत्काल ध्यान स्पेनिश हॉकी फेडरेशन- अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट पर है, जहां हम जो कुछ भी करना चाहते हैं उसे निष्पादित करना चाहेंगे, हमने शिविर में अभ्यास किया है और हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 एक मंच होगा यह देखने के लिए कि सितंबर में महत्वपूर्ण एशियाई खेलों से पहले हम कहां खड़े हैं।'' हॉकी प्रशंसक भी 16 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी से खुश हैं। चेन्नई ने इससे पहले 2007 में पुरुष हॉकी एशिया कप की मेजबानी की थी, जिसमें भारत ने दक्षिण कोरिया को 7-2 से हराकर ट्रॉफी जीती थी। चेन्नई द्वारा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने और 16 साल बाद राज्य में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर अपने विचार साझा करते हुए गोलकीपर ने कहा, चेन्नई को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करते हुए देखना अच्छा है।

# मैं बाहर जाता हूं तो मुसीबत खड़ी हो जाती है : पृथ्वी शॉ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने कहा है कि उन्होंने अकेले रहना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी वो बाहर निकलते हैं तो लोग उन्हें परेशान करते हैं और एक मुसीबत खड़ी हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्हें भारतीय टीम से बाहर किया गया तो उन्हें निराशा हुई लेकिन उन्होंने आगे बढ़ने का फैसला किया। शॉ का शीर्ष पर पहुंचना आसान था। उन्होंने कप्तान के रूप में अंडर-19 विश्व कप जीता और टेस्ट शतक के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। हालांकि, इस तरह के प्रदर्शनों के बावजूद वह राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की नहीं कर पाए। 2018 में टेस्ट डेब्यू करने के बावजूद उन्होंने पिछले दो वर्षों में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। उनके लिए आईपीएल 2023 भी



निराशाजनक रहा, जहां वह आठ मैचों में 13.25 के औसत से सिर्फ 106 रन बना सके। क्रिकबज से शॉ ने कहा, 'जब मुझे (भारतीय टीम से) बाहर किया गया, तो मुझे इसका कारण पता नहीं चला। कोई कह रहा था कि यह फिटनेस हो सकता है। लेकिन निश्चित रूप से मैं यहां (बेंगलुरु) आया और एनसीए में सभी परीक्षण पास कर लिए। रन बनाए और फिर से टी20 टीम में वापसी की। लेकिन वेस्टइंडीज में दोबारा मौका नहीं मिला। मैं निराश हूं लेकिन बस आगे बढ़ना है।'' उन्होंने कहा कि वह अपने में ही सिमट कर रहना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अपने विचार साझा करने से डरते हैं क्योंकि यह सब सोशल मीडिया पर आ जाता है। शॉ ने कहा, एक व्यक्ति के रूप में, मैं बस अपने आप में रहना पसंद करता हूं। लोग मेरे बारे में बहुत सी बातें कहते हैं। लेकिन जो लोग मुझे जानते हैं, वे ये भी जानते हैं कि मैं कैसा हूं। मेरे पास दोस्त नहीं हैं, मुझे दोस्त बनाना पसंद नहीं है। मैं अपने विचार साझा करने से डरता हूं। किसी न किसी तरह यह सब सोशल मीडिया पर आ जाता है। मेरे बहुत कम दोस्त हैं, कुछ दोस्त हैं, और उनके साथ भी मैं सब कुछ साझा नहीं करता, केवल कुछ चीजें ही साझा करता हूं।

## प्रो लीग : न्यूजीलैंड की जगह लेगा यूएसए



**एजेंसी। स्विट्जरलैंड**

न्यूजीलैंड की महिला टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अगले सीजन में भाग नहीं लेगी। यह हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा खेल के मैदान पर रेलीगेशन से बचने के बावजूद प्रतियोगिता से हटने के निर्णय के बाद आया है। हालांकि, न्यूजीलैंड की हॉकी की शासी निकाय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि टीम 2024 के बाद हॉकी प्रो लीग में फिर से शामिल होने की कोशिश करेगी। इसे हासिल करने के लिए, ब्लैक स्टिक्स को हॉकी नेशंस कप जीतने की आवश्यकता होगी, जो हॉकी प्रो लीग के लिए योग्यता पथ है। न्यूजीलैंड के हटने के परिणामस्वरूप, संयुक्त राज्य अमेरिका, जो हाल ही में संपन्न सीजन में अंतिम स्थान पर रहा था, आगामी सीजन के लिए भाग लेने वाले देशों में अपना स्थान बनाए रखेगा। हॉकी न्यूजीलैंड के सीईओ एंथनी क्रमी ने कहा, ह्लीग में भाग लेने वाले संस्थापक देश के रूप में, यह हमारे लिए एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सही निर्णय है कि हम अपने कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम ओलंपिक खेल के लिए अर्हता प्राप्त करने और तैयारी करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं।

## शकील के शतक से पाक ने श्रीलंका पर बनाई बढ़त

**गॉल।** सऊद शकील के दूसरे टेस्ट शतक की मदद से पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन लंच तक पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की। लंच के समय बाएं हाथ के बल्लेबाज शकील 119 रन बनाकर खेल रहे थे जिससे पाकिस्तान ने वर्षा से प्रभावित पहले सत्र की समाप्ति तक छह विकेट पर 313 रन बना लिए है। पाकिस्तान को एक रन की मामूली बढ़त हासिल है। पिछले साल दिसंबर में टेस्ट पदार्पण करने वाले शकील छह मैच में दो शतक और पांच अर्धशतक जड़ चुके हैं। पाकिस्तान ने कल 101 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद शकील और आगा सलमान (83) ने छठे विकेट के लिए रिकॉर्ड 177 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। यह श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान की ओर से टेस्ट क्रिकेट में छठे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम की घोषणा

## रेमन रीफर की जगह ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर को मिला मौका

**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन**

वेस्टइंडीज ने गुरुवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर को बल्लेबाजी ऑलराउंडर रेमन रीफर की जगह टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के लिए सात एकदिवसीय और छह टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले सिंक्लेयर को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार है। डोमिनिका में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी के अंतर से हार के बाद वेस्टइंडीज ने सिंक्लेयर को रीफर की जगह शामिल करके टीम में एकमात्र बदलाव किया है। रीफर हालांकि चोटिल खिलाड़ी के कवर के रूप में टीम के साथ रहेंगे। सिंक्लेयर इसी साल बांग्लादेश के खिलाफ



तीन मैचों की श्रृंखला में वेस्टइंडीज ए के सबसे सफल गेंदबाज रहे थे। वह जिंबाब्वे में आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भी वेस्टइंडीज की टीम का हिस्सा थे। वेस्टइंडीज की टीम भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही है। पहले टेस्ट के दौरान छाती के संक्रमण से परेशान रहे ऑफ स्पिनर राहकीम कोर्नवाल को टीम में बरकरार रखा गया है। यह देखना होगा कि पहले टेस्ट में स्पिन की अनुकूल पिच के बाद वेस्टइंडीज दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए किस तरह की पिच तैयार करता है। रविचंद्रन अश्विन ने पहले टेस्ट में स्पिन का जादू चलाते हुए मैच में 12 विकेट चटकाए जबकि रविंद्र जडेजा ने पांच विकेट हासिल किए जिससे मैच तीन दिन के भीतर खत्म हो गया।

## अश्विन बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं : अनिल कुंबले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका में खेले गए पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन (12-131) ने 8वीं बार दस विकेट लेने का कारनामा किया और अनिल कुंबले के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा दस विकेट लेने वाले भारतीय बन गए। वह कुंबले के बाद टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। कुंबले ने 35 बार टेस्ट में 5 विकेट लिए हैं, जबकि अश्विन ने 34 बार यह कारनामा किया है। टेस्ट में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिल कुंबले ने अश्विन की तारीफ करते हुए कहा कि वह बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं। कुंबले ने कहा,''यह सिर्फ आपके पास मौजूद कौशल के बारे में नहीं है। यह बल्लेबाज पर दबाव स्थानांतरित करने की क्षमता भी है जिसे आप आर अश्विन का सामना करने वाले प्रत्येक बल्लेबाज में



देख सकते हैं, आप इसे उनकी शारीरिक भाषा में देख सकते हैं।'' कुंबले ने कहा कि घरेलू टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अश्विन ने क्रीज का बेहतरीन इस्तेमाल किया, खासकर जिस तरह से उन्होंने सलामी बल्लेबाज तेगनारायन चंद्रपॉल को आउट किया। उन्होंने कहा, ''उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाज के पास आते हुए क्रीज से बाहर वाइड गेंदबाजी की। एक बार बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सोचा कि गेंदें अंदर आएंगी, तभी अश्विन ने चंद्रपॉल को वह खूबसूरत गेंद फेंकी जो उनके पास से निकल गई और ऑफ स्टंप ले उड़ी।''

एकदिवसीय टूर्नामेंट | श्रृंखला बचाने उतरेगी भारतीय महिला टीम

# बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी। मीरपुर**

रन बनाने के लिए जूझ रही भारतीय बल्लेबाजों को बुधवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए धीमी पिच पर बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। स्पिनरों, विशेषकर लेग स्पिनरों ने अब तक बांगलादेश दौरे के दौरान भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। रविवार को पहले एकदिवसीय में भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर का सामना करने में भी मुश्किलें हुईं और टीम को बांग्लादेश के खिलाफ इस प्रारूप में पहली बार हार का सामना करना पड़ा। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के बाद बांग्लादेश ने पहले एकदिवसीय में भी जीत दर्ज की और अब मेजबान टीम की नजरें श्रृंखला में एतिहासिक जीत करने पर टिकी हैं।

बांग्लादेश को अगले साल महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी भी करनी है और ऐसे में



भारतीय बल्लेबाजों को ऐसी पिचों पर रन बनाने के लिए सामंजस्य बैठाना होगा जहां गेंद बल्ले पर नहीं आती। भारत के लिए मौजूदा दौरा अब तक मुश्किलों से भरा रहा है और टीम बामुश्किल टी20 श्रृंखला जीतने में सफल रही। स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मौजूदा दौरे पर निराश किया है जबकि एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में शेफाली वर्मा की जगह लेने वाली प्रिया पूनिया भी वापसी करते हुए नाकाम रहीं। यस्तिका भाटिया और जेमिमा रोड्रिग्स दोनों को स्ट्राइक रोटेट करने में परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे टीम पर अतिरिक्त दबाव पड़ा। रिचा घोष की गैरमौजूदगी में कोई भी बल्लेबाज फिनिशर की भूमिका नहीं निभा पा रही है और टीम को बाउंड्री जुटाने के लिए जूझना पड़ रहा है। रविवार को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाली अमनजोत कौर के पास बल्ले से भी छाप छोड़ने का मौका है और वह फिनिशर के रूप में विकल्प मुहैया करा सकती हैं। भारत ने श्रृंखला के पहले मैच में 19 वाइड फेंकी जो चिंता का सबब है।

### टीम इस प्रकार है

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यस्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, देविका वैद्य, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, प्रिया पूनिया, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी और स्नेह राणा।

**बांग्लादेश** : निगार सुल्ताना (कप्तान), नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, फरगाना हक, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, लता मंडल, दिशा बिस्वास, मारुफा अख्तर, शर्मिन अख्तर, संजीदा अख्तर, राबिया खान, सुल्ताना खातून, सलमा खातून, फाहिमा खातून और शमीमा सुल्ताना। समयः मैच भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजे शुरू होगा।



# टमाटर ने बदली किस्मत, महाराष्ट्र के किसान ने कमाए 2.4 करोड़ रुपये



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टमाटर की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है और कई शहरों में तो यह 300 रुपये किलो तक पहुंच गया। इसने लोगों की रसोई का बजट बिगाड़कर रख दिया है लेकिन साथ ही कई किसानों की किस्मत भी बदलकर रख दी है। दिल्ली में विगत रविवार को टमाटर की कीमत 178 रुपये किलो थी जो एक जनवरी की तुलना में 700 परसेंट से भी अधिक है। भारी बारिश के कारण टमाटर की सप्लाई में कमी आई है जिससे इसकी कीमत में भारी इजाफा हुआ है। हालत यह है कि सरकार को सब्सिडी पर टमाटर बेचना पड़ रहा है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि अगले कुछ हफ्तों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। लेकिन टमाटर की कीमत में अचानक आई तेजी से कई किसानों की जबरदस्त कमाई हुई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र में पुणे के किसान ईश्वर गायकर टमाटर की खेती से इस साल अब तक 2.4 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा चुके हैं। पिछले साल उन्होंने 15 लाख रुपये कमाए थे। ईश्वर और उनकी पत्नी सोनाली जुनार के करीब स्थित 12 एकड़ जमीन पर टमाटर की खेती करते हैं। उनके खेतों में 60 से 70 मजदूर काम करते हैं। उस इलाके में गायकर दंपति टमाटर के सबसे बड़े सप्लायर हैं। ईश्वर ने कहा कि डेढ़ महीने पहले टमाटर 2.5 रुपये किलो बिक रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। सप्लाई कम है और डिमांड स्ट्रॉन्ग बनी हुई है। 2021 में उन्हें करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ था।

## रत्न-आभूषणों के निर्यात में आ सकती है 10 से 15% की गिरावट : जीजेईपीसी

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा कि अमेरिका और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में मांग घटने के कारण चालू वित्त वर्ष में रत्न तथा आभूषण निर्यात में 10 से 15 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न व आभूषण निर्यात वार्षिक आधार पर 2.48 प्रतिशत बढ़कर 3,00,462.52 करोड़ रुपए (36 अरब डॉलर से अधिक) हो गया। जीजेईपीसी चेयरमैन ने सोमवार शाम एक कार्यक्रम के मौके पर यहां पत्रकारों से कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने 2023-24 में रत्न व आभूषण निर्यात के लिए 42 अरब डॉलर का लक्ष्य दिया है। शाह ने कहा, ह्यह्य रत्न व आभूषणों के प्रमुख बाजार अमेरिका और चीन है और वहां इसकी मांग धीमी हो रही है।

# कोयला पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध : कोयला मंत्रालय

### बिजली संयंत्रों में कोयला स्टॉक 28 बढ़कर 33.46 मिलियन टन तक पहुंचा

### भारतीय रेलवे द्वारा पर्याप्त रेक उपलब्ध करायी जा रही है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश के ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) के लिए कोयला पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। 16 जुलाई 2023 तक, ताप विद्युत संयंत्रों का कोयला स्टॉक 33.46 मिलियन टन (एमटी) था, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 28% अधिक है। खदान के अंत में पिटहेड कोयला स्टॉक, पारगमन में स्टॉक और टीपीपी सहित सभी स्थानों पर कोयले की उपलब्धता पिछले वर्ष के 76.85 एमटी की तुलना में 103 एमटी है, जो 34% अधिक है। कोयला मंत्रालय सभी केंद्रीय और राज्य की विद्युत उत्पादन कंपनियों के साथ भी निकटता से समन्वय कर रहा है और बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है।

कोयला मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जुलाई, 2023 के दौरान उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में काफी अधिक रहा है। दरअसल, वर्षा के कारण कोयले के उत्पादन पर बहुत ही मामूली असर पड़ा है। यह मानसून ऋतु के लिए खदान-वार अग्रिम योजना के माध्यम से संभव हुआ है। कोयला कंपनियों ने बड़ी खदानों से निर्बाध निकासी के लिए सीमेंटेड सड़कों का निर्माण किया है। मशीनीकृत कोयला हैंडलिंग संयंत्रों के माध्यम से नौ कोयला खदानों से रेलवे साइडिंग तक परिवहन शुरू किया गया है। कोयला कंपनियों ने ऊपरी परतों से कोयला निकालने की भी योजना बनाई है, जिसके फलस्वरूप 1 अप्रैल से 16 जुलाई 2023 तक कोयला उत्पादन 258.57 मिलियन टन (एमटी) रहा है, जबकि पिछले साल यह 236.69 एमटी था।

वहीं, बिजली क्षेत्र को भेजा गया कोयला पिछले साल के 224 एमटी के मुकाबले इस साल 233 एमटी रहा है। वास्तव में, पर्याप्त उपलब्धता के कारण, कोयला कंपनियों ने इस अवधि के दौरान गैर-विनियमित क्षेत्र को भारी अतिरिक्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति की है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि इस वर्ष तापीय विद्युत उत्पादन में वृद्धि केवल 2.04% है, जबकि कोयले के उत्पादन में वृद्धि 9% से अधिक रही है। जहां तक रेलवे रेक की उपलब्धता का सवाल है, रेल मंत्रालय द्वारा सभी सहायक कंपनियों के लिए पर्याप्त रेक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले के स्टॉक की पर्याप्त उपलब्धता का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कोयला, रेल और बिजली मंत्रालय सभी ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निकट समन्वय में काम कर रहे हैं।

कोयला मंत्रालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोयले की अनुपलब्धता के कारण किसी भी बिजली संयंत्र को बंद नहीं किया गया है। जो संयंत्र बंद हुए हैं, वे किन्हीं अन्य कारणों से बंद हुए हैं।

# लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में जबरदस्त इजाफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस हफ्ते की शुरूआत में ही सेंसेक्स अपने ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड पर कारोबार करता दिखा। इरए पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 303.59 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। सोमवार को निवेशकों ने जमकर पैसा लगाया और 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 529 अंकों की बढ़त के साथ 66,589.93 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में, सूचकांक 595.31 अंक या 0.90 फीसदी उछलकर 66,656.21 अंक के अपने इंट्रा-डे शिखर पर पहुंच गया। इस दमदार रैली की बदौलत बीएसई-लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 3,03,59,528.96 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। कोटक सिक्योरिटीज के हेड रिसर्च (रिटेल) श्रीकांत चौहान ने कहा कि 17 जुलाई को बाजार शानदार फॉर्म में दिखा क्योंकि एचडीएफसी बैंक के उम्मीद से बेहतर द1 नतीजों की घोषणा के बाद बैंकिंग शेयरों में तेजी के कारण बेंचमार्क सूचकांक नए शिखर पर पहुंच गए। अब तक जिन कंपनियों के द1 नतीजे घोषित हुए हैं, उन्में से ज्यादातर कंपनियों के नतीजे उम्मीद के मुताबिक ही रहे। इससे ये भी साबित होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय बाजारों में कमजोरी और प्रमुख एशियाई बाजारों में मिश्रित संकेतों के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

# सहारा में फंसा है आपका पैसा 45 दिनों में मिलेगा वापस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सहारा की स्कीम में लोगों की जमापूंजी कमाई फंसी हुई है। सालों के लाखों निवेशकों का पैसा सहारा में फंसा है। अब इन निवेशकों की मदद के लिए केंद्र सरकार ने पोर्टल जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सहारा के 10 करोड़ निवेशकों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सीआरसीएल-सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सहारा रिफंड पोर्टल को लॉन्च कर दिया। सहारा के करोडों निवेशक अब इस पोर्टल के जरिए घर बैठे अपना पैसा वापस पा सकेंगे। लंबे इंतजार के बाद उन्हें अपना पैसा वापस मिल सकेगा। जानिए कैसे आप इस पोर्टल के जरिए आवेदन कर सहारा में फंसे पैसे वापस पा सकते हैं? कैसे आवेदन करें, कहां आवेदन करें, किन दस्तावेजों की होगी जरूरत और कितने दिनों में आपको रिफंड मिल जाएगा? सहारा का रिफंड पाने के लिए आपको सबसे पहले उफ्ळर सहारा रिफंड पोर्टल' पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके साथ ही जरूरी है कि आपका मोबाइल फोन आपके आधार से लिंक हो। अगर आपने अपना मोबाइल फोन बदला है तो नए नंबर को आधार से लिंक कर लें। इसके साथ ही जरूरी है कि आपका आधार नंबर आपके बैंक अकाउंट से भी लिंक हो। अगर आपके पास सारे कागज हैं तो आप इस पोर्टल पर जाकर अपनी रसीद अपलोड करके रिफंड पा सकते हैं।




# ट्रक-ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी को रक्षा मंत्रालय ने दिया 800 करोड़ का काम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार में कई कंपनियों ने निवेशकों को काफी कम समय में करोड़पति बना दिया है। इन शेयरों ने निवेशकों को बेहद शानदार रिटर्न दिया है। ऐसा ही एक शेयर ट्रक और ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड का है। अशोक लेलैंड ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। अब इसके शेयरों में और तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डिफेंस मिनिस्ट्री ने अशोक लेलैंड को करीब 800 करोड़ रुपये का काम सौंपा है। इस खबर के सामने आने के बाद शेयरों में तेजी देखने को मिली थी। निवेशकों की खरीदारी के बीच शेयर के भाव 173 रुपये तक पहुंच गए थे। हालांकि अभी शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है। अभी यह शेयर 172.25 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एक्सपट्र्स के मुताबिक, तकनीकी चार्ट पर भी शेयर काफी मजबूत दिखाई दे रहे हैं। अशोक लेलैंड के शेयरों में बंपर उछाल आ सकता है। शेयर में अच्छा वॉल्यूम देखा जा रहा है। अब कंपनी को जिस तरह से बड़ा ऑर्डर मिला है। इससे कंपनी का प्रॉफिट बढ़ेगा। इसका फायदा निवेशकों को मिल सकता है। हालांकि आप किसी भी शेयर में निवेश करने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# विदेश

## महिला ने 3000 फोन कर पुलिस को परेशान किया

**टोक्यो।** जापान की पुलिस ने 51 साल की महिला हिरोको हतागामी को करीब 3 हजार फेक एमरजेंसी कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह महिला पुलिस, अस्पताल, फायर ब्रिगेड को तीन साल से फर्जी फोन कर रही थी। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह अकेली और बेरोजगार है और वह चाहती थी कि कोई उसकी बात सुने और उस पर ध्यान दे। दरअसल, हिरोको हतागामी जापान की राजधानी टोक्यो के नजदीक मात्सडो शहर में बेरोजगारी भरा जीवन काट रही थी। ऐसे में वह अपने घर, पड़ोस और मार्केट की लोकेशन भेजकर फर्जी इमरजेंसी कॉल किया करती। द मेनिची अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, हतागामी ने अगस्त 2020 और मई 2023 के बीच बार-बार फर्जी कॉल कर मात्सुडो फायर डिपार्टमेंट से एम्बुलेंस भेजने के लिए कहा। लेकिन जैसे ही एम्बुलेंस उसके पास पहुंचती वह मेडिकल हेल्प लेने से मना कर देती।

### पुतिन अचानक समझौते से हटे पीछे

# पूरी दुनिया पर पड़ सकता है असर

**एजेंसी। इंस्ताबुल**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जो फैसला लिया है, उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। यूक्रेन ब्लैक सी यानी काला सागर के जरिए अनाज का सुरक्षित निर्यात कर रहा था लेकिन रूस अब इस समझौते से पीछे हट गया है। रूस के पीछे हटने से यह समझौता अब खत्म हो गया है। रूस ने संयुक्त राष्ट्र, तुर्की और यूक्रेन को बताया है कि वो इस समझौते को आगे नहीं बढ़ायेगा। रूस ने पश्चिमी देशों पर अपने हिस्से की ज़िम्मेदारी ना निभाने के आरोप लगाये हैं। रूस के इस फैसले की वैश्विक नेताओं ने ये कहते हुए आलोचना की है कि इससे दुनिया के सबसे गरीब देश प्रभावित होंगे। रूस ने कहा है कि अगर उसकी शर्तों का पालन किया जाता है तो वो फिर से समझौते में शामिल हो जाएगा। ये समझौता इंस्ताबुल के समयानुसार मंगलवार रात 12 बजे समाप्त हो जाएगा। इस समझौते के बाद मालवाहक जहाज काले सागर पर बसे बंदरगाहों ओडेसा, कोनोमोर्स्क और युज्नी/पिव्डेन्यी से गुजर रहे थे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लंबे समय से ये शिकायत करते रहे थे कि रूस को अपने खाद्य पदार्थ और फर्टीलाइजर निर्यात करने की अनुमति देने वाले समझौते के हिस्सों का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने खासतौर पर कहा है कि, इस समझौते की शर्त थी कि गरीब देशों को अनाज दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रूस ने बार-बार ये शिकायत भी की है कि पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से वो अपने कृषि उत्पादों को निर्यात नहीं कर पा रहा है। पुतिन ने कई बार इस समझौते को तोड़ने की धमकी भी दी थी। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को अपनी इन शिकायतों को फिर से दोहराते हुए कहा कि पश्चिमी देशों ने खुलेआम हमला किया है और अपने व्यावसायिक हितों को मानवीय उद्देश्यों से ऊपर रखा है।




## अमेरिका का सबसे बड़ा सांपों का बैंक भारत से मंगवाना चाहता है घड़ियाल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एरिजोना स्थित सबसे बड़े सरीसृप बैंक ने दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु से छह घड़ियाल और इतनी ही संख्या में मगरमच्छ मंगाने के लिए संघीय सरकार को आवेदन दिया है। उसका तर्क है कि इससे इन लुप्तप्राय प्रजातियों को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। लुप्तप्राय प्रजाति अधिनियम (ईएसए) के तहत सोमवार को जारी एक संघीय अधिसूचना के अनुसार, फीनिक्स हर्पेटोलॉजिकल सोसाइटी ने अमेरिकी मत्स्य एवं वन्यजीव सेवा को इस संबंध में अनुमति के लिए आवेदन किया है। संघीय सरकार ने इस संबंध में सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। संघीय अधिसूचना के अनुसार, फीनिक्स हर्पेटोलॉजिकल सोसाइटी ने तीन नर और तीन मादा घड़ियाल (गेवियलिस गैंगेटिकस) और तीन नर और तीन मादा मगरमच्छ (क्रोकोडायलस पलुस्ट्रिस किम्बुला और क्रोकोडायलस पलुस्ट्रिस पलुस्ट्रिस) के, तमिलनाडु में मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट से आयात की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया है।

### यूएस ने इस्लामाबाद के आरोपों का दिया जवाब-

# पाकिस्तान में आतंकी कृत्यों में शामिल नहीं अफगान शरणार्थी



**एजेंसी। वाशिंगटन**

इस्लामाबाद द्वारा अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाए जाने के बाद व्हाइट हाउस ने कहा है कि पाकिस्तान में रह रहे या अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा पर रह रहे अफगान शरणार्थियों के आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने यह बात कही। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दो दिन पहले कहा था कि देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों के बीच अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान में बसने की अनुमति देना एक गंभीर गलती थी। आसिफ ने कहा था, मौजूदा स्थिति ने अफगान शरणार्थियों को प्रदान की गई सुविधाओं के संबंध में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि अफगान शरणार्थियों को आश्रय और सुविधाएं देने के परिणाम पाकिस्तान को भुगतने पड़े हैं। उन्होंने अफगान नागरिकों पर आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया। किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान में या अफगानिस्तान से लगने वाली उसकी सीमा पर रह रहे अफगान शरणार्थियों के आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के हमें कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।" उन्होंने कहा कि इतनी अधिक संख्या में अफगान नागरिकों की मदद करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान की सराहना करता है और हम आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करना जारी रखेंगे। किर्बी ने एक सवाल के जवाब में कहा, मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है।

### वार्ता | भारत-श्रीलंका नौका सेवाओं की बहाली के लिए की बातचीत

# द्विपक्षीय संपर्क से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**एजेंसी। कोलंबो**

भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संपर्क मजबूत करने के मकसद से स्थापित एक संयुक्त आयोग ने क्षेत्रीय व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने तथा लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच नौका सेवाएं बहाल करने पर सार्थक वार्ता" की है। समुद्र के रास्ते यात्रियों के आवागमन संबंधी समझौता पत्र के तहत स्थापित भारत-श्रीलंका संयुक्त समिति ने पिछले सप्ताह डिजिटल माध्यम से एक बैठक की। यहां भारतीय उच्चायोग ने विगत सोमवार को जारी एक बयान में कहा, सार्थक बातचीत में दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से सहमत बिंदुओं को जोड़ने वाली नौका सेवाओं को बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।" इसमें बताया गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि नौका सेवाओं की बहाली से क्षेत्रीय व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों से बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे इस सप्ताह के अंत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। इस बैठक में भारत का नेतृत्व बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव राजेश कुमार सिन्हा और श्रीलंका का नेतृत्व श्रीलंकाई सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और विमानन मंत्रालय के सचिव के डीएस रुवनचंद्रा ने किया। बयान में बताया गया कि संयुक्त समिति ने निकट भविष्य में नौका सेवाओं के संचालन के मकसद से आपसी सहयोग के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की और आपसी समझ के आधार पर आगे कदम उठाने की इच्छा जताई। भारत और श्रीलंका सरकार ने समुद्री मार्ग से यात्री परिवहन पर द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार संयुक्त समिति का हाल में पुनर्गठन किया था। इस समझौता पत्र पर 2011 में हस्ताक्षर किए गए थे। नौका सेवाएं 80 के दशक में निलंबित कर दी गई थीं। दोनों देशों के बीच नौका सेवा अप्रैल में शुरू होनी थी, लेकिन भारत ने नौका सेवा के लिए चुने गए बंदरगाह को बदल दिया, जिसके कारण इसमें विलंब हो गया।

## टीटीपी को पड़ोसी देश में पनाह मिलना आतंकी हमलों की वजह : पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारियों ने सोमवार को तालिबान शासित अफगानिस्तान का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि एक पड़ोसी देश' में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को उपलब्ध पनाहगाह और आधुनिकतम हथियार हाल में आतंकवादी हमले बढ़ने के पीछे एक कारण है। सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की अध्यक्षता में 258वें कोर कमांडर सम्मेलन में सेना के शीर्ष अधिकारियों ने पाकिस्तान की जनता की भलाई के लिए हरसंभव तकनीकी और प्रबंधन सहायता प्रदान कर आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सरकार की रणनीतिक पहलों को पूरी तरह समर्थन का संकल्प व्यक्त किया। सेना ने एक बयान में कहा, एक पड़ोसी देश में प्रतिबंधित संगठन टीटीपी और उसी किस्म के अन्य समूहों के आतंकवादियों को उपलब्ध पनाहगाह तथा आधुनिकतम हथियारों की उपलब्धता को पाकिस्तान की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण में गिना गया है।'

### अमेरिकी राजदूत जलवायु मुद्दों पर चर्चा करने पहुंचे चीन

# पर्यवेक्षक बोले- ठोस प्रगति की उम्मीद नहीं



**एजेंसी। बीजिंग**

अमेरिका के राजदूत जॉन केरी चीन के साथ जलवायु मुद्दों पर चर्चा शुरू करने के लिए बीजिंग पहुंचे। ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि चीनी पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि वार्ता से बहुत कम ठोस प्रगति होगी। केरी रविवार को बीजिंग पहुंचे । पर्यवेक्षकों ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को नियंत्रणीय स्थिति में ले जाने और मार्ग प्रशस्त करने के लिए हाल के महीनों में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा की गई उच्च स्तरीय यात्राओं के कारण जलवायु वार्ता को सफल होने देना मुश्किल है। ग्लोबल टाइम्स ने अमेरिकी मीडिया के हवाले से बताया कि गुरुवार को कैपिटल हिल में सांसदों से बात करते हुए केरी ने कहा कि उन्हें मीथेन उत्सर्जन को कम करने, कोयले से दूर जाने, वनों की कटाई से निपटने और संयुक्त रूप से नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तैनाती बढ़ाने पर चीन के साथ बातचीत में प्रगति की उम्मीद है। ग्लोबल टाइम्स एक चीनी दैनिक है जो चीन से संबंधित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर रिपोर्टिंग करता है। केरी ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की एक उपसमिति को बताया, अब हम जो हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं वह वास्तव में कुछ स्थिरता स्थापित करना है। उन्होंने कहा, मैं कोई रियायत नहीं देने जा रहा हूं। केरी की यात्रा और दोनों देशों की प्रत्याशित जलवायु वार्ता तब हो रही है जब एक गर्म ग्रह रिकॉर्ड गर्मी, बाढ़, तूफान और जंगल की आग के तनाव के कारण चिंता बढ़ा रहा है। बीजिंग स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंड एनवायर्नमेंटल अफेयर्स के निदेशक मा जून ने कहा कि दुनिया की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या दुनिया के दो उत्सर्जक चीन और अमेरिका के बीच जलवायु वार्ता से अधिक बार होने वाली जलवायु आपदाओं को हल करने में मदद मिल सकती है। , ग्लोबल टाइम्स को बताया।हालाँकि चीन ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि कौन सा चीनी अधिकारी केरी के साथ बातचीत में शामिल होगा, विदेशी मीडिया ने बताया कि यह जलवायु परिवर्तन के लिए चीन के विशेष दूत झी झेनहुआ होंगे। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मा ने कहा कि जी और केरी दोनों जलवायु परिवर्तन के समाधान पर जोर देने और लगातार आदान-प्रदान करने में गहराई से शामिल हैं, इसलिए उनकी मुलाकात से गहरा और स्पष्ट संचार होने की उम्मीद है। पर्यवेक्षक व्यापक रूप से निराशावादी थे कि केरी की यात्रा से दोनों देशों के बीच जलवायु परिवर्तन सहयोग के लिए कोई ठोस परिणाम निकलेगा, और उन्होंने भविष्यवाणी की कि दोनों के बीच जलवायु चर्चा 2021 में जहां थी।




# विपक्ष की बैठक पर पीएम मोदी ने कहा, 'भ्रष्ट पार्टियों का गठबंधन'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बेंगलुरु में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वंशवाद को बढ़ावा देने वाला और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाला भ्रष्ट पार्टियों का गठबंधन करार दिया। मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन करते हुए कहा, आज जो सभा हो रही है, वह केवल एक ही गारंटी दे सकती है, 20 लाख करोड़ रुपये के घोटालों की गारंटी। उन्होंने विपक्षी दलों की बैठक को 'कट्टर भ्रष्टाचार सम्मेलन' बताया और कहा कि वे वैसे नहीं हैं जैसे वे बाहर से दिखते हैं। पीएम मोदी ने टिप्पणी की कि देश के लोग कहते हैं कि यह 'कट्टर भ्रष्टाचार सम्मेलन' है। इस बैठक की एक और खासियत यह है कि अगर कोई करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार में जमानत पर बाहर है, तो उन्हें बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता है। अगर पूरा परिवार जमानत पर बाहर हैं, तो वे अधिक सम्मानित हैं, अगर कोई किसी समुदाय का अपमान करता है और अदालत उसे सजा देती है, तो वह सम्मानित होता है। ''पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तमिलनाडु सरकारों पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा शराब घोटाले और पेपर लीक जैसी कई अनियमितताओं के बावजूद, ये दल एक-दूसरे के अपराधों को कवर करते हैं और जब ईडी जैसी एजेंसियां उनकी जांच शुरू करती हैं, तो समान विचारधारा वाली पार्टियों के उनके सभी दोस्त उनका बचाव करने के लिए दौड़ पड़ते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हाल के पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसा में कांग्रेस और वामपंथी जैसी पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को खो दिया, फिर भी उन्होंने अपने स्वयं के स्वयंसेवकों की मदद की गुहार पर ध्यान नहीं दिया, क्योंकि उन्हें अपनी राजनीतिक की अधिक चिंता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी विपक्षी दल, जो आज एक साथ आए हैं, उन्हें देश के विकास या युवाओं के कल्याण की चिंता नहीं है, बल्कि वे केवल अपने परिवार के हितों को आगे बढ़ाने के बारे में चिंतित हैं। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, लोकतंत्र में, आदर्श वाक्य 'लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए' है। लेकिन इन वंशवाद-संचालित पार्टियों के लिए आदर्श वाक्य 'परिवार के लिए, परिवार द्वारा और परिवार के लिए' है। उनके लिए 'परिवार पहले और राष्ट्र कुछ भी नहीं है।'' पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि छोटे द्वीप देशों ने अपने लिए विकास का रास्ता चुना है और इसी तरह उन्हें विश्वास है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भी नए बुनियादी ढांचे के आने से विकास की ओर आगे बढ़ेंगे।

# अर्जेंटीना से संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग पर बनी सहमति

## अर्जेंटीना 8675 करोड़ रुपये से खरीदेगा स्वदेशी तेजस मार्क-1 ए

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चार दिनों की भारत यात्रा पर आये अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज एनरिक तायाना के साथ मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग को और ज्यादा मजबूत करने पर व्यावहारिक विचार-विमर्श किया। इससे पहले तायाना ने आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। तायाना चार दिनों की भारत यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने आज दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बातचीत की। अर्जेंटीनियाई रक्षा मंत्री के इस दौरे में भारत के साथ चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए और एलसीएच प्रचंड के लिए 8675 करोड़ रुपये का सौदा होने की भी संभावना है। इसीलिए यात्रा के दौरान उनका बेंगलुरु जाने का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फर्नांडीज ने 24 जून, 2022 को जर्मनी के म्यूनिख में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की थी। इसके बाद अर्जेंटीना ने 2022 में अपनी वायु सेना के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में रुचि व्यक्त की थी।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति 21 जुलाई को आएंगे भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। वर्तमान जिम्मेदारियां संभालने के बाद से यह राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की पहली भारत यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। वे प्रधान मंत्री और अन्य भारतीय गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन सागर में एक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। यह यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती को मजबूत करेगी और सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के रास्ते तलाशेगी।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 9 राज्य सचिवों व 68 जिला कलेक्टरों को भूमि सम्मान प्रदान किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में भूमि सम्मान 2023 प्रदान किए। यह पुरस्कार उन नौ राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीमों के साथ प्राप्त हुए, जिन्होंने डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम के मुख्य घटकों की संतृप्ति हासिल करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण विकास में तेजी लाना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक बुनियादी आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश ग्रामीण आबादी की आजीविका भूमि संसाधनों पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक एकीकृत भूमि प्रबंधन प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ती है। भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण से देश के विकास पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ इसके जुड़ाव से कल्याणकारी योजनाओं के उचित कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। बाढ़ और आग जैसी आपदाओं के कारण दस्तावेजों के नुकसान की स्थिति में भी यह बहुत मददगार होगा। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि डिजिटल इंडिया भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली के तहत, एक विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है, जो आधार कार्ड की तरह उपयोगी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह संख्या भूमि के समुचित उपयोग के साथ-साथ नई कल्याणकारी योजनाओं को बनाने और लागू करने में मदद करेगी।

# बीआरएस को झटका, वरिष्ठ नेता होंगे कांग्रेस में शामिल

**एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एक और झटका तब लगा जब वरिष्ठ नेता और ग्रेटर हैदराबाद के पूर्व मेयर तेगला कृष्ण रेड्डी ने अपनी बहू अनिता रेड्डी के साथ कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया। कृष्णा रेड्डी और अनिता रेड्डी ने मंगलवार को तेलंगाना के एआईसीसी प्रभारी माणिकराव ठाकरे और राज्य कांग्रेस प्रमुख ए रेवंत रेड्डी के साथ एक गुप्त बैठक की। दोनों बीआरएस नेताओं के जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव, खम्मम के पूर्व सांसद पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और 33 अन्य लोगों के सत्तारूढ़ पार्टी छोड़ने और पिछले महीने कांग्रेस में शामिल होने के बाद यह बीआरएस के लिए दूसरा झटका होगा। माना जाता है कि कृष्णा रेड्डी ने यह फैसला आगामी विधानसभा चुनाव में महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने की संभावना के चलते लिया है। पूर्व विधायक नाखुश हैं क्योंकि मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने कथित तौर पर शिक्षा मंत्री पी.सबिता इंद्रा रेड्डी को महेश्वरम से बीआरएस टिकट देने का फैसला किया है। उन्होंने 2018 के चुनाव में कृष्णा रेड्डी के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

# ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सेंथिल बालाजी

## मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को दी चुनौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**



तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने नौकरियों के लिए कथित नकदी घोटाले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा तब खटखटाया है जब मद्रास हाईकोर्ट ने उन्हें हिरासत में लेने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखा था। शुक्रवार को न्यायमूर्ति सीवी कार्तिकेयन की पीठ ने फैसला सुनाया था कि केंद्रीय एजेंसी को द्रमुक नेता को गिरफ्तार करने का अधिकार है। पीठ ने फैसले में कहा था कि अगर एजेंसी गिरफ्तार कर सकती है तो हिरासत की मांग भी कर सकती है। ोंथिल बालाजी की पत्नी ने मद्रास हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर सेंथिल बालाजी की ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी। हालांकि, मद्रास हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए सेंथिल बालाजी को ईडी की न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया था। 4 जुलाई को दिए गए फैसले में न्यायमूर्ति जे. निशा बानू ने मंत्री की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया और उन्हें तत्काल प्रभाव से रिहा करने का आदेश दिया, जबकि न्यायमूर्ति डी. भरत चक्रवर्ती ने उनकी 'अवैध' हिरासत के सवाल पर असहमति जताई। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तत्कालीन अन्नाद्रमुक सरकार में 2011 से 2016 तक परिवहन मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर हुए नौकरी के बदले नकदी घोटाले के सिलसिले में सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 को पीएम प्रणाम योजना की करेंगे शुरूआत

**एजेंसी। सीकर**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जुलाई को सीकर आएंगे। प्रधानमंत्री यहां जिला स्टेडियम में किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी करेंगे। वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत भी करेंगे। पिछले 9 वर्षों में सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के अथक प्रयास से यहां पर किसानों के लिए रेलवे, मेडिकल कॉलेज, सड़कों सहित अन्य विकास के कार्य करवाए हैं, उसको देखते हुए प्रधानमंत्री का यहां पर दौरा प्रस्तावित किया गया है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने एक सवाल में बताया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाले अन्य राजनीतिक दलों का प्रभाव एक राज्य से दूसरे राज्य में नहीं है। इन दलों के नेताओं को उनके भ्रष्टाचार के कारण जेल भेजा जा रहा है, इससे बचने के लिए ये गठबंधन बना रहे हैं। पत्रकार वार्ता के बाद केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री ने जिला स्टेडियम का दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।




# बहुत अच्छे अभिनेता व निर्देशक हैं मेरे पिता : आलिया भट्ट



**अभिनेत्री** आलिया भट्ट ने अपने पिता महेश भट्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक बहुत अच्छे अभिनेता, निर्देशक और सबसे अच्छे पिता हैं। आलिया ने यह बात अपनी आगामी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने 'वे कमलेया' के लॉन्च के दौरान कही। मंगलवार को नई दिल्ली में उनकी आगामी रोमांटिक ड्रामा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने 'वे कमलेया' के लॉन्च के दौरान आलिया से उनके पिता के बारे में पूछे जाने पर अभिनेत्री ने कहा कि मेरे पिता एक बहुत अच्छे अभिनेता हैं, एक गायक और अच्छे निर्देशक हैं लेकिन वह सबसे अच्छे पिता हैं। साथ ही कहा, करण जौहर वास्तव में एक बहुत ही मनोरंजक अभिनेता हैं, वह सेट पर हर किसी की भूमिका निभाते हैं। आलिया ने कहा, करण जौहर सबके स्टाइल में एक्टिंग करते हुए पूरा सीन पहले खुद दिखाते थे। हम उन्हें देखते थे और खूब एन्जॉय करते थे। यह रोज देखना बहुत ही मनोरंजक था।

# पंकज त्रिपाठी ने 'ऊंची ऊंची वादी' भजन गाया तो चले आए 'महादेव'



**अक्षय कुमार** और पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'ओएमजी 2' के निमार्ताओं ने 'ऊंची ऊंची वादी' भक्ति ट्रैक रिलीज किया है। यह गाना स्कूल जाने वाले एक बच्चे के पिता के इर्द-गिर्द घूमता है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे भगवान शिव उनके बचाव में आते हैं। 'ऊंची ऊंची वादी' भक्ति ट्रैक के बारे में मीडिया से बात करते हुए पंकज त्रिपाठी ने कहा कि यह गाना एक आत्मीय भक्ति गीत है। इसे सुनने से परेशान इंसान को आसरा मिलता है। जब भी हम कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं तो हम सभी का मार्गदर्शन चाहते हैं और बेहतर समय के लिए प्रार्थना करते हैं। यह गाना इसकी याद दिलाता है।

# चुनौती

## 25 से अधिक देशों के सुरक्षा तकनीकों के इनोवेटर्स एक्सपो में आयेंगे

# कंपनियां करेंगी नवीनतम उपकरण का प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**




ारत दुनिया के मानचित्र पर नई सुपरपावर के रूप में उभर रहा है। ऐसे में देश की भीतरी सुरक्षा एवं पुलिस इन्फ्रास्ट्रक्चर के समक्ष मौजूद चुनौतियां कई गुना बढ़ गई हैं और जटिल हो गई है। वहीं नए दौर की चुनौतियों साइबर अपराध, डेटा चोरी, नारको टैरर एवं अन्य सीमा पार अपराधों को ध्यान में रखते हुए पुलिसिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा। भारत की भीतरी सुरक्षा एवं पुलिस संरचना को आधुनिक तकनीकों एवं इनोवेशन्स के साथ सक्षम बनाने के प्रयास में एशिया के सबसे बड़े इंटरनल सिक्योरिटी एवं पोलिसिंग प्लेटफॉर्म इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो का आयोजन 26 से 27 जुलाई के बीच नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जा रहा है। यूके, यूएसए, इजरायल, पौलैंड, जर्मनी, स्लोवाकिया, एस्टोनिया, फ्रांस यूएई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, रूस, इटली, दक्षिण कोरिया और स्वीडन सहित 25 देशों से हथियारों, गोला-बारूदों एवं सुरक्षा तकनीकों के इनोवेटर्स इस प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। नेक्सजेन एक्जहीबिशन्स द्वारा आयोजित इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो 2023 के दौरान आग्नेयास्त्रों, ड्रोन, साइबर सिक्योरिटी, डेटा चोरी, मोबाइल फोरेन्सिक एवं अन्य भावी तकनीकों में नेक्स्ट-जैन इनोवेशन्स का प्रदर्शन करने वाले 300 से अधिक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय निमार्ता, निर्यातक, एवं ब्राण्ड्स हिस्सा लेंगे। इन तकनीकों को 7000 से अधिक पुलिस एवं रक्षा कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। भीतरी सुरक्षा को सशक्त बनाने तथा विभिन्न सेक्टरों में ड्रोन्स एवं मानवरहित प्रणालियों की क्षमता का लाभ उठाने के उद्देश्य से नेक्सजैन एक्जहीबिशन्स आठवें इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो के साथ सबसे बड़े ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो 2023 और सातवें इंडियन होमलैंड सिक्योरिटी एक्सपो का आयेजन भी कर रहा है। वहीं इस बार प्रदर्शनी में शामिल होने वाली भारत की अग्रणी कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय निमार्ता एवं वर्ल्ड लीडर्स में शामिल हैं।

# बुलिंग पर काबू पाना मुश्किल है : रसिका दुग्गल



**एक्ट्रेस** रसिका दुग्गल, जिन्हें अपने स्ट्रीमिंग शो 'अधूरा' के लिए काफी वाहवाही मिल रही है, का मानना है कि बुलिंग, जो समाज में एक प्रचलित मुद्दा है, को पहचानना मुश्किल है और जिन लोगों ने इसका अनुभव किया है उनके लिए इस पर काबू पाना कठिन है। 'अधूरा' उपेक्षा की दर्दनाक भावनाओं को दशार्ता है। सीरीज में दिखाई गई भयावहता ने समाज में बुलिंग पर एक बहस को जन्म दिया है। इसकी शुरूआत स्कूल रियूनियन से होती है, जो नैरेटिव की गहरी परतों को उजागर करने में ही विफल हो जाती है। 'अधूरा' में रसिका दुग्गल एक स्कूल काउंसलर का किरदार निभा रही हैं और 10 वर्षीय वेदांत मलिक की मदद करती हैं, जो मुश्किलों से घिरा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बुलिंग की स्थितियों को पहचानना कठिन है और इसलिए उन पर काबू पाना बहुत मुश्किल है। अक्सर जिन लोगों को धमकाया जाता है, वे समस्या को अपने अंदर ही रख लेते हैं। इसलिए इस बारे में बात करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। सीरीज ने उन्हें एक ऐसी हॉरर शैली का हिस्सा बनने का मौका दिया, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं आजमाया था। सीरीज में श्रेणिक अरोड़ा, इश्वाक सिंह, पूजन छाबड़ा, रिजुल रे, जोआ मोरानी, साहिल सलाथिया, अरु कृष्णश वर्मा और जामिनी पाठक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।